RNI : PBHIN/25/A4135



साप्ताहिक

# सत्ता संदेश



सम्पादक : जितेंद्र कुमार

Website : www.sattasandesh.com

YouTube : @sattasandesh25

The Power of Print...

मुझे ऑनस्क्रीन उम्र की परवाह नहीं ....6

वर्ष : 2 | अंक : 5 | 2 फरवरी : 2026 | मूल्य रु. 5.00 /- | पृष्ठ : 8 | Email : sattasandesh25@gmail.com

ईशान के पहले टी20 शतक, अर्शदीप के .....8

# वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पेश किया अपना रिकॉर्ड नौवां बजट

## लोकलुभावन घोषणाओं से परहेज, 'सुधार एक्सप्रेस' के साथ किसानों, युवाओं पर जोर



नई दिल्ली (सत्ता संदेश)- वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को वित्त वर्ष 2026-27 का आम बजट पेश करते हुए लोकलुभावन योजनाओं से परहेज किया और 'सुधार एक्सप्रेस' को जारी रखने की घोषणा की। सीतारमण ने अपना लगातार रिकॉर्ड नौवां बजट पेश करते हुए किसानों, युवाओं और छोटी कंपनियों पर विशेष ध्यान देने के साथ अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए बुनियादी ढांचे पर जोर दिया और सुधारों का खाका पेश किया।

उन्होंने विनिर्माण पर जोर देने के साथ पूंजीगत व्यय लक्ष्य बढ़ाकर 12.2 लाख करोड़ रुपये का प्रस्ताव किया जो चालू वित्त वर्ष के लिए 11.2 लाख करोड़ रुपये है। वित्त मंत्री ने लगभग सवा घंटा के अपने बजट भाषण में सुधारों का खाका पेश करते हुए 'विकसित भारत' के लिए बैंकों को तैयार करने को लेकर एक उच्चस्तरीय समिति के गठन का भी प्रस्ताव किया।

उन्होंने वृद्धि के प्रमुख इंजन के रूप में एमएसएमई के महत्व को रेखांकित करते हुए 10,000 करोड़ रुपये के एसएमई विकास कोष का प्रस्ताव रखा। इसका मकसद क्षेत्र में भविष्य के 'चैंपियन' तैयार करना और उद्योगों को प्रोत्साहन देना है।

बजट का ताना-बाना 'तीन कर्तव्यों' यानी आर्थिक वृद्धि को गति देने, लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने और 'सबका साथ, सबका विकास' के इर्द-गिर्द बुना गया है। बजट में किसानों की आय बढ़ाने के व्यापक उद्देश्य से 500 जलाशयों और अमृत सरोवरों का विकास करने, तटीय क्षेत्रों में मत्स्य मूल्य श्रृंखला को मजबूती प्रदान करने तथा स्टार्टअप एवं महिलाओं की अगुवाई वाले समूह को मत्स्य कृषक उत्पादक संगठनों के साथ शामिल करते हुए बाजार से जोड़ने का प्रस्ताव किया गया है।

सीतारमण ने तटीय क्षेत्रों में नारियल, चंदन, कोको और काजू जैसी उच्च मूल्य वाली फसलों में सहायता प्रदान

बाकी पन्ना नम्बर 2 पर

### बजट की 8 सबसे बड़ी घोषणाएं

1 इनकम टैक्स स्लैब में कोई बदलाव नहीं। रिवाइज्ड रिटर्न फाइल करने के लिए 3 महीने का ज्यादा समय दिया। यानी अब 31 दिसंबर के बदले 31 मार्च तक रिवाइज्ड रिटर्न फाइल कर सकते हैं।

2. कैंसर की 17 दवाओं पर से आयात शुल्क हटाया। अभी 5% शुल्क लगता था। हीमोफीलिया, सिकल सेल और मस्कुलर डिस्ट्रॉफी जैसी 7 दुर्लभ बीमारियों की दवाइयां भी ड्यूटी फ्री।

3 डिफेंस बजट 6.81 लाख करोड़ से बढ़ाकर 7.85 लाख करोड़, यानी 15.2% की बढ़ोतरी। हथियार खरीदी और आधुनिकीकरण पर पिछले साल के1.80 लाख करोड़ के मुकाबले इस साल 2.19 लाख करोड़ खर्च होंगे, यानी 22% की बढ़ोतरी।

4. 7 हाईस्पीड रेल कॉरिडोर की घोषणा। इनमें मुंबई - पुणे, पुणे-हैदराबाद, हैदराबाद-बेंगलुरु, हैदराबाद-चेन्नई, चेन्नई-बेंगलुरु, दिल्ली-वाराणसी और वाराणसी-सिलिगुड़ी।

5. 3 आयुर्वेदिक AIIMS खोले जाने की घोषणा। मेडिकल टूरिज्म को बढ़ाने के लिए 5 मेडिकल हब भी बनेंगे।

6. 5 लाख से ज्यादा आबादी वाले टियर-2 और टियर-3 शहरों के विकास के लिए 12.2 लाख करोड़ खर्च करने का ऐलान।

7. 15 हजार सेकेंडरी स्कूलों और 500 कॉलेजों में कंटेंट क्रिएटर लैब्स बनाई जाएंगी।

8. करीब 800 जिलों में लड़कियों के लिए हॉस्टल बनेंगे। हर जिले में एक हॉस्टल बनाया जाएगा।

### क्या-क्या होगा महंगा

- खनिज
- स्क्रैप
- शराब
- वायदा कारोबार करना

### क्या-क्या होगा सस्ता

- कैंसर, शुगर से जुड़ी दवाइयां
- 7 दुर्लभ बीमारियों की दवाइयां सस्ती होंगी
- सोलर एनर्जी से जुड़ी चीजें सस्ती होंगी
- चमड़ा और कपड़ा निर्यात करना सस्ता होगा
- जूते, बैट्री माइक्रोवेव ओवन सस्ता होगा
- रक्षा क्षेत्र में बेसिक कस्टम ड्यूटी में छूट
- कैंसर से जुड़ी 17 दवाइयां भारत में होंगी सस्ती

"

मालवा खालसा सीनियर सेकेंडरी स्कूल मॉडल ग्राम के टीचर परमबीर सिंह ने यूनियन बजट पर अपने विचार रखते



हुए कहा कि यह बजट इन्वेस्टमेंट-फ्रेंडली बजट है। इसमें भारत में विदेशी इन्वेस्टमेंट को अट्रैक्ट करने के कई अच्छे तरीके बताए गए हैं। इसके अलावा भारत के लोगों के लिए हेल्थ सुविधाओं पर भी काफी ध्यान दिया

"

## बजट में मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत अभियान को नई रफ्तार देने का महत्वाकांक्षी रोड़मैप- मोदी



नई दिल्ली- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वित्त वर्ष 2026-27 के बजट को विकसित भारत की ऊंची उडान का आधार बताते हुए कहा है कि इसमें मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत अभियान को नई रफ्तार देने के लिए महत्वाकांक्षी रोड़मैप प्रस्तुत किया गया है। उन्होंने कहा कि यह बजट महत्वाकांक्षी भी है और देश की आकांक्षाओं को भी पूरा करता है। पीएम मोदी ने रविवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा लोकसभा में बजट पेश किये जाने के बाद कहा कि यह बजट 2047 के विकसित भारत की ऊंची उडान का आधार है और इसमें मेक इन

बाकी पन्ना नम्बर 2 पर

## बजट को सेक्टर वाइज समझिए

### इनकम टैक्स

इनकम टैक्स स्लैब में कोई बदलाव नहीं। रिवाइज्ड रिटर्न फाइल करने के लिए 3 महीने का ज्यादा समय दिया। यानी अब 31 दिसंबर के बदले 31 मार्च तक रिवाइज्ड रिटर्न फाइल कर सकते हैं। न्यू इनकम टैक्स एक्ट 1 अप्रैल 2026 से लागू होगा। फॉर्म रीडिजाइन किए गए हैं, ताकि आम लोग उसे आसानी से भर सकें।

### स्वास्थ्य

कैंसर के इलाज में इस्तेमाल होने वाली 17 दवाओं पर बेसिक कस्टम ड्यूटी हटा दी गई है। ये एडवांस कैंसर की इंपोर्ट होने वाली दवाएं हैं। अभी 5% कस्टम ड्यूटी लगती थी। हीमोफिलिया, सिकल सेल और मस्कुलर डिस्ट्रॉफी जैसी 7 दुर्लभ बीमारियों की दवाइयां भी ड्यूटी फ्री कर दी गई हैं।

### रक्षा बजट

ऑपरेशन सिंदूर के बाद देश का रक्षा बजट 6.81 लाख करोड़ से बढ़ाकर 7.85 लाख करोड़ कर दिया। यानी कुल डिफेंस बजट में 15.2% की बढ़ोतरी हुई है। इसमें हथियार खरीदी और आधुनिकीकरण पर पिछले साल के 1.80 लाख करोड़ के मुकाबले इस साले 2.19 लाख करोड़ खर्च किए जाएंगे। यह पूंजीगत खर्च में सीधी 22% की बढ़ोतरी है।

### आयुर्वेद

3 आयुर्वेदिक एम्स बनाने का ऐलान किया गया है। आयुर्वेदिक दवाइयों की टेस्टिंग के नेशनल लैब्स बनाई जाएंगी। भारत को ग्लोबल लेवल पर बायोफार्मा प्रोडक्ट के उत्पादन का हब बनाया जाएगा। अगले पांच साल में एक लाख स्पेशलिस्ट हेल्थकेयर प्रोफेशनल तैयार होंगे। इसके लिए 10,000 करोड़ के निवेश करने की बात कही गई है।

### महिलाएं

लखपति दीदी की तर्ज पर महिला स्वयं सहायता समूह की उद्यमी महिलाओं के लिए SHE-मार्ट बनाए जाएंगे। इन दुकानों को महिलाओं के स्वयं सहायता समूहों के समुदाय ही चलाएंगे। यहां महिलाओं के बनाए खाद्य पदार्थ, हस्तशिल्प, कपड़े और स्थानीय उत्पाद सीधे बेचे जाएंगे। इससे बिचौलियों की भूमिका कम होगी।

### रेल-जलमार्ग और ग्रीन ट्रांसपोर्ट सेक्टर

शहरों के बीच 7 हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर बनाए जाएंगे। ये मुंबई-पुणे, पुणे-हैदराबाद, हैदराबाद-चेन्नई, हैदराबाद-बेंगलुरु, चेन्नई-बेंगलुरु, दिल्ली-वाराणसी और वाराणसी-सिलीगुड़ी के बीच बनेंगे। अगले 5 साल में 20 नए राष्ट्रीय जलमार्ग बनेंगे। बनारस और पटना में जहाज मरम्मत सुविधाएं विकसित की जाएंगी।

## आज का इतिहास

### 2 फरवरी 2004 फेसबुक की शुरुआत



2 फरवरी 2004 में हार्वर्ड विश्वविद्यालय के छात्र मार्क जुकरबर्ग ने अपने साथियों के साथ "TheFacebook" नामक सोशल नेटवर्किंग वेबसाइट पर काम शुरू किया। इसका उद्देश्य छात्रों को आपस में जोड़ना था। आगे चलकर यही प्लेटफॉर्म फेसबुक बना और विश्व का सबसे बड़ा सोशल मीडिया नेटवर्क बन गया।

## पीओके के 'राष्ट्रपति' सुल्तान महमूद चौधरी का निधन



इस्लामाबाद- पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के 'राष्ट्रपति' और अनुभवी राजनीतिज्ञ सुल्तान महमूद चौधरी का शनिवार को निधन हो गया। वह 71 साल के थे। महमूद लिवर कैंसर से पीड़ित थे और इस्लामाबाद के एक अस्पताल में उनका इलाज किया जा रहा था।

पेशे से वकील और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपुल्स) के वरिष्ठ नेता चौधरी अगस्त 2021 में पीओके के 'राष्ट्रपति' चुने गए थे। पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने चौधरी के निधन पर शोक व्यक्त किया।

## राम चरण बने तीन बच्चों के पिता, पत्नी उपासना ने जुड़वां बच्चों को दिया जन्म



तेलुगु सिनेमा के सुपरस्टार राम चरण और उनकी पत्नी, उद्यमी उपासना कोनिडेला के घर खुशियों ने दस्तक दी है। कपल ने जुड़वां बच्चों–एक बेटे और एक बेटी–का स्वागत किया है। इस डबल खुशी के साथ राम चरण और उपासना अब तीन बच्चों के माता-पिता बन गए हैं। इस खुशखबरी की जानकारी राम चरण के पिता और मेगास्टार चिरंजीवी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर साझा की।

## मैंने कांग्रेस छोड़ दी है - नवजोत कौर सिद्धू

चंडीगढ़, (सत्ता संदेश)-कांग्रेस नेता नवजोत कौर सिद्धू ने शनिवार को घोषणा की कि उन्होंने पार्टी छोड़ दी है।

नवजोत कौर सिद्धू ने कांग्रेस की पंजाब इकाई के अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वडिंग पर निशाना साधते हुए उन पर पार्टी संगठन को 'नुकसान पहुंचाने' का आरोप भी लगाया। उन्होंने वडिंग को 'अब तक का सबसे अक्षम और भ्रष्ट अध्यक्ष' करार दिया।

नवजोत कौर सिद्धू ने पिछले महीने टिप्पणी की थी कि 'मुख्यमंत्री की कुर्सी के लिए 500 करोड़ रुपये देने पड़ते हैं', जिसे लेकर बड़ा राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया था। कांग्रेस ने नवजोत के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उन्हें पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निलंबित कर दिया था।

नवजोत कौर सिद्धू पंजाब कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू की पत्नी हैं। उन्होंने वडिंग पर पंजाब में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी



(आप) के साथ समझौता करके तुच्छ लाभ के लिए पार्टी को बेचने का आरोप लगाया।

नवजोत ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''राजा वडिंग, अब तक के सबसे अक्षम और भ्रष्ट अध्यक्ष। आपने मुख्यमंत्री के साथ मिलकर कांग्रेस को बर्बाद करके खुद को जेल जाने से बचा लिया। आपने 'आप' के साथ मिलीभगत कर तुच्छ लाभ के लिए पार्टी को बेच दिया।'

उन्होंने आरोप लगाया, 'आपने (वडिंग) मेरे लिए निलंबन पत्र तैयार कर रखा था, लेकिन उन लगभग 12 वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं का क्या, जो नवजोत को नुकसान पहुंचाने के लिए (शिरोमणि अकाली दल के नेता बिक्रम सिंह) मजीठिया के साथ काम करने में व्यस्त थे? और आपने नवजोत को हराने के लिए उन सभी को बड़े पदों से पुरस्कृत किया।'

वडिंग पर निशाना साधते हुए नवजोत ने कहा, 'मेरे पास आपको बर्बाद करने के लिए पर्याप्त सबूत हैं, लेकिन मुझे इसमें कोई दिलचस्पी नहीं है, क्योंकि मैंने खुद कांग्रेस छोड़

बाकी पन्ना नम्बर 2 पर

## प्रधानमंत्री मोदी का पंजाब दौरा

### डेरा सचखंड बल्लां में कार्यक्रम में पहुंचे, हलवारा एयरपोर्ट के टर्मिनल भवन का उद्घाटन किया





लुधियाना/जालंधर (सत्ता संदेश)- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जालंधर जिले के डेरा सचखंड बल्लां पहुंच गए हैं। यह उनका सितंबर पिछले वर्ष के बाद पंजाब का पहला दौरा है। वे यहां गुरु रविदास जी की 649वीं जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने आए हैं। उन्होंने आदमपुर हवाई अड्डे का नाम बदलकर श्री गुरु रविदास जी हवाई अड्डा करने की नाम पट्टिका का व हलवारा हवाई अड्डे के टर्मिनल भवन का उद्घाटन किया।

प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर आदमपुर एयरपोर्ट का नाम गुरु रविदास के नाम पर रखने से संबंधित पट्टिका का अनावरण किया और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हलवारा एयरपोर्ट के नए टर्मिनल का उद्घाटन भी किया।

वहीं, प्रधानमंत्री के दौरे को देखते हुए व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। कार्यक्रम स्थल पर 26 जिलों से लगभग 8,000 पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। यह 5 जनवरी 2022 के बाद से प्रधानमंत्री मोदी का पंजाब का तीसरा दौरा है।

## भारत से दोस्ती को लेकर इटली के राष्ट्रपति का बड़ा ऐलान

### कहा, भारत-इटली के संबंध अब और भी गहरे होंगे

नई दिल्ली (सत्ता संदेश)- इतालवी राष्ट्रपति सर्जियो मैटारेला ने कहा है कि भारत और इटली के संबंध तेजी से आगे बढ़ रहे हैं तथा ये पारस्परिक लाभ के लिए और अधिक गहरे होंगे। उन्होंने कहा कि दोनों देश ''लोकतंत्र एवं कानून के शासन के प्रति सम्मान'' जैसे मूलभूत मूल्यों को साझा करते हैं। भारत के 77वें गणतंत्र दिवस पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को भेजे अपने शुभकामना संदेश में, मैटारेला ने आशा व्यक्त की कि द्विपक्षीय एजेंडा के हर क्षेत्र में, साथ ही भारत-यूरोपीय संघ संबंधों के ढांचे के भीतर, ''हमारे देशों के बीच तालमेल'' मजबूत हो सकता है,



जिसे नए आर्थिक और व्यापारिक समझौतों से ''काफी लाभ'' होगा। छब्बीस जनवरी की तारीख वाले शुभकामना संदेश का अंग्रेजी अनुवाद इतालवी दूतावास ने मंगलवार को साझा किया। मैटारेला ने कहा कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर, मैं आपको, राष्ट्रपति महोदया, भारत गणराज्य के समृद्ध भविष्य के लिए हार्दिक शुभकामनाएं देना चाहता हूं। भारत और इटली के संबंध तेजी से अग्रसर हो रहे हैं, जो हमारे पारस्परिक लाभ के लिए और अधिक गहन होंगे। संदेश में कहा गया है कि संयुक्त रणनीतिक कार्ययोजना के कार्यान्वयन की बदौलत द्विपक्षीय साझेदारी, सहयोग के नए अवसरों से ''हर दिन समृद्ध हो रही है'', चाहे वह ''हमारे संबंधित आर्थिक संचालकों के बीच संयुक्त परियोजनाओं, वैज्ञानिक सहयोग, या हमारे नागरिक समाजों के बीच तेजी से गहन और फलदायी संपर्कों'' के माध्यम से हो। मैटारेला ने यह भी कहा कि दिल्ली और रोम ''लोकतंत्र एवं कानून के शासन के

बाकी पन्ना नम्बर 2 पर

## शराब के शौकीनों के लिए 12,500 की शैम्पेन अब सिर्फ 6,000 में!

### वाइन, व्हिस्की, वोदका पर भारी छूट, विदेशी शराबें हो जाएंगी सस्ती

साल के लंबे इंतजार के बाद भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) ने दुनिया के सबसे बड़े मुक्त व्यापार समझौते पर सहमति बनाई है। इस समझौते से यूरोप से आने वाली विदेशी शराब, बीयर और लग्जरी कारें भारतीय बाजार में काफी सस्ते हो जाएंगी। वर्तमान में भारत यूरोपियन वाइन और स्पिरिट पर 150 प्रतिशत तक भारी आयात शुल्क लगाता है। इस नए समझौते के तहत इसे धीरे-धीरे घटाकर 20 प्रतिशत तक लाने का प्रस्ताव है। इसका सीधा मतलब यह है कि जो विदेशी शराब पहले लगभग डेढ़ गुना ज्यादा कीमत में बिकती थी, वह अब आधी कीमत

बाकी पन्ना नम्बर 2 पर

### कौन-कौन सी शराब सस्ती होगी?



फ्रेंच वाइन-बोर्डो, बरगंडी, शैम्पेन,
इटालियन वाइन-चियांटी, प्रोसेको, बारोलो
स्पेनिश वाइन-रियोजा, कावा
यूरोपीय स्पिरिट्स-कॉन्यैक, आर्मग्नाक, प्रीमियम जिन, वोदका,
जर्मन बीयर-प्रीमियम लैगर्स और एल्स

## रोहित शेट्टी के मुंबई स्थित आवास के बाहर गोलीबारी, जांच शुरू

मुंबई(सत्ता संदेश)- मुंबई के पश्चिमी उपनगर जुहू में फिल्म निर्माता रोहित शेट्टी के आवास के बाहर अज्ञात लोगों ने गोलीबारी की। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना रविवार तड़के हुई जिसके बाद इमारत के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी गई। अधिकारी ने कहा, ''किसी ने इमारत पर गोली चलाई। क्षेत्रीय पुलिस और अपराध शाखा की टीम मामले की जांच कर रही हैं।'' उन्होंने कहा कि अभी यह पता नहीं चल पाया है कि घटना के समय फिल्म निर्माता अपने आवास पर थे या नहीं।



अधिकारी ने बताया कि शुरुआती रिपोर्ट के अनुसार अज्ञात लोगों ने इमारत पर चार गोलियां चलाईं। उन्होंने बताया कि इस घटना में किसी के घायल होने की कोई सूचना नहीं है। उन्होंने बताया कि जुहू पुलिस और अपराध शाखा की टीम मौके पर पहुंचीं और उन्होंने जांच शुरू की। अधिकारी ने बताया कि इमारत के बाहर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है और साक्ष्य जुटाने के लिए फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंच गई है।

# सुखपाल खैहरा ने एस.वाई.एल. मुद्दे को लेकर मुख्यमंत्री मान को दी चेतावनी

## कहा, मान सरकार को पूरी जिम्मेदारी और ट्रांसपेरेंसी के साथ काम करना चाहिए

चंडीगढ़ (सत्ता संदेश)- सीनियर कांग्रेस नेता और भुलत्थ से विधायक सुखपाल सिंह खैहरा ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को चेतावनी दी है। खैहरा ने कहा कि वे माननीय सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में चल रही बातचीत के दौरान विवादित सतलुज यमुना लिंक (एस.वाई.एल.) नहर बनाने या हरियाणा के साथ पंजाब की नदी के पानी के बंटवारे पर कोई भी वायदा न करें। खैहरा ने आगे कहा कि पंजाब की नदी का पानी एक बहुत ही सेंसिटिव और इमोशनल मुद्दा है जो सीधे राज्य की खेती की इकॉनमी, फैडरल अधिकारों और आने वाली पीढ़ियों से जुड़ा है। उन्होंने कहा कि पंजाब पहले से ही पानी के गंभीर संकट का सामना कर रहा है, ग्राउंडवाटर लेवल खतरनाक दर से गिर रहा है और कई जिले रेगिस्तान बनने की ओर बढ़ रहे हैं। सुखपाल सिंह खैहरा ने साफ कहा कि पंजाब के पास एक बूंद भी अधिक पानी नहीं है। दबाव या पॉलिटिकल वजहों से पंजाब का हक का हिस्सा देने का कोई भी कदम राज्य के किसानों और लोगों के साथ ऐतिहासिक धोखा होगा। खैहरा ने मुख्यमंत्री को याद दिलाया कि पंजाब की पिछली सरकारों ने लगातार कहा है कि राज्य की नदियों का पानी मुख्य रूप से उनकी अपनी जरूरतों के लिए है, क्योंकि पानी का लेवल घट रहा है, आबादी बढ़ रही है, खेती हो रही है और घरेलू मांग बढ़ रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री से अपील की कि वे साइंटिफिक डेटा, नदी किनारे के सिद्धांतों और राज्य में पानी की कमी की जमीनी हकीकत के आधार पर सुप्रीम कोर्ट के सामने पंजाब का स्टैंड मजबूती से रखें। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि किसी भी राजनीतिक समझ या पिछले दरवाजे से किए गए वादे को पंजाब की लंबे समय से चली आ रही स्थिति को कमजोर करने की इजाजत नहीं दी जानी चाहिए। खैहरा ने आम आदमी पार्टी लीडरशिप और भाजपा की केंद्र सरकार के बीच बढ़ती नजदीकियों पर भी गंभीर आशंका जताई और कहा कि पंजाब के लोगों को यह जानने का हक है कि एस.वाई.एल. नहर जैसे जरूरी मुद्दों पर पर्दे के



पीछे कुछ चल रहा है या नहीं। उन्होंने कहा कि इतने जरूरी मामले पर मान सरकार की चुप्पी और साफ न होना नागरिकों और किसानों दोनों में शक पैदा कर रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को साफ-साफ सामने आकर पंजाबियों को भरोसा दिलाना चाहिए कि केंद्र के साथ कोई सीक्रेट डील या पॉलिटिकल समझौता नहीं है जिससे पंजाब के पानी के हक को नुकसान हो सकता है। मान सरकार को पूरी जिम्मेदारी और ट्रांसपेरेंसी के साथ काम करना चाहिए। पंजाब का पानी पॉलिटिकल फायदे के लिए मोलभाव का जरिया नहीं है। मुख्यमंत्री को पंजाब के लोगों को भरोसा दिलाना चाहिए कि उनके हितों की हर कीमत पर रक्षा की जाएगी। खैरा ने इस मुद्दे पर एक साथ स्टैंड लेने के लिए ऑल-पार्टी मीटिंग की भी मांग की, और कहा कि पंजाब के नैचुरल रिसोर्स से जुड़े मामलों को पार्टी पॉलिटिक्स से ऊपर उठना चाहिए।

### सतलुज-यमुना लिंक कैनाल विवाद का हल भाईचारे से निकलेगा-श्रुति चौधरी

जींद (सत्ता संदेश)-चंडीगढ़ में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के बीच हुई वार्ता के बाद सिंचाई एवं महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी ने सतलुज-यमुना लिंक कैनाल (एस.वाई.एल.) विवाद पर महत्वपूर्ण बयान में कहा है कि यह मामला बेहद संवेदनशील है, लेकिन भाईचारे के बीच पानी के मुद्दे का हल होना चाहिए। श्रुति चौधरी ने कहा, एस.वाई.एल. का मामला बड़ा संवेदनशील मामला है। पानी कितना बड़ा मुद्दा है, भाईचारे के बीच पानी के मामले का हल होना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट भी कह चुका है कि हरियाणा का एस.वाई.एल. के पानी पर अधिकार है। हमें लगता है इस मामले में अच्छा ही रिजल्ट निकलेगा। उन्होंने दक्षिण हरियाणा में पहले होने वाले भेदभाव का जिक्र करते हुए कहा कि पहले पावर वाले लोग ही पानी ले आते थे, लेकिन अब बीजेपी सरकार में सभी को पानी मिल रहा है। सिंचाई विभाग का सबसे बड़ा काम टेल तक पानी पहुंचाना है। उन्होंने याद दिलाया कि चौधरी बंसीलाल के कार्यकाल में रेतीले इलाकों को नहर का पानी देने के लिए कैनाल-नहरों का निर्माण हुआ था।राजनीति पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि राजनीति लोगों की सेवा का माध्यम है। हरियाणा विकास पार्टी में मेरे स्वर्गीय दादा बंसीलाल ने काम किया। कांग्रेस पार्टी को मैंने अच्छे से देखा है। भाजपा का पक्का कार्यकर्त्ता हूं। कांग्रेस पार्टी इतनी गई-गुजरी हो चुकी है कि ना तो नेता हैं, ना नियति। लोग बस भ्रमित करने का काम करते हैं। वोट चोरी को मुद्दा बनाए हुए हैं।

## पठानकोट-जम्मू सैक्शन पर चल रहे काम के कारण 31 मई तक रद्द रहेंगी 20 रेलगाड़ियां

फिरोजपुर (सत्ता संदेश)-रेल मंडल के पठानकोट-जम्मू सैक्शन पर चल रहे काम के कारण पिछले समय से रद्द चल रही रेलगाड़ियों को फिलहाल रेल विभाग री-स्टोर नहीं कर रहा अपितु कई रेलगाड़ियों का रद्दीकरण आगे विस्तारित कर दिया गया है। विभाग की ओर से जारी सूचना के अनुसार जम्मू-पठानकोट सैक्शन पर चल रहे पुल बनाने के काम के कारण 31 मार्च तक रद्द की गई 20 रेलगाड़ियों को फिलहाल 31 मई तक रद्द रखा जाएगा। उक्त के अलावा बीच रास्ते वापस लौटाई जा रही 14 रेलगाड़ियों को भी 31 मई तक इसी तरह शॉर्ट टर्मीनेट कर चलाया जाएगा। इनके बीच 4 रेलगाड़ियों को विभाग 1 अप्रैल से री-स्टोर



कर यात्रियों को कुछ राहत प्रदान करने जा रहा है, इनमें नई दिल्ली-कटड़ा वंदे भारत, कटड़ा-नई दिल्ली वंदे भारत, भगत की कोठी-जम्मूतवी और जम्मूतवी-भगत की कोठी एक्सप्रैस शामिल हैं।

## ट्रांसपोर्ट एवं जेल मंत्री लालजीत सिंह भुल्लर ने किया पटियाला व नाभा जेलों का औचक निरीक्षण

चंडीगढ़ (सत्ता संदेश)-पंजाब के ट्रांसपोर्ट एवं जेल मंत्री लालजीत सिंह भुल्लर ने केंद्रीय जेल पटियाला और नाभा जेल का अचानक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जेलों में चल रही गतिविधियों और कैदियों की भलाई का जायजा लिया। केंद्रीय जेल पटियाला में, जेल मंत्री लालजीत सिंह भुल्लर ने जेल फैक्टरी का दौरा करते हुए बंदियों के लिए चलाए जा रहे लंबे समय के आई.टी.आई. कोर्सों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने वर्कशॉप का निरीक्षण किया और कैदियों तथा अंडरट्रायल कैदियों से प्रशिक्षण गतिविधियों के बारे में बातचीत की। दौरे के दौरान, लालजीत सिंह भुल्लर ने जेल रसोई और भोजन सुविधाओं, मुफ्त कानूनी सहायता, इलाज और चिकित्सा सुविधाएं का भी निरीक्षण किया, कैदियों से उनकी रहन-सहन की स्थितियों के बारे में बातचीत करते हुए जेल अधिकारियों द्वारा प्रदान की जा रही समग्र सेवाओं का मूल्यांकन किया। जेल मंत्री ने सुविधाओं और भलाई उपायों की समीक्षा के लिए जेल में महिला वार्ड का भी दौरा किया। लालजीत सिंह भुल्लर ने कैदियों को भविष्य में किसी भी गलत गतिविधियों में शामिल होने से बचने की सलाह देते हुए उनके पुनर्वास और भविष्य की बेहतर जिंदगी के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की अगुवाई में पंजाब सरकार कैदियों में सकारात्मक मूल्य-कौशल पैदा करने के लिए लगातार कार्यरत रहते हुए, पंजाब



की जेलों को नशों से मुक्त रखने के लिए वचनबद्ध है। जेल मंत्री ने अनुशासन बनाए रखने और सुधारवादी पहलों को बेहतर बनाने के लिए जेल प्रशासन के समर्पित प्रयासों की सराहना की। वापसी के दौरान जेल मंत्री ने मुलाकात क्षेत्र में कैदियों के रिश्तेदारों से बातचीत की और मुलाकात प्रक्रिया के बारे में मुलाकातियों से फीडबैक भी प्राप्त किया। केंद्रीय जेल के सुपरिंटेंडेंट गुरचरण सिंह धालीवाल और नाभा जेल सुपरिंटेंडेंट इंदरजीत सिंह काहलों ने जेल मंत्री को प्रशासनिक उपायों, सुरक्षा प्रोटोकॉल और जेल सुरक्षा को बढ़ाने के लिए किए जा रहे प्रयासों के बारे में जानकारी दी।

## बलूचिस्तान में आतंकवाद रोधी अभियानों में 15 पाकिस्तानी सैनिक, 92 आतंकवादी मारे गए

इस्लामाबाद- पाकिस्तानी सेना ने रविवार को बताया कि अशांत बलूचिस्तान प्रांत में सुरक्षा बलों के कई आतंकवाद-रोधी अभियानों में कम से कम 15 पाकिस्तानी सैनिक और 92 आतंकवादी मारे गए हैं।

## मैंने कांग्रेस छोड़ दी है - नवजोत कौर सिद्धू

पन्ना 1 का बाकी हिस्सा

दी है, जहां कोई भी होनहार नेता नजर नहीं आता।'

नवजोत ने वडिंग पर चुनाव में उनकी हार सुनिश्चित करने के लिए उनकी सीट पर कई उम्मीदवार उतारने का आरोप लगाया।

उन्होंने कहा, 'आपने (भरत भूषण) आशु, (चरणजीत सिंह) चन्नी, (राजिंदर कौर) भट्ठल जी, डॉ. (धर्मवीर) गांधी जी और कई अन्य वरिष्ठ नेताओं के खिलाफ क्या कार्रवाई की, जिन्होंने खुले तौर पर आपको और आपकी पार्टी को चुनौती दी है?'

नवजोत ने कहा, 'आप हंसी का पात्र बन चुके हैं और लोग आपकी रील देखकर मजे ले रहे हैं। नवजोत से प्रेम करने वाले कांग्रेस नेताओं का अपमान करना बंद कीजिए। आप पार्टी को जिताने के बजाय उसे बर्बाद करने में ज्यादा व्यस्त हैं। अपनी पार्टी के प्रति ईमानदार न होने के लिए आपको शर्म आनी चाहिए। आपने काफी नुकसान कर दिया है।'

## भारत से दोस्ती को लेकर इटली के राष्ट्रपति...

पन्ना 1 का बाकी हिस्सा

प्रति सम्मान'' जैसे मूलभूत मूल्यों को साझा करते हैं। उन्होंने कहा, ''वे कई परस्पर संबंधित हितों का भी अनुसरण करते हैं, जिनकी शुरुआत नियम-आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था की सुरक्षा, हिंद-भूमध्य सागर क्षेत्र में सुरक्षा और स्थिरता की शांतिपूर्ण प्राप्ति तथा प्रमुख वैश्विक चुनौतियों के प्रभावी बहुपक्षीय प्रबंधन से होती है।'' मैटारेला ने कहा, ''इन आधारों पर आगे बढ़ते हुए, मुझे उम्मीद है कि हमारे देशों के बीच तालमेल-उच्चतम संस्थागत और राजनीतिक स्तरों पर लगातार होने वाले दौरों के आदान-प्रदान से प्रेरणा लेते हुए-द्विपक्षीय एजेंडे के हर क्षेत्र में, साथ ही भारत और यूरोपीय संघ के बीच संबंधों के ढांचे के भीतर भी मजबूत होगा, जिन्हें नए आर्थिक और व्यापार समझौतों से बहुत लाभ होगा।'' उन्होंने मुर्मू को लिखा, ''इन्हीं आशाओं के साथ और मित्रता की भावना से, मैं इतालवी गणराज्य की ओर से आपको और आपके सभी नागरिकों को हार्दिक बधाई देना चाहता हूं।'' भारत ने सोमवार को कर्तव्य पथ पर अपनी सांस्कृतिक विविधता, आर्थिक विकास और सैन्य शक्ति का भव्य प्रदर्शन करते हुए अपना 77वां गणतंत्र दिवस मनाया। इतालवी दूतावास ने सोमवार को ''एक्स' पर पोस्ट किया, ''77वें गणतंत्र दिवस की परेड की तस्वीरें। यूरोपीय परिषद् और यूरोपीय आयोग के अध्यक्षों की उपस्थिति भारत और यूरोप के बीच समृद्धि एवं स्थिरता पर केंद्रित मित्रता तथा रणनीतिक साझेदारी का प्रमाण है।'' भारत और यूरोप ने मंगलवार को एक महत्वाकांक्षी मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर करने की घोषणा की जिसे अब तक का सबसे बड़ा समझौता कहा जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 27 देशों के यूरोपीय संघ के शीर्ष नेताओं उर्सुला वॉन डेर लेयेन और एंटोनियो कोस्टा के साथ वार्ता करने के बाद कहा कि आज भारत ने अपने इतिहास का सबसे बड़ा मुक्त व्यापार समझौता (एफ.टी.ए.) यूरोपीय संघ के साथ संपन्न किया है। दोनों पक्षों ने एक रणनीतिक रक्षा समझौते और एक आवागमन समझौते पर भी हस्ताक्षर किए।

# अध्यापकों ने खोला पंजाब के विरुद्ध मोर्चा 7 फरवरी को जालंधर में होगी राज्य स्तरीय बैठक

जालंधर (सत्ता संदेश)- एलिमेंट्री टीचर्स यूनियन पंजाब (रजि.), मास्टर कैडर यूनियन पंजाब, लेक्चरर कैडर यूनियन पंजाब और एजुकेशन डिपार्टमेंट मिनिस्टीरियल स्टाफ एसोसिएशन पंजाब ने आज एक अहम जॉइंट मीटिंग की और टीचरों और कर्मचारियों की लम्बित मांगों के लिए मिलकर संघर्ष करने का ऐलान किया। मीटिंग के बाद, गुरप्रीत सिंह खट्टा और दूसरे नेताओं ने मिलकर प्रेस को बताया कि एजुकेशन डिपार्टमेंट में 2011 से पहले भर्ती हुए टीचरों और नॉन-टीचिंग कर्मचारियों पर लगाई गई टैट की शर्त के विरोध में, कर्मचारियों की फाइनेंशियल मांगों को हल करने के लिए, उन्होंने एजुकेशन डिपार्टमेंट के कर्मचारियों की जॉब सिक्योरिटी, प्रमोशन के लिए टैट की शर्त लागू न करने, फाइनेंशियल मांगों को हल न करने, नॉन-एकेडमिक काम और बी.एल.ओ. की मांग की है। इस तरह की गैर-जरूरी ड्यूटी लगाने से पूरा टीचर और कर्मचारी वर्ग बहुत ज़्यादा मानसिक दबाव में है। इस बारे में जानकारी देते हुए एलिमेंट्री टीचर्स यूनियन पंजाब (रजि.) के नेता हरजिंदर पाल सिंह पन्नू, मास्टर कैडर यूनियन के बलजिंदर सिंह धालीवाल, लेक्चरर कैडर यूनियन के धर्मजीत सिंह ढिल्लों और एजुकेशन डिपार्टमेंट मिनिस्टीरियल स्टाफ एसोसिएशन के गुरप्रीत सिंह खटरा ने एक संयुक्त बयान में कहा कि मीटिंग के बावजूद मांगों को हल न कर पाना सरकार के बर्दाशत के बाहर हो गया है। नेताओं ने कहा कि हर दिन नए-नए मुद्दों की वजह से टीचर्स और कर्मचारी मानसिक रूप से परेशान हैं और सरकार की टालमटोल वाली पॉलिसी की वजह से विरोध बढ़ रहा है। इस संदर्भ में 7 फरवरी को जालंधर के देश भगत यादगारी हॉल में एक राज्य स्तरीय मीटिंग बुलाई गई है, जिसमें अगले विरोध एक्शन की स्ट्रैटेजी तैयार की जाएगी। नेताओं ने दूसरी भाईचारे वाली यूनियनों से अपील करते हुए कहा कि जब सरकार का रवैया वर्किंग क्लास के प्रति सख्त हो जाता है, तो एक ही रास्ता बचता है, सभी यूनियनें एक प्लेटफॉर्म पर आकर आर-पार की लड़ाई लड़ें। इस मीटिंग में राज्य के नेता गुरिंदर सिंह घुकेवाली, गुरमीत सिंह भुल्लर, सतवीर सिंह रौनी, दलजीत सिंह सभरवाल, दविंदर सिंह गुरु, नरिंदर शर्मा, जसपाल सिंह (लुधियाना), अनुरिध मौदगिल, मलकियत सिंह अमृतसर, परमपाल सिंह (मोगा), संदीप भट्ट (रोपड़), कुलदीप सिंह भगतुआना (फरीदकोट), दविंदर सिंह (फरीदकोट), सुखजीत सिंह (जालंधर), नरिंदर शर्मा (गुरदासपुर), मनप्रीत सिंह बठिंडा, बिक्रमजीत सिंह आहलूवालिया, जसप्रीत सिंह मानसा, अवतार सिंह संगरूर, गुरप्रीत सिंह संगरूर, वरुण कुमार, रविंदर सिंह बरनाला, किरण प्रशर मोहाली, रूपिंदर सिंह, हरजिंदर सिंह, जसविंदर सिंह फाजिल्का, रमनदीप सिंह पटियाला और कई दूसरे नेता शामिल हुए।

## संत रविदास ने जाति भेद के खिलाफ आजीवन संघर्ष किया - मायावती

लखनऊ (सत्ता संदेश)-- बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने संत रविदास की जयंती पर उन्हें नमन



करते हुए रविवार को कहा कि संत रविदास ने जाति भेद और द्वेष के खिलाफ आजीवन कड़ा संघर्ष किया।

बसपा प्रमुख ने 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, ''देश में 'सामाजिक परिवर्तन' के महान संतों में जाने-माने संतगुरु श्री रविदास जी को आज उनकी जयंती पर शत्-शत् नमन व अपार श्रद्धा-सुमन अर्पित करती हूं तथा देश व दुनिया में रहने वाले उनके करोड़ों अनुयायियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देती हूं।'' उन्होंने कहा, ''संतगुरु श्री रविदास जी का संदेश 'मन चंगा तो कठौती में गंगा' अर्थात् मन को शुद्ध और पाक-साफ रखकर ही इंसान सच्चे सुख की प्राप्ति कर सकता है तथा समाज और देश का भी भला कर सकता है। उन्होंने अपना पूरा जीवन इंसानियत का संदेश देने में व्यतीत किया।''

मायावती ने कहा कि इसी क्रम में वह विशेष रूप से जाति भेद और द्वेष के खिलाफ आजीवन कड़ा संघर्ष करते हुए अमर हो गए।

उन्होंने कहा, ''उनका संदेश धर्म की पवित्रता को समाज सेवा और जनचेतना के माध्यम से इंसान और इंसानियत की भलाई से जोड़ता है।''

### आदित्यनाथ ने संत रविदास के विचार आत्मसात कर समरस, विकसित भारत के निर्माण में सहभागी बनने का किया आह्वान

लखनऊ, (सत्ता संदेश)-उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को संत रविदास की जयंती पर उन्हें नमन किया और लोगों से उनके विचारों को आत्मसात कर समरस एवं विकसित भारत के निर्माण में सहभागी बनने का आह्वान किया।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'एक्स' पर लिखा, ''सद्गुरु रविदास जी महाराज की पावन जयंती पर कोटि-कोटि नमन।'' उन्होंने कहा, ''सदुरु रविदास जी ने कर्म से सेवा, समरसता और समानता का जो संदेश दिया, वह आज भी हमें प्रेरित करता है।''

आदित्यनाथ ने कहा, ''सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास, सबका विश्वास' का जो संकल्प है, उसकी आत्मा गुरु रविदास जी की शिक्षाओं में है।'' मुख्यमंत्री ने लोगों से रविदास के विचारों को आत्मसात कर समरस एवं विकसित भारत के निर्माण में सहभागी बनने की अपील की। मध्यकालीन कवि एवं समाज सुधारक संत रविदास ने अपने दोहों और उपदेशों के माध्यम से जाति आधारित सामाजिक भेदभाव के खिलाफ संदेश दिया। उनका जन्म वाराणसी के पास सीर गोवर्धनपुर गांव में हुआ था।

## हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने विकसित भारत @2047 की कुंजी के रूप में PRAGATI प्लेटफॉर्म की सराहना की

चंडीगढ़ (सत्ता संदेश)- हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने भारत सरकार के प्रमुख डिजिटल प्लेटफॉर्म PRAGATI (प्रो-एक्टिव गवर्नेंस एंड टाइमली इम्प्लीमेंटेशन) की प्रशंसा करते हुए इसे विकास परियोजनाओं को तेज करने और जन शिकायतों का समाधान करने के लिए एक शक्तिशाली उपकरण बताया। उन्होंने कहा कि यह प्लेटफॉर्म प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र, राज्यों और केंद्रीय मंत्रालयों के बीच समन्वय को मजबूत करने के लिए प्रमुख योजनाओं की प्रत्यक्ष, वास्तविक समय की निगरानी को सक्षम बनाता है।

श्री नायब सिंह सैनी के अनुसार, PRAGATI प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पारदर्शी, जवाबदेह शासन के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है और विकसित भारत ञ्च2047 के दीर्घकालिक राष्ट्रीय लक्ष्य को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, जिससे सार्वजनिक कल्याण पहलों का तेजी से निष्पादन और प्रभावी वितरण सुनिश्चित होता है।

हरियाणा में वर्तमान में देखरेख अधीन 112 प्रमुख परियोजनाओं में से 57 पहले ही चालू हैं, जिनमें 94,153 करोड़ रुपये का निवेश शामिल है, जबकि शेष 55 परियोजनाएं–जिनकी कीमत 5.44



लाख करोड़ रुपये है–अभी कार्यान्वयनाधीन हैं।

चालू परियोजनाओं में से, प्रधानमंत्री के PRAGATI (Pro-Active Governance and Timely Implementation) प्लेटफॉर्म के तहत 13 परियोजनाओं की समीक्षा की गई, जिनकी कीमत 30,463 करोड़ रुपये है। क्षेत्रवार, सड़कें और राजमार्ग 30 पूर्ण परियोजनाओं के साथ शीर्ष पर हैं, इसके बाद तेल और गैस (10), बिजली संचरण और वितरण (9), रेलवे (4), बिजली उत्पादन (3), और एक रियल एस्टेट परियोजना हैं। इन पूर्ण संपत्तियों ने हरियाणा की कनेक्टिविटी, ऊर्जा अवसंरचना और औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र को काफी मजबूत किया है।

इस बीच, 55 कार्यान्वयनाधीन परियोजनाओं में से 13 उच्च मूल्य वाली परियोजनाएं, जिनमें 2.24 लाख करोड़ रुपये का निवेश शामिल है, PRAGATI के तहत निकट देख रेख में हैं। क्षेत्रीय वितरण कनेक्टिविटी और सार्वजनिक सेवाओं पर निरंतर ध्यान दिलाता है, जिसमें सड़कें और राजमार्ग 22 परियोजनाओं के साथ सबसे आगे हैं, इसके बाद स्वास्थ्य सेवा (9), रेलवे (5), तेल और गैस (5), बिजली संचरण और वितरण (4), आईटी/आईटीईएस (3), और बिजली उत्पादन (3)। इसके अलावा, मेट्रो रेल, उद्योग और वाणिज्य, लॉजिस्टिक्स पार्क विकास, और सीमेंट विनिर्माण में प्रत्येक एक-एक परियोजना चल रही है।

इन चल रही पहलों में से कई एनसीआर क्षेत्र की सबसे बड़ी अवसंरचना परियोजनाओं में शामिल हैं, जिनमें एक्सप्रेसवे, समर्पित माल गलियारे, टेलीकॉम संतृप्ति अभियान, और प्रमुख स्वास्थ्य संस्थान शामिल हैं–जो हरियाणा के दीर्घकालिक, विकास-उन्मुख अवसंरचना विकास की दिशा में प्रयासों को दर्शाते हैं।

## शराब के शौकीनों के लिए 12,500 की शैम्पेन...

पन्ना 1 का बाकी हिस्सा

या उससे भी कम में उपलब्ध होगी। उदाहरण के तौर पर, 6,000 रुपये की विदेशी शराब अब लगभग 7,200 रुपये में खरीदी जा सकेगी। इस डील के बाद यूरोप के प्रमुख वाइन और स्पिरिट ब्रांड्स भारत में सस्ते दाम पर उपलब्ध होंगे। वाइन पर वर्तमान में लगे भारी आयात शुल्क में कटौती की जाएगी, जिससे फ्रांस, इटली और स्पेन से आने वाली प्रीमियम वाइन की कीमतें कम होंगी।

**** कितनी बचत होगी?***

उदाहरण के तौर पर, एक प्रीमियम शैम्पेन की बेसिक कीमत 5,000 रुपये है। वर्तमान में आयात शुल्क की वजह से इसकी कीमत लगभग 12,500 रुपये हो जाती है। समझौते के बाद यह शुल्क घटकर केवल 20 प्रतिशत हो जाएगा, जिससे कीमत लगभग 6,000 रुपये रह जाएगी। इसका मतलब है कि ग्राहक सीधे तौर पर लगभग 6,500 रुपये की बचत कर सकते हैं। दूसरी तरफ यह ध्यान रखना जरूरी है कि अंतिम रिटेल कीमत में राज्य सरकार का अतिरिक्त टैक्स और डीलर का मार्जिन भी जोडऩा होता है, जो अलग-अलग राज्यों में अलग हो सकता है। इस समझौते से शराब और बीयर के शौकीनों के लिए भारतीय बाजार में प्रीमियम यूरोपियन ब्रांड्स अधिक किफायती और सुलभ हो जाएंगे।

## बजट में मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत अभियान ...

पन्ना 1 का बाकी हिस्सा

इंडिया और आत्मनिर्भर भारत अभियान को नयी रफ्तार देने के लिए महत्वाकांक्षी रोड़मैप प्रस्तुत किया गया है। प्रधानमंत्री ने सरकार द्वारा किए जा रहे विभिन्न सुधारों का उल्लेख करते हुए कहा कि अभी भारत जिस 'रिफार्म एक्सप्रेस' पर सवार है इस बजट से उसे नयी ऊर्जा और नयी गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि भारत सबसे तेजी से बढने वाली अर्थव्यवस्था बनकर ही संतुष्ट नहीं है और वह जल्द से जल्द दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनना चाहता है। बजट में लघु और सूक्ष्म इकाइयों के लिए किए गए प्रावधानों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि हमारे लघु और कुटीर उद्योगों को इस बजट में जो समर्थन मिला है वह उन्हें 'लोकल से ग्लोबल' बनने की नयी ताकत देगा। बजट में युवाओं के लिए किए गए विशेष प्रावधानों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि यह युवा शक्ति का बजट है। उन्होंने कहा, 'यह युवा शक्ति बजट है। बजट में जो प्रावधान किये गये हैं उससे अलग-अलग क्षेत्रों में नेता, नवाचारक और क्रियेटर तैयार होंगे।'

## वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पेश किया ...

पन्ना 1 का बाकी हिस्सा

कर उच्च मूल्य वाली खेतीबाड़ी पर जोर दिया। बजट में आयकर की दरों एवं संरचना के मोर्चे पर कोई भी बदलाव नहीं किया गया है। इसमें राजकोषीय घाटा वित्त वर्ष 2026-27 में 4.3 प्रतिशत रखने का लक्ष्य रखा गया है जो चालू वित्त वर्ष के 4.4 प्रतिशत के अनुमान से कम है। इसमें कर्ज- जीडीपी अनुपात को 2026-27 में घटाकर 55.6 प्रतिशत पर लाने का प्रस्ताव है जो चालू वित्त वर्ष में 56.1 प्रतिशत है। बजट में आगामी वित्त वर्ष के लिए 53.5 लाख करोड़ रुपये के व्यय का अनुमान है। शुद्ध कर प्राप्तियां 28.7 लाख करोड़ रुपये अनुमानित है जबकि बाजार से उधारी 17.2 लाख करोड़ रुपये रहने की संभावना जतायी गयी है

## माघी पूर्णिमा पर 90 लाख श्रद्धालुओं ने गंगा में डुबकी लगाई

प्रयागराज (सत्ता संदेश)- प्रयागराज में आयोजित किए जा रहे माघ मेले में रविवार को माघी पूर्णिमा स्नान पर्व पर सुबह आठ बजे तक करीब 90 लाख श्रद्धालुओं ने संगम और गंगा में डुबकी लगाई। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। मेला प्राधिकरण के अधिकारी ने बताया कि कड़ाके की ठंड के बावजूद शनिवार आधी रात 12 बजे से ही श्रद्धालुओं का मेला क्षेत्र में आगमन और गंगा स्नान जारी है।

# कांग्रेस ने दाखा में विशाल रैली कर चुनावी बिगुल फूंका

- दाखा और रायकोट में 'मनरेगा बचाओ' विशाल रैलियों में हजारों लोगों की संख्या में लोग पहुंचे
- मोदी सरकार पर गरीबों का रोजगार छीनने का आरोप लगाया, पंजाब में कानून-व्यवस्था बिगड़ने पर आप सरकार को घेरा







**मोदी को झुकना पड़ेगा, मनरेगा दोबारा लागू करवाएंगे: भूपेश बघेल**

**मजदूरों को राहत देने में मान सरकार फेल: वड़िंग**

**किसानों के कर्ज माफ किए जाएं: बाजवा**

**मान सबसे भ्रष्ट और डरपोक मुख्यमंत्री: रंधावा**

दाखा (लुधियाना) (सत्ता संदेश)- पंजाब कांग्रेस ने आज यहां दाखा में विशाल 'मनरेगा बचाओ' महारैली आयोजित करके 2027 विधानसभा चुनावों के लिए चुनावी बिगुल फूंक दिया। इसके बाद रायकोट में भी प्रभावशाली रैली की गई।

इन रैलियों में हजारों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं, मनरेगा मजदूरों और आम लोगों ने भाग लिया। रैलियों को छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री और पंजाब मामलों के प्रभारी भूपेश बघेल सहित पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने संबोधित किया।

इस दौरान वक्ताओं ने केंद्र की भाजपा सरकार पर गरीब लोगों का रोजगार छीनने की कोशिश करने का आरोप लगाया। वहीं पर, पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार को भी इस मामले में स्थानीय स्तर पर ठोस कदम न उठाने के लिए घेरा गया।

नेताओं ने राज्य में बिगड़ती कानून-व्यवस्था पर गंभीर चिंता जताते हुए, कहा कि पंजाब में गैंगस्टरों का राज चल रहा है और पंजाब पुलिस उनके साथ मिली हुई है।

कांग्रेस नेताओं ने प्रदेश कांग्रेस महासचिव संगठन और दाखा हलके के प्रभारी कैप्टन संदीप संधू द्वारा रैली के शानदार प्रबंधों की विशेष रूप से सराहना की।

इस मौके पर रैली को संबोधित करते हुए, भूपेश बघेल ने वादा किया कि कांग्रेस हर हाल में मनरेगा को दोबारा लागू करवाएगी। उन्होंने भरोसा जताया कि 2027 में पंजाब में कांग्रेस सरकार बनेगी और मजदूरों के अधिकार व रोजगार बहाल किए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को झुकने पर मजबूर करेगी और मनरेगा को उसी तरह दोबारा लागू करवाएगी, जैसे इन्हें तीन विवादित कृषि कानून वापस लेने पड़े थे।

बघेल ने कहा कि जब केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनेगी और राहुल गांधी प्रधानमंत्री बनेंगे, तब मनरेगा पूरी तरह से दोबारा लागू की जाएगी।

पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार गरीबों का रोजगार छीनने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह की सरकार ने गरीब और हाशिए पर रहने वाले लोगों को रोजगार देने के लिए यह कानून लागू किया था।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने पंजाब की आप सरकार को भी घेरते हुए, कहा कि वह इस मुद्दे पर केवल बयानबाजी कर रही है। उन्होंने बताया कि मनरेगा लागू करने में पंजाब की आप सरकार सबसे कमजोर साबित हुई है और जरूरी रोजगार का लाभ 12 प्रतिशत लोगों तक भी नहीं पहुंच पाया।

वड़िंग ने विशेष रूप से महिलाओं से आप के लुभावने वादों से सावधान रहने की अपील करते हुए, कहा कि उन्हें हर महीने 1000 रुपये देने के नाम पर धोखा दिया गया।

पंजाब विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष प्रताप सिंह बाजवा ने केंद्र सरकार पर जवानों और किसानों के अधिकारों की अनदेखी करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जहां एक तरफ सेना भर्ती प्रक्रिया प्रभावित हुई है, दूसरी ओर किसानों पर काले कानून लागू किए गए और अब मनरेगा मजदूरों को रोजगार से वंचित किया जा रहा है।

बाजवा ने किसानों के कर्ज माफ करने की मांग भी की। उन्होंने कहा कि जब मनरेगा का 90 प्रतिशत खर्च केंद्र और केवल 10 प्रतिशत खर्च राज्य सरकार वहन करती थी, तब भी पंजाब सरकार यह छोटा हिस्सा देने में असफल रही। उन्होंने मनरेगा पर बुलाए गए विशेष सत्र का जिक्र करते हुए, कहा कि उसका कोई नतीजा नहीं निकला।

## कांग्रेस ने लुधियाना के दाखा विशाल रैली करके चुनावी बिगुल फुका पर इस रैली में कांग्रेस की धड़ेबंदी नजर आई

दाखा की रैली में कांग्रेस में फिर झलकी गुट बाजी नहीं नजर आए चरणजीत सिंह चन्नी भारत भूषण आशू प्रगति सिंह राणा सोढ़ी राणा गुरजीत चन्नी गुटके कहीं और सीनियर नेता आपको बता दे दिल्ली के कांग्रेस नेताओं का पंजाब की सारी लीडरशिप को आदेश था की सब मिलजुल कर पंजाब में कांग्रेस की जो आपसी खींचातानी है उसको खत्म करें और एक मंच पर आकर एक सुर से पंजाब में कांग्रेस का प्रचार करें 2027 के चुनाव को देखते हुए मुल्लापुर की बड़ी रैली में कांग्रेस दो खेमों में में बाटी दिखाई अगर कांग्रेस में यूं ही चला रहा तो कांग्रेस की 2027 की राह आसान नहीं होगी

# नगर निगम लुधियाना में अब नहीं चलेगी 'बाबूगिरी'

लुधियाना (सत्ता संदेश)- पंजाब सरकार द्वारा राज्य में प्रशासनिक सुधारों और पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से शुरू की गई डिजिटल मुहिम के तहत नगर निगम लुधियाना में एक बड़ा बदलाव होने जा रहा है। सरकार की डिजिटल गवर्नेंस की पहल को आगे बढ़ाते हुए अब नगर निगम के तमाम विभागों और शाखाओं में 'ई-ऑफिस' प्रणाली को पूरी तरह अनिवार्य कर दिया गया है। उच्चाधिकारियों की ओर से जारी ताजा निर्देशों के मुताबिक, आगामी 16 फरवरी से निगम का सारा कामकाज पूरी तरह पेपरलेस हो जाएगा। सभी विभाग प्रमुखों और शाखा प्रभारियों को सख्त हिदायत दी गई है कि इस तारीख के बाद कोई भी फाइल या दस्तावेज फिजिकल यानी मैनुअल तरीके से स्वीकार नहीं किया जाएगा। निगम प्रशासन के इस फैसले का सीधा असर कामकाज की रफ्तार पर पड़ेगा। आदेशों में साफ कहा गया है कि 16 फरवरी से नगर निगम में आने वाली हर फाइल को 'ई-ऑफिस' के जरिए ही पुट-अप करना सुनिश्चित किया जाए। इसका मतलब यह है कि अब अधिकारियों को अपनी मेजों पर फाइलों के अंबार लगाने की इजाजत नहीं होगी और हर फाइल का डिजिटल रिकॉर्ड रखा जाएगा। इस कदम से न केवल फाइलों के गुम होने या उनमें हेर-फेर होने की आशंका खत्म होगी, बल्कि आम जनता के काम भी समय पर पूरे हो सकेंगे।

**'ई-ऑफिस' प्रणाली को पूरी तरह अनिवार्य किया**

**16 फरवरी से पेपरलैस होगा**




## 'युवा आपदा मित्र' प्रशिक्षण का चौथा दिन: स्वयंसेवकों ने सीखा खोज, बचाव और घायल मरीजों को संभालने का हुनर

लुधियाना (सत्ता संदेश)- लुधियाना में चल रहे 7-दिवसीय 'युवा आपदा मित्र' प्रशिक्षण शिविर के चौथे दिन स्वयंसेवकों को तकनीकी बचाव कार्यों और आपातकालीन चिकित्सा सहायता का गहन प्रशिक्षण दिया गया। कोर्स डायरेक्टर प्रो. (डॉ.) जोग सिंह भाटिया की देखरेख में आयोजित इस कार्यक्रम में युवाओं ने आपदा के समय जीवन बचाने की बारीकियों को सीखा। आज के सत्र में आकाशीय बिजली से बचाव, बुनियादी खोज और बचाव के साथ-साथ प्राथमिक चिकित्सा पर विस्तृत व्याख्यान दिए गए। स्वयंसेवकों को व्यावहारिक रूप से मरीजों को उठाने और ले जाने, रक्तस्राव को नियंत्रित करने और घाव की देखभाल करने के तरीके सिखाए गए।

# लुधियाना में अवैध खनन का कारोबार जोरों पर

लुधियाना (सत्ता संदेश)-पंजाब सरकार द्वारा बड़े-बड़े दावे किए जा रहे हैं कि पंजाब में अवैध माइनिंग के कारोबार पर पूर्ण तौर पर पाबंदी लगाई हुई है, परंतु थाना मेहरबान के अधीन आती मतेवाडा पुलिस चौकी के सतलुज दरिया में सरे आम अवैध रेत का कारोबार बिना किसी रोक से धड़ल्ले से चलाया जा रहा है जिसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने वाला माइनिंग विभाग और पुलिस विभाग आंखें बंद करके कुंभकरनी नींद में सोया हुआ है जिसके कारण इस इलाके में धड़ल्ले से अवैध माइनिंग का कारोबार चल रहा है। वहीं दूसरे तरफ इलाके के लोगों द्वारा इस अवैध रेत के कारोबार के खिलाफ जिला प्रशासन से कार्रवाई करने की मांग की जा रही है परंतु लोगों की किसी भी मांग पर विभाग द्वारा कोई भी कार्रवाई नहीं की जा रही जिसके कारण इस इलाके में रात दिन रेत से भरे हुए सैकड़ो टिप्पर ट्रैक्टर ट्रालियों को अवैध रेत भर के सतलुज दरिया से निकाले जा रहे है। इलाके के लोगों ने बताया कि पिछली बरसात में अवैध रेत माफिया द्वारा सतलुज दरिया से की गई नाजायज माईनिंग के कारण ससराली कॉलोनी का बांध टूट गया था जिसके कारण इलाके के लोगों की 300 एकड़ से भी ज्यादा जमीन आज तक खराब पड़ी हुई है परंतु जिला प्रशासन द्वारा इस इलाके में अवैध रेत के कारोबार पर पाबंदी लगाने की जगह इस माफिया पर कोई भी कानूनी कार्रवाई नहीं की जा रही है। इलाके के लोगों ने बताया कि सतलुज दरिया से प्रतिदिन की सैकड़ों टिप्पर और ट्रैक्टर ट्रालियां रेत भरकर निकल रही है जिसके कारण इस इलाके के लोगों को सारा दिन और सारी बात भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों को अपने घरों को जाने के लिए कई कई घंटे तक खड़े होकर इंतजार करना पड़ रहा है परंतु सतलुज दरिया से अवैध रेत भरकर निकलने वाले सैकड़ो टिप्पर इतनी ज्यादा तादाद में निकलते हैं कि सारी सड़क जाम हो जाती है जिसके चलते इलाके के लोगों को इस अवैध रेत के कारोबार से भारी समस्याएं उठानी पड़ रही हैं। लोगों ने बताया कि सरकार आने वाले बरसात की सीजन में फिर से इस इलाके में बाढ़ लाने की तैयारी कर रही है ताकि इस इलाके के लोगों का भारी नुकसान हो सके।

**माइनिंग और पुलिस विभाग आंखें बंद करके कुंभकरनी नींद में सोया**

# पंजाबियों के लिए बहुत चिंता की खबर सामने आई!

**सड़कों पर लापरवाही बन रही है एक्सीडेंट का मुख्य कारण**



चंडीगढ़ (सत्ता संदेश)- पंजाबियों के लिए बहुत चिंता की खबर सामने आई है। दरअसल में, नेशनल हाईवे पर हर 8 घंटे में एक एक्सीडेंट हो रहा है, जिसमें 75 परसेंट लोग अपनी जान गंवा रहे हैं। सड़कों पर लापरवाही एक्सीडेंट का मुख्य कारण बन रही है। यह खुलासा सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की रिपोर्ट में हुआ है, जो कल पार्लियामेंट में पेश की गई। इस रिपोर्ट के मुताबिक, साल 2025 में नेशनल हाईवे पर 111 सड़क एक्सीडेंट हुए, जिनमें 858 लोगों की जान चली गई। रिपोर्ट के मुताबिक, साल 2024 में 1912 एक्सीडेंट हुए, जिनमें 1562 लोगों की जान चली गई। इसी तरह, साल 2023 में 2388 एक्सीडेंट में 1895 लोगों की मौत हुई और साल 2022 में 2293 एक्सीडेंट में 1881 लोगों की जान गई। साल 2021 में 2288 एक्सीडेंट में 1950 लोग इस दुनिया को अलविदा कह गए। इन एक्सीडेंट की मुख्य वजह सड़कों की हालत, गाडियों की हालत शामिल है। इसलिए, केंद्र सरकार ने सभी राज्यों में एडवांस्ड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम को चार लेन और उससे ज्यादा चौड़ाई वाले सभी नेशनल हाईवे पर योजनाबद्ध तरीके से लागू करने का फैसला किया है ताकि सभी राज्यों के लिए ट्रैफिक मैनेजमेंट का एक सिस्टम लागू हो और सड़क एक्सीडेंट को कम करने की कोशिश की जा सके। एक्सपर्ट्स के मुताबिक, गाड़ी चलाने वालों द्वारा ट्रैफिक नियमों की अनदेखी, तेज रफ्तार, ओवरलोडिंग है। राज्य में ओवरलोडिंग ने पिछले 5 सालों में 2,725 जानें ली हैं, जो पूरे ट्रांसपोर्ट सिस्टम पर सवाल उठाने के लिए काफी है।

## लुधियाना में हाईटेंशन तारों की चपेट में आया 16 टायर ट्राला, ड्राइवर की दर्दनाक मौत

लुधियाना - लुधियाना के गिल रोड इलाके में शनिवार रात एक दिल दहला देने वाला हादसा सामने आया, जिसमें 16 टायर वाले ट्राले के ड्राइवर की मौके पर ही मौत हो गई। प्रो लाइफ हॉस्पिटल के नजदीक हाईटेंशन बिजली लाइनों से ट्राला टकरा गया, जिससे वाहन में आग लग गई और ड्राइवर करंट की चपेट में आ गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार हादसा रात करीब 8 बजे हुआ। ट्राला सड़क किनारे लगे ट्रांसफार्मर और ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन के संपर्क में आ गया। बिजली का तार लगते ही पूरे वाहन में करंट फैल गया और कुछ ही पलों में ट्राला आग की लपटों से घिर गया।



# सनातन सेवा समिति द्वारा भव्य श्री हनुमान चालीसा का आयोजन सराहनीय : मनीष सिसोदिया

**विजय शर्मा व वरुण मेहता द्वारा आए लोगों का आभार व्यक्त**




लुधियाना, (सत्ता संदेश)- सनातन सेवा समिति पंजाब की लुधियाना इकाई द्वारा स्थानीय भाई रणधीर सिंह नगर दुर्गा माता मंदिर में भव्य श्री हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया जिसमें दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री व आम आदमी पार्टी पंजाब के प्रभारी श्री मनीष सिसोदिया तथा पंजाब सरकार के पर्यटन व सांस्कृतिक विभाग के सलाहकार श्री दीपक बाली विधायक अशोक पराशर पप्पी तथा मेयर प्रिंसिपल इंद्रजीत कौर विशेष तौर पर पहुंचे। इस दौरान समिति के राष्ट्रीय प्रमुख विजय शर्मा व जोन संगठन महासचिव वरुण मेहता ने उनका स्वागत करते हुए उन्हें समिति द्वारा किए जा रहे कार्यों से अवगत कराया।

श्री मनीष सिसोदिया ने मंदिर प्रांगण में विधिवत पूजा अर्चना के बाद शहर के विभिन्न क्षेत्रों से आई महिला संकीर्तन कमेटियों को वाद्य यंत्रों की किट बांटी तथा उपरांत सभी उपस्थित हजारों लोगों ने एक स्वर में सामूहिक श्री हनुमान चालीसा पाठ का उच्चारण किया। श्री मनीष सिसोदिया ने बताया कि हमारे जीवन में धर्म व कर्म का विशेष महत्व है। हमे धर्म के अनुसार मिली शिक्षा को अपने जीवन में ग्रहण करना चाहिए। उसी के अनुसार चलने वाला इंसान कभी भी जिंदगी में किसी भी मुसीबत का सामान करने में सक्षम हो जाता है। ईश्वर ने धरती पर हर जीव के जीने का साधन बनाया है लेकिन जोह उसके साधक है। वो नाम सिमरन करके अपने इस जीवन में ही अपने जन्म को सुधार लेते है और आज सनातन सेवा समिति विजय शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश भर में सनातनियों को साथ जोड़ने के लिए सराहनीय कार्य कर रही है तथा प्रदेश के 117 हलकों में संगठन का विस्तार करना अच्छा प्रयास है तथा वरुण मेहता द्वारा मालवा जोन में किए जा रहे कार्य तथा जिला व ब्लॉक कमेटियों का गठन कर सनातनियों को साथ जोड़ा जा रहा है। सिसोदिया ने कहा कि मनुष्य को अपने कर्म हमेशा अच्छे रखने चाहिए। मानवता की सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं किसी भी संस्था द्वारा जरूरतमंदों को शिक्षा स्वास्थ्य की सुविधा मुहैया करवाने से कई परिवारों के कष्ट दूर होते है और पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार का भी यही प्रयास है कि हर घर तक स्वास्थ्य योजना का लाभ पहुंचे आज सरकार लोगो के द्वार की नीति पर कार्य कर रही है।

श्री दीपक बाली ने संबोधित करते हुए कहा कि सनातन सेवा समिति द्वारा संकीर्तन मंडलियों को वाद्य यंत्र प्रदान करने से मोहल्ले में छोटे मंदिरों में सनातन के प्रचार प्रसार को ताकत मिलेगी।

समिति के राष्ट्रीय प्रमुख श्री विजय शर्मा ने कहा कि समिति द्वारा पंजाब के 23 जिलों में साप्ताहिक हनुमान चालीसा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। हमारी महिला संकीर्तन टीमें घर घर जाकर तथा अन्य आयोजनों द्वारा चालीसा का उच्चारण कर रही है और समिति के सदस्य युवा वर्ग को सनातनी संस्कृति से अवगत करवाकर उन्हें धर्म के प्रचार प्रसार हेतु जागरूक कर रहे हैं।

समिति के मालवा जोन के संगठन महासचिव वरुण मेहता ने मंच संचालन करते हुए श्री हनुमान चालीसा का व्याख्यान किया तथा इसके साथ ही सभी आए हुए श्रद्धालुओं तथा समिति के सदस्यों कीर्तन मंडलियों मंदिर कमेटियों का आभार व्यक्त किया।

***इस मौके नन्हीं बच्ची वाणी ने रसमय हनुमान स्तुति की***

इस अवसर पर वेद प्रचार मंडल के रोशन लाल आर्य समिति के जिला इंचार्ज निखिल शर्मा महिला विंग इंचार्ज रुपिंदर कौर हल्का आत्म नगर कॉर्डिनेटर भारत शर्मा नौनी हल्का उत्तरी से अश्वनी कन्नौजिया हल्का सेंट्रल से साहिल पाठक हल्का पश्चिमी से कर्ण ढड महिला विंग से सिमर वर्मा , नरेंद्र कौर , शुभम् सहोता व अन्य भारी संख्या में उपस्थित थे।

## लुधियाना पुलिस को बड़ी सफलता, लूटपाट और चोरी करने वाले गिरोह के 2 सदस्य गिरफ्तार

लुधियाना, (सत्ता संदेश)- कमिश्नरेट पुलिस ने शहर में लूटपाट और चोरी की वारदातों पर लगाम कसते हुए दो शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से चोरी के 10 मोबाइल फोन और 2 मोटरसाइकिल बरामद किए हैं।

जानकारी देते हुए एडीसीपी समीर वर्मा और एसीपी अनिल कुमार भनोट ने बताया कि थाना डिवीजन नंबर-4 के मुख्य अधिकारी इंस्पेक्टर गुरजीत सिंह की टीम ने इन आरोपियों को दबोचा है।पकड़े गए आरोपियों की पहचान मेहरबान निवासी ऋषि और आदिल के रूप में हुई। जांच में सामने आया है कि आरोपी नशे के आदी हैं और अपनी नशे की लत को पूरा करने के लिए अपने साथियों के साथ मिलकर शहर के अलग-अलग हिस्सों में लूटपाट और छीना-झपटी की घटनाओं को अंजाम देते थे। थाना डिवीजन नंबर-4 में आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपियों को माननीय अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड हासिल किया जाएगा। रिमांड के दौरान पूछताछ में इनसे अन्य वारदातों और इनके गैंग के बाकी सदस्यों के बारे में अहम सुराग मिलने की संभावना है।

# वेरका मिल्क यूनियन में अमानत में खयानत का मामला आया सामने

**जिम्मेदार पद पर तैनात व्यक्ति ने ही किया संस्थान के लाखों रुपयों पर हाथ साफ**

लुधियाना (सत्ता संदेश)-वेरका मिल्क यूनियन में अमानत में खयानत का एक बड़ा मामला सामने आया है, जहां एक जिम्मेदार पद पर तैनात व्यक्ति ने ही संस्थान के लाखों रुपयों पर हाथ साफ कर दिया। जनरल मैनेजर, मिल्क यूनियन लुधियाना की ओर से पुलिस को दी गई शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपी की पहचान राजिंदर सिंह के रूप में हुई है, जो लुधियाना मिल्क यूनियन में बतौर मिल्क बार इंचार्ज तैनात था। जानकारी के मुताबिक, आरोपी राजिंदर सिंह के पास मिल्क बार की रोजाना होने वाली दूध और डेयरी उत्पादों की बिक्री का कैश संभालने की जिम्मेदारी थी। उसे नियमानुसार यह राशि रोजाना यूनियन की लेखा शाखा (एकाउंट ब्रांच) में जमा करवानी होती थी। लेकिन, अपनी जिम्मेदारी को न निभाते हुए आरोपी ने करीब 8,62,849/- रुपये की भारी-भरकम राशि यूनियन के खाते में जमा करवाने के बजाय खुद खुर्द-बुर्द कर ली। जब विभाग को इस बड़ी गड़बड़ी का पता चला, तो मामले की जांच की गई, जिसमें खुलासा हुआ कि इंचार्ज ने संस्थान के साथ विश्वासघात किया है। जनरल मैनेजर की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए थाना सराभा नगर की पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि यह गबन पिछले कितने समय से चल रहा था और क्या इसमें कोई और भी शामिल है।

# डिफॉल्टर अलॉटियों के लिए नई सुनहरा मौका! एमनेस्टी स्कीम 2025 में विस्तार

लुधियाना, (सत्ता संदेश)- ज़िला ग्लाडा अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि सरकार ने पुड्डा/ग्लाडा के डिफॉल्टर अलॉटियों को लाभ देने के लिए एमनेस्टी स्कीम 2025 में 31 मार्च 2026 तक का विस्तार किया है। उन्होंने बताया कि ग्लाडा अथॉरिटी से संबंधित आवासीय और वाणिज्यिक प्लॉट्स और मकानों के डिफॉल्टर अलॉटियों जो पहले इस स्कीम के तहत लाभ लेने से वंचित रह गए थे, उनके लिए अब स्कीम के तहत लाभ प्राप्त करने का एक और सुनहरा अवसर है।




उन्होंने आगे कहा कि इच्छुक अलॉटी अपनी प्रति-बेनती 31 मार्च 2026 शाम 5:00 बजे तक ग्लाडा कार्यालय में जमा करवा सकते हैं। इस स्कीम संबंधी अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए सुपरिंटेंडेंट, ज़िला कार्यालय, कमरे नंबर 111 और 112, ग्राउंड फ्लोर, ग्लाडा, लुधियाना पर किसी भी कार्यदिवस सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक संपर्क किया जा सकता है।

## सम्पादकीय

# रोजगार की चुनौती और विकसित भारत की राह

केंद्रीय सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय की हालिया रिपोर्ट देश के लिए गंभीर संकेत देती है। दिसंबर माह में बेरोजगारी दर बढ़कर 4.8 प्रतिशत पहुंचना चिंता का विषय है। भारत को युवाओं का देश कहा जाता है, लेकिन इस विशाल युवा शक्ति का समुचित उपयोग राष्ट्र निर्माण में नहीं हो पा रहा। विशेष रूप से शहरी क्षेत्रों में 15 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में बेरोजगारी 6.7 प्रतिशत तक पहुंच गई है, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में यह 3.9 प्रतिशत पर बनी हुई है। यह असंतुलन नीति-निर्माताओं के लिए आत्मचिंतन का विषय है।

विकास दर तभी सार्थक मानी जाएगी जब उसके साथ रोजगार के अवसर भी बढ़ें। यदि अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही है, लेकिन संगठित और असंगठित क्षेत्रों में नौकरियां नहीं बन रहीं, तो यह विकास अधूरा है। औद्योगिक क्षेत्रों में एआई और डिजिटलीकरण के कारण रोजगार संरचना बदल रही है, लेकिन सवाल यह है कि क्या हम अपने युवाओं को इन नई चुनौतियों के लिए पर्याप्त रूप से तैयार कर पा रहे हैं?

'आत्मनिर्भर भारत' और 'स्किल इंडिया' जैसे अभियानों के बावजूद जमीनी स्तर पर अपेक्षित परिणाम सामने नहीं आना चिंता बढ़ाता है। शिक्षा व्यवस्था और कौशल प्रशिक्षण को समयानुकूल बनाना बेहद जरूरी है। साथ ही, सरकारी नौकरियों में घटती संख्या और भर्ती प्रक्रियाओं में पारदर्शिता की कमी युवाओं में असंतोष पैदा कर रही है।

संतुलित और समावेशी विकास के लिए प्रति व्यक्ति आय बढ़ाना, आर्थिक असमानता कम करना और व्यापक स्तर पर रोजगार सृजन अनिवार्य है। रोजगार बढ़ने से न केवल उत्पादकता और क्रय शक्ति में वृद्धि होगी, बल्कि महंगाई नियंत्रण और सामाजिक खुशहाली भी संभव होगी। यदि बेरोजगारी पर प्रभावी नियंत्रण नहीं किया गया, तो विकसित भारत का सपना अधूरा रह सकता है। एआई और डिजिटल युग की मांगों के अनुरूप युवाओं के कौशल विकास को तेज करना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

इसके साथ ही सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को मजबूत करना भी रोजगार सृजन की दिशा में अहम कदम हो सकता है। ये उद्योग देश में सबसे अधिक रोजगार उपलब्ध कराते हैं, लेकिन पूंजी, तकनीक और बाजार तक पहुंच की कमी से जूझ रहे हैं। यदि सरकार इन्हें सस्ती वित्तीय सहायता, तकनीकी सहयोग और विपणन सुविधा उपलब्ध कराए, तो बड़े पैमाने पर रोजगार के नए अवसर पैदा हो सकते हैं।

कृषि और उससे जुड़े क्षेत्रों में भी रोजगार की अपार संभावनाएं हैं। खाद्य प्रसंस्करण, भंडारण, कोल्ड चेन और ग्रामीण उद्यमिता को बढ़ावा देकर गांवों में ही आजीविका के साधन विकसित किए जा सकते हैं। इससे शहरी क्षेत्रों की ओर होने वाले पलायन पर भी रोक लगेगी।

निजी क्षेत्र, शिक्षा संस्थानों और सरकार के बीच बेहतर तालमेल समय की मांग है। उद्योगों की जरूरत के अनुसार पाठ्यक्रम तैयार किए जाएं और इंटर्नशिप व अप्रेंटिसशिप को अनिवार्य बनाया जाए, ताकि युवा पढ़ाई के साथ व्यावहारिक अनुभव भी हासिल कर सकें। जब तक रोजगार को विकास का केंद्रीय लक्ष्य नहीं बनाया जाएगा, तब तक विकसित भारत का संकल्प पूर्ण रूप से साकार नहीं हो पाएगा।

इसके अलावा, स्टार्टअप संस्कृति को प्रोत्साहित करना भी बेरोजगारी कम करने का प्रभावी माध्यम बन सकता है। नवाचार, शोध और उद्यमिता को बढ़ावा देकर युवा स्वयं रोजगार मांगने वाले नहीं, बल्कि रोजगार देने वाले बन सकते हैं। महिलाओं और वंचित वर्गों की कार्यबल में भागीदारी बढ़ाना भी आर्थिक विकास को गति देगा। यदि केंद्र और राज्य सरकारें मिलकर दीर्घकालिक रोजगार नीति बनाएं, तो देश की युवा ऊर्जा को सकारात्मक दिशा दी जा सकती है और विकसित भारत का लक्ष्य वास्तविकता में बदला जा सकता है।

*जितेंद्र कुमार, सम्पादक*

## मैं पटाखे बजाकर मुख्यमंत्री बनना नहीं चाहती थी




सत्ता संदेश

R.N.I. No. PBHIN/25/A4135

पब्लिशर, एडिटर, मालिक जितेंद्र कुमार और प्रिंटर अश्मीत सिंह ने न्यूज़पेपर 'सत्ता संदेश' (हिंदी साप्ताहिक), ने मुंजाल प्रिंटर्स 1558 / 1, अमरपुरा, माता वाली गली, सिविल हस्पताल के पास, लुधियाना, पंजाब – 141008 से छपवाकर अपने आफिस पीएल 42, वर्धमान पार्क, चंडीगढ़ रोड, मुंडियां कलां, लुधियाना, पंजाब – 141015 । से प्रकाशित किया ।

Publisher, Editor, Owner JITENDER KUMAR and Printer ASHMEET SINGH Newspaper Title 'SATTA SANDESH' (Hindi Weekly), Printed at MUNJAL PRINTERS 1558/1, AMARPURA MATA WALI GALI, NEAR CIVI HOSPITAL, LUDHIANA, PUNJAB - 141008 and Published from PL 42, VARDHMAN PARK, CHANDIGARH ROAD, MUNDIAN KALAN, LUDHIANA, PUNJAB - 141015.

M. +91 92162 42177
Email : sattasandesh25@gmail.com

### 'हे राम!' एक शाम, तीन गोलियाँ और पूरी मानवता का शोक:

# महात्मा गांधी के अंतिम क्षणों की मार्मिक कथा

लुई फ़िशर लिखते हैं–30 जनवरी 1948 की वह शाम इतिहास के पन्नों में सदा के लिए दर्ज हो गई, जब महात्मा गांधी ने अपने जीवन की अंतिम साँस ली। यह कोई साधारण दिन नहीं था। नई दिल्ली के बिड़ला भवन में रोज़ की तरह सायंकालीन प्रार्थना की तैयारी थी, और गांधीजी अपने दैनिक अनुशासन में मग्न थे–उसी सादगी, उसी समयपालन और उसी सहज मुस्कान के साथ।

शाम लगभग साढ़े चार बजे आभा भोजन लेकर आईं। किसी को अनुमान भी नहीं था कि यही गांधीजी का अंतिम भोजन होगा। भोजन अत्यंत साधारण था–बकरी का दूध, उबली हुई कच्ची सब्जियाँ, नारंगी फल, ग्वारपाठे का रस, अदरक, नींबू और घी का काढ़ा। बिड़ला भवन के पिछवाड़े, ज़मीन पर बैठे गांधीजी भोजन करते हुए स्वतंत्र भारत की नई सरकार के उप-प्रधानमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल से बातचीत कर रहे थे। वहाँ सरदार पटेल की पुत्री और सचिव मणिबहन भी उपस्थित थीं। बातचीत गंभीर थी। उस समय देश में यह चर्चा फैल रही थी कि प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू और सरदार पटेल के बीच मतभेद हैं। जैसे अनेक राष्ट्रीय समस्याएँ, यह विषय भी गांधीजी के समक्ष लाया गया था, क्योंकि वे ही ऐसे व्यक्ति थे जिन पर सबको भरोसा था। आभा, जो पास ही बैठी थीं, बीच में बोलने से संकोच कर रही थीं। पर वे गांधीजी की समय-निष्ठा को भलीभाँति जानती थीं। अंततः उन्होंने गांधीजी की घड़ी उठाकर उन्हें दिखाई। गांधीजी तुरंत बोले–'मुझे अब जाना होगा।' वे उठे, पास के स्नानघर में गए और फिर बिड़ला भवन के बाईं ओर स्थित बड़े पार्क में प्रार्थना स्थल की ओर चल पड़े।

उनके साथ आभा और मनु थीं। गांधीजी ने अपने दोनों बाजू उनके कंधों पर रख दिए। वे मज़ाक में उन्हें अपनी 'टहलने की छड़ियाँ' कहा करते थे। रास्ते में लाल पत्थर के खंभों वाली लंबी गैलरी थी, जहाँ से रोज़ गुजरते हुए वे दो मिनट सुस्ताते और हँसी-मज़ाक करते थे। उस दिन उन्होंने सुबह पिए गए गाजर के रस का ज़िक्र किया और हँसते हुए कहा–'तू मुझे जानवरों का खाना देती है!'

आभा ने मुस्कराकर जवाब दिया–'बा इसे घोड़ों का चारा कहा करती थीं।'

गांधीजी ने विनोद किया–'तो क्या यह मेरे लिए गर्व की बात नहीं कि जिसे कोई नहीं चाहता, उसे मैं पसंद करता हूँ?'

समय की बात चली तो आभा ने मज़ाक में कहा–'बापू, आपकी घड़ी आज खुद को बहुत उपेक्षित महसूस कर रही होगी।'





गांधीजी हँसते हुए बोले–'जब तुम मेरी समय-पालिका हो, तो मुझे घड़ी देखने की ज़रूरत ही क्या है?' प्रार्थना स्थल के पास दूब पर चलते हुए गांधीजी बुदबुदाए–'मुझे दस मिनट की देर हो गई। देरी से मुझे नफ़रत है।' प्रार्थना के लिए लगभग पाँच सौ लोगों की भीड़ एकत्र थी। पाँच छोटी सीढ़ियाँ उतरकर वे चौकी की ओर बढ़े। लोग सम्मान में खड़े हो गए, कुछ उनके चरणों में झुक गए। गांधीजी ने आभा और मनु के कंधों से अपने बाजू हटाए और दोनों हाथ जोड़ लिए।

ठीक उसी क्षण, एक व्यक्ति भीड़ को चीरता हुआ सामने आया। ऐसा लगा मानो वह प्रणाम करने झुक रहा हो। देर हो रही थी, इसलिए मनु ने उसे रोकने का प्रयास किया। उसने आभा को ज़ोर से धक्का दिया। आभा गिर पड़ीं। वह व्यक्ति गांधीजी से लगभग दो फुट की दूरी पर खड़ा हो गया और छोटी पिस्तौल से तीन गोलियाँ चला दीं।

पहली गोली लगते ही गांधीजी का उठा हुआ पाँव नीचे गिर गया, पर वे खड़े रहे। दूसरी गोली से उनके सफ़ेद वस्त्र रक्तरंजित हो गए। चेहरा पीला पड़ गया। उनके जुड़े हाथ धीरे-धीरे नीचे आए और एक बाजू क्षणभर आभा की गर्दन पर टिक गया। गांधीजी के मुख से अंतिम शब्द निकले–'हे राम!' तीसरी गोली की आवाज़ गूँजी और उनका शरीर धरती पर गिर पड़ा। चश्मा ज़मीन पर जा गिरा, चप्पलें पैरों से उतर गईं। आभा और मनु ने उनका सिर गोद में उठा लिया। उन्हें तुरंत बिड़ला भवन के कमरे में ले जाया गया। आँखें अधखुली थीं, पर जीवन क्षीण हो चुका था। सरदार पटेल लौट आए, नाड़ी देखी–बहुत धीमी थी। डॉक्टर बुलाए गए, दवाइयाँ खोजी गईं, पर कुछ भी शेष नहीं था। डॉ. द्वारकाप्रसाद भार्गव ने स्पष्ट कहा–'उन्हें बचाया नहीं जा सकता था।'

गोलियों ने उनके शरीर को भेद दिया था। एक गोली हृदय के पास से निकल गई, दूसरी ने बड़ी नस काट दी, तीसरी फेफड़े में धँसी रह गई। कुछ ही मिनटों में महात्मा गांधी इतिहास बन चुके थे।

कमरे में सन्नाटा छा गया। युवक-युवतियाँ सिसकने लगे। जवाहरलाल नेहरू दौड़ते हुए आए, घुटनों के बल बैठकर गांधीजी के रक्तरंजित वस्त्रों में मुँह छिपाकर रो पड़े। देवदास गांधी आए, उनके चेहरे पर शांत मुस्कान थी–मानो सो रहे हों। देवदास ने लिखा–'उस चेहरे की पवित्रता इतनी गहरी थी कि शोक करना भी अपराध-सा लग रहा था।'

पूरे देश और दुनिया में शोक की लहर दौड़ गई। विदेशी राजनयिक आए, रोए। बिड़ला भवन के बाहर हज़ारों लोग अंतिम दर्शन की माँग करने लगे। शव को छत पर रखा गया, रोशनी की गई। लोग मौन श्रद्धा से गुजरते रहे।

अगले दिन अंतिम संस्कार की तैयारी हुई। जमुना तट तक ऐतिहासिक शवयात्रा निकली। लाखों लोग साथ चले, करोड़ों की आँखें नम थीं। 'महात्मा गांधी की जय' के स्वर गूँज रहे थे। आकाश से पुष्पवर्षा हो रही थी। चारों ओर श्वेत वस्त्र, शांति और करुणा का वातावरण था।

चिता पर गांधीजी को उसी तरह लिटाया गया, जैसे बुद्ध को लिटाया गया था। रामदास ने चिता को अग्नि दी। अपार भीड़ से आह की ध्वनि निकली। चौदह घंटे तक चिता जलती रही, भजन और गीता-पाठ चलता रहा।

गांधीजी की भस्मि और अस्थियाँ देश-विदेश में विसर्जित की गईं। इलाहाबाद के संगम पर मुख्य अस्थि-विसर्जन हुआ। जहाँ-जहाँ भस्मि पहुँची, वहाँ तीर्थ-सा वातावरण बन गया।

गांधीजी की मृत्यु पर संसार भर के नेताओं, विचारकों और साधारण लोगों ने शोक व्यक्त किया। अल्बर्ट आइंस्टीन ने कहा–'गांधी ने सिद्ध कर दिया कि नैतिक आचरण की शक्ति से भी इतिहास बदला जा सकता है।' संयुक्त राष्ट्र संघ ने अपना झंडा झुका दिया। मानवता ने सिर झुका दिया।

तीन गोलियों ने केवल एक शरीर को नहीं, बल्कि करोड़ों दिलों को घायल किया। फिर भी, गांधीजी की विरासत जीवित रही–सत्य, अहिंसा और करुणा की विरासत। वे चले गए, पर उनका संदेश आज भी संसार का मार्गदर्शन कर रहा है।

— *लुई फ़िशर*

# सिर्फ समझौता नहीं,हमारे भविष्य का रोडमैप है भारत-यूरोपीय संघ एफटीए

भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आर्थिक कूटनीति में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है। इससे लाखों रोजगार पैदा होंगे तथा भारतीय युवाओं और किसानों के लिए व्यापक अवसरों का सृजन होगा। इसके साथ ही लगभग 2 अरब की उस आबादी के लिए धन पैदा होगा जो मिल कर वैश्विक अर्थव्यवस्था का एक- चौथाई भाग है।

विश्व की दूसरी और चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच यह एफटीए इतिहास के सबसे बड़े व्यापार समझौतों में से एक है। वास्तव में यह व्यापार समझौते से ज्यादा व्यापक है। यह कृत्रिम मेधा (एआई), रक्षा और सेमीकंडक्टर जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने वाली विस्तृत साझीदारी है। इस एफटीए से भारत के हर क्षेत्र और नागरिक तथा खास तौर से निर्धन तबकों को लाभ पहुंचेगा। यह एफटीए नियम आधारित व्यापार और आर्थिक नीतियों में स्थिरता सुनिश्चित करता है जिससे भारत स्वदेशी और विदेशी निवेश के लिए और ज्यादा आकर्षक बनेगा। यह छोटे व्यवसायियों, स्टार्टअप संस्थाओं और कामगारों के लिए अनेक अवसर पैदा करेगा। विश्व ने प्रधानमंत्री मोदी की घोषणा की सराहना करते हुए इस एफटीए को सभी समझौतों से बड़ा बताया है। यह वैश्विक अनिश्चितता के माहौल में स्थिरता को मजबूत करता है। यह भारत और यूरोपीय संघ को मुक्त बाजार, पूर्वानुमान क्षमता और समावेशी विकास के लिए प्रतिबद्ध भरोसेमंद साझीदारों के रूप में स्थापित करता है। भारत ने व्यापार मूल्य के हिसाब से यूरोपीय संघ में अपने 99 प्रतिशत से ज्यादा निर्यात के लिए अभूतपूर्व बाजार पहुंच प्राप्त की है जिससे 'मेक इन इंडिया' कार्यक्रम को बल मिलेगा। इस एफटीए से कपड़ा, रेडीमेड वस्त्र, चमड़ा, फुटवियर, समुद्री उत्पाद, रत्न और आभूषण,हस्तशिल्प, इंजीनियरी सामान और ऑटोमोबाइल जैसे श्रमसाध्य क्षेत्रों को निर्णायक मजबूती मिलेगी।

इस समझौते से लगभग 33 अरब डॉलर के भारतीय निर्यात पर 10 प्रतिशत तक टैरिफ खत्म होगा। इससे कामगारों, हस्तशिल्पियों, महिलाओं, युवाओं तथा सूक्ष्म, छोटे और मझोले उपक्रमों (एमएसएमई) का सशक्तीकरण होगा। वैश्विक मूल्य श्रृंखला से भारतीय व्यवसाय ज्यादा गहराई से जुड़ेंगे और वैश्विक व्यापार में महत्वपूर्ण आपूर्तिकर्ता के रूप में भारत की भूमिका मजबूत होगी।



पीयूष गोयल
केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री

यह समझौता व्यवसायियों और पेशेवर तबके के लिए दूसरे देशों में जाने को आसान बनाते हुए शिक्षा, सूचना प्रौद्योगिकी, वित्तीय सेवाओं और कंप्यूटर जैसे सेवा क्षेत्रों में अवसरों के नए द्वार खोलता है। इन प्रतिबद्धताओं से उच्च मूल्य वाले रोजगार के अवसरों के खुलने के साथ ही प्रतिभा, नवोन्मेष और संवहनीय आर्थिक विकास के वैश्विक केंद्र के रूप में भारत की स्थिति और मजबूत होती है।

व्यापार समझौते गरीबों के जीवन को बेहतर बनाने की मोदी सरकार की व्यापक रणनीति का हिस्सा हैं। इस रणनीति में क्रांतिकारी सुधारों और विवेकपूर्ण वित्तीय प्रबंधन के जरिए अर्थव्यवस्था को मजबूत करना तथा सभी पक्षों के लिए लाभकारी समझौते के उद्देश्य से विकसित और पूरक अर्थव्यवस्थाओं के साथ बातचीत शामिल है। यह रणनीति भारत को अपनी ताकत का सही इस्तेमाल करने और उन लाभकारी बाजारों तक पहुंच बनाने में सक्षम बनाती है जो कृषि और डेयरी जैसे संवेदनशील क्षेत्रों के हितों की रक्षा करते हुए श्रमसाध्य क्षेत्रों में वृद्धि के लिए महत्वपूर्ण हैं।

विकसित देशों के साथ व्यापार समझौते भारतीय उद्योगों को स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के अवसर प्रदान करते हैं और उपभोक्ताओं को विश्व स्तरीय उत्पाद उपलब्ध कराते हैं। यूपीए सरकार ने बिना सोचे-समझे भारत के बाज़ार खोल दिए थे, इसके उलट मोदी सरकार ने ऐसे समझौते किए हैं जिनमें टैरिफ में कमी धीरे-धीरे की जाती है। जिससे उद्योगों को उचित नीतिगत समर्थन के साथ अपनी प्रतिस्पर्धात्मकता और गुणवत्ता में सुधार करने के लिए पर्याप्त समय मिलता है। प्रतिस्पर्धी कीमतों पर उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों की आपूर्ति प्रधानमंत्री के 'विकसित भारत 2047' के दृष्टिकोण का केंद्र है। पिछले सप्ताह इसी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए प्रधानमंत्री ने कहा था- 'आइए, इस साल हम अपने पूरे सामर्थ्य के साथ गुणवत्ता को प्राथमिकता दें। हमारा एकमात्र मंत्र गुणवत्ता, गुणवत्ता और केवल गुणवत्ता होना चाहिए। कल की तुलना में आज और बेहतर गुणवत्ता। हम जो कुछ भी बनाते हैं, उसकी गुणवत्ता में सुधार करने का संकल्प लें।' भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौता भारत को एक विकसित देश बनाने के प्रधानमंत्री मोदी के दृष्टिकोण के पूरी तरह अनुरूप है। यह भारत को वैश्विक मंच पर एक गतिशील, विश्वसनीय और दूरदर्शी भागीदार के रूप में स्थापित करता है, जो दोनों क्षेत्रों के लिए समावेशी, मजबूत और भविष्य के लिए तैयार विकास की नींव रखता है। मोदी सरकार ने सिर्फ़ विकसित देशों के साथ ही व्यापार समझौते किए हैं,जो कपड़ा, जूते, रत्न और आभूषण, और हस्तशिल्प जैसे भारत के प्रमुख रोजगार पैदा करने वाले क्षेत्रों के साथ प्रतिस्पर्धा नहीं करते हैं। यह यूपीए शासन से बिल्कुल उल्टा है उन्होंने प्रतिस्पर्धी अर्थव्यवस्थाओं के साथ समझौतों में जल्दबाजी की और अक्सर भारत को मिलने वाले लाभ की तुलना में कहीं अधिक रियायतें दीं।

इसके अलावा, इस बात का कोई प्रमाण नहीं है कि यूपीए सरकार ने व्यापार समझौतों पर हस्ताक्षर करने से पहले हितधारकों के साथ कोई सार्थक बातचीत की थी। इसके विपरीत, मोदी सरकार ने अर्थशास्त्रियों, औद्योगिक निकायों, विशेषज्ञों और कई सरकारी विभागों एवं मंत्रालयों के साथ गहन विचार-विमर्श के बाद ही मुक्त व्यापार समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। परिणामस्वरूप, मोदी सरकार द्वारा हस्ताक्षरित प्रत्येक व्यापार समझौते को उद्योगों से व्यापक सराहना मिली है। मोदी सरकार द्वारा संपन्न प्रत्येक मुक्त व्यापार समझौते ने दोनों पक्षों के लिए नए अवसर पैदा किए हैं और भारत के श्रम-प्रधान क्षेत्रों के लिए वैश्विक अवसरों का विस्तार किया है। इन समझौतों ने 2047 तक भारत को एक विकसित देश बनने की दिशा में उसकी यात्रा को तेज़ किया है। यूपीए के कार्यकाल के दौरान, यूरोपीय संघ सहित विकसित देशों की भारत में रुचि कम हो गई थी, क्योंकि आर्थिक विकास धीमा हो गया था, मुद्रास्फीति उच्च स्तर पर बनी हुई थी और व्यापार का माहौल निराशाजनक था। तब भारत ने ऐसे लाभप्रद व्यापार समझौतों के मूल्यवान अवसर गंवा दिए, जो विकास को गति दे सकते थे और रोजगार पैदा कर सकते थे।

मोदी सरकार द्वारा संपन्न अन्य व्यापार समझौतों के साथ, भारत-ईयू एफटीए, ढुलमुल और निर्णायक नेतृत्व के बीच के अंतर को रेखांकित करता है। जहाँ पहले की सरकारें हिचकिचाती थीं और घुटने टेकती थीं वहीं मोदी सरकार ने बदलाव लाने वाला एक ऐसा समझौता किया है जो बाजारों का विस्तार करने के साथ साथ रोजगार पैदा करता है और भारत के मुख्य हितों की रक्षा करता है। यह इस बात का स्पष्ट उदाहरण है कि कैसे मजबूत नेतृत्व और रणनीतिक स्पष्टता नए अवसरों के दरवाजे खोल सकती है, जो देश को समृद्धि के रास्ते पर ले जा सकते हैं।

# बच्चों और युवाओं में तेजी से बढ़ती डिजिटल लत के खतरे

**सुमी सुकन्या दत्ता**

***इकोनॉमिक*** सर्वे 2025-26 में बच्चों और युवाओं में तेजी से बढ़ती डिजिटल लत को लेकर गंभीर चिंता जताई गई है। गुरुवार को संसद में पेश इस रिपोर्ट में कहा गया है कि मोबाइल, सोशल मीडिया, ऑनलाइन गेमिंग और स्क्रीन पर ज्यादा समय बिताने से मेंटल हेल्थ पर बुरा असर पड़ रहा है। सर्वे के मुताबिक, यह समस्या खासतौर पर बच्चों और किशोरों में ज्यादा देखने को मिल रही है, जिससे उनकी पढ़ाई, बर्ताव और भविष्य की काम करने की शक्ति पर बुरा असर पड़ रहा है। सकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार वी। अनंथा नागेश्वरन द्वारा लिखी गई रिपोर्ट में कहा गया है कि छोटे उम्र के बच्चे डिजिटल कंटेंट के नुकसान के लिए ज्यादा सेंसिटिव होते हैं, इसलिए सोशल मीडिया और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के लिए उम्र आधारित नियमों पर विचार किया जाना चाहिए। सर्वे में डिजिटल लत को ऐसी आदत बताया गया है जिसमें कोई शख्स मोबाइल, इंटरनेट या ऑनलाइन एक्टिविटी का जरूरत से ज्यादा और बार-बार इस्तेमाल करता है, जिससे मेंटल स्ट्रेस और डेली लाइफ इफेक्ट होती है। डिजिटल एडिक्शन के लक्षण हैं फोकस न कर पाना, नींद की कमी, फीक और स्ट्रेस, पढ़ाई या काम में गिरावट। जिन लोगों को डिजिटल एडिक्शन होता है, उनमे यह सभी समस्याएं नजर आने लगती हैं, समय के साथ यह सामाजिक रिश्तों को भी कमजोर करता है और लोगों को असली दुनिया से पूरी तरह से दूर कर देता है। रिपोर्ट में बताया गया है कि डिजिटल लत से सिर्फ इंसान ही नहीं, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था भी प्रभावित हो रही है। ऑनलाइन गेमिंग और फिजूल खर्च से आर्थिक नुकसान हो रहा है। साइबर फ्रॉड का खतरा और काम करने की क्षमता और आय में कमी जैसे असर सामने आ रहे हैं। सोशल मीडिया एडिक्शन से डिप्रेशन, कम आत्मविश्वास, साइबर बुलिंग का स्ट्रेस, सुसाइड के खतरे जैसे नुकसान हो सकते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक 15 से 24 साल के युवाओं में सोशल मीडिया एडिक्शन के कारण यह सभी समस्याएं तेजी से बढ़ी हैं। भारत में डिजिटल का इस्तेमाल तेजी से बढ़ रहा है। 2024 में भारी संख्या में इंटरनेट यूजर्स ने ऑनलाइन वीडियो देखे। 43% लोग सोशल मीडिया पर एक्टिव रहे, 40% ने म्यूजिक स्ट्रीमिंग और ईमेल का इस्तेमाल किया। देश में ओटीटी वीडियो और फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म पर लगभग 40 करोड़ और 35 करोड़ लोग सोशल मीडिया से जुड़े हुए हैं। ऐसे में युवा पूरी तरह डिजिटल माहौल में बड़े हो रहे हैं, जो उनकी मेंटल हेल्थ के लिए बिल्कुल सही नहीं है। हर चीज के लिए बच्चे अब मोबाइल और सोशल मीडिया पर निर्भर हो गए हैं, जिसकी वजह से उनका मानसिक विकास भी स्लो हो गया है। सर्वे का कहना है कि अब इंटरनेट की पहुंच समस्या नहीं रह गई है, खासतौर पर 15 से 29 साल के साल के लोगों के बीच में, अधिकतर लोग इंटरनेट का इस्तेमाल कर रहे हैं। हालांकि डिजिटल पहुंच ने सीखने, नौकरी और लोगों की हिस्सेदारी के मौके जरूर बढ़ाए हैं, लेकिन अब नीति में कुछ बदलाव की जरूरत है। जैसे- डिजिटल बिहेवियर, मेंटल हेल्थ, कंटेंट की क्वालिटी, डिजिटल हाइजीन, इकोनॉमिक सर्वे ने कई उपाय बताए हैं। इसमें स्कूलों में साइबर सेफ्टी की शिक्षा, फिजिकल एक्टिविटी को अनिवार्य बनाना, माता-पिता को स्क्रीन टाइम मैनेजमेंट की ट्रेनिंग, उम्र के हिसाब से डिजिटल एक्सेस, हानिकारक कंटेंट पर प्लेटफॉर्म की जवाबदेही, परिवारों को भी स्क्रीन टाइम सीमित करने, मोबाइल-फ्री समय रखने और ऑफलाइन एक्टिविटी बढ़ाने की सलाह दी गई है। रिपोर्ट में बताया गया है कि ऑस्ट्रेलिया ने कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर सख्त रोक लगाई है। चीन में बच्चों के लिए गेम खेलने की समय सीमा तय है और सिंगापुर स्कूलों में डिजिटल जिम्मेदारी सिखाता है। इनके अलावा फ्रांस, जापान, ब्राजील और अमेरिका के कुछ हिस्सों में स्कूलों में स्मार्टफोन पर बैन भी लगाया गया है। सर्वे में भारत में डिजिटल लत को रोकने के लिए कुछ जरूरी कदम उठाने के सुझाव भी दिए गए हैं। जैसे- ऑफलाइन यूथ हब, डिजिटल डाइट, बच्चों के लिए सिर्फ पढ़ाई वाले डिवाइस और टेली-मानस हेल्पलाइन का विस्तार।

# 2050 तक दुनिया में होगी भयंकर गर्मी, आग जैसी तपिश से झुलसेगा भारत!

*** ऑक्सफोर्ड रिसर्च अनुसार इस वर्ष तक दुनिया की लगभग आधी आबादी भीषण गर्मी की गिरफ्त में होगी, * ऑस्ट्रिया और कनाडा जैसे ठंडे देशों में पर भी पड़ेगा गर्मी का प्रभाव**



नई दिल्ली (सत्ता संदेश)- ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी की एक स्टडी ने सबको चौंका दिया है। इस स्टडी ने चेतावनी दी है कि अगर ग्लोबल वार्मिंग का खतरा ऐसे ही बढ़ता रहा, तो आने वाले कुछ दशकों में दुनिया के अरबों लोग खतरनाक गर्मी की चपेट में आ जाएंगे। यह स्टडी बताती है कि अगर धरती का औसत तापमान औद्योगिक स्तर से 2 डिग्री सैल्सियस बढ़ गया, जो कि अब बहुत संभव लग रहा है, तो 2050 तक दुनिया की लगभग आधी आबादी (करीब 3.79 अरब लोग) भीषण गर्मी की गिरफ्त में होगी। शोधकर्त्ताओं का कहना है कि इससे पहले भी यानि 1.5 डिग्री सैल्सियस तापमान बढ़ने पर गर्मी का असर बहुत तेजी से बढ़ेगा। 2010 में जहां दुनिया की 23 प्रतिशत आबादी अत्यधिक गर्मी झेल रही थी, वहीं यह आंकड़ा जल्द ही 41 प्रतिशत तक पहुंच सकता है। कुछ देशों जैसे मध्य अफ्रीकी देश, नाइजीरिया, साउथ सूडान, लाओस और ब्राजील में गर्मी का असर बहुत तेजी से बढ़ेगा। वहीं, भारत, इंडोनेशिया, बंगलादेश, पाकिस्तान, नाइजीरिया और फिलीपींस जैसे घनी आबादी वाले देशों में सबसे ज्यादा लोग गर्मी से प्रभावित होंगे। यह स्टडी नेचर सस्टेनेबिलिटी जर्नल में छपी है। इसमें बताया गया है कि ठंडे देशों को भी गर्मी से राहत नहीं मिलेगी। अगर तापमान 2 डिग्री सैल्सियस बढ़ा, तो ऑस्ट्रिया और कनाडा जैसे देशों में गर्म दिनों की संख्या दोगुनी हो जाएगी। यूके, स्वीडन, और फिनलैंड में ऐसे दिनों में करीब 150 प्रतिशत की बढ़ौतरी होगी, जबकि नॉर्वे और आयरलैंड में यह बढ़ौतरी 200 प्रतिशत या उससे भी ज्यादा हो सकती है।

## क्या कहते हैं अध्ययन के लेखक डा. जीसस लिजाना

अध्ययन के मुख्य लेखक, डॉ. जीसस लिजाना, इंजीनियरिंग साइंस के एसोसिएट प्रोफैसर हैं। वह बताते हैं कि गर्मी और सर्दी की मांग में ज्यादातर बदलाव 1.5 डिग्री सैल्सियस की सीमा पार करने से पहले ही हो जाएंगे। इसका मतलब है कि हमें गर्मी से निपटने के में बने घर और इमारतें ज्यादा गर्मी झेलने के लिए तैयारी अभी से शुरू करनी होगी। ठंडे देशों लिए नहीं बनी हैं। इसलिए, आने वाले कुछ सालों में लाखों घरों को एयर कंडीशनिंग लगवाने की जरूरत पड़ सकती है। ऑक्सफोर्ड के विशेषज्ञों का यह भी कहना है कि अगर तापमान 1.5 डिग्री सैल्सियस से ज्यादा बढ़ा, तो इसके स्वास्थ्य, शिक्षा, खेती और लोगों के एक जगह से दूसरी जगह जाने पर बहुत बड़े असर होंगे। साथ ही, दुनियाभर में एयर कंडीशनिंग और बिजली की मांग भी बहुत बढ़ जाएगी।

## केदारनाथ यात्रा को लेकर जिला प्रशासन की तैयारियां जारी

केदारनाथ (सत्ता संदेश)-केदारनाथ यात्रा के लिए रुद्रप्रयाग जिला प्रशासन तैयारी में जुट गया है। महाशिवरात्रि पर कपाट खुलने की तिथि तय होगी। हर वर्ष की तरह इस बार भी महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर केदारनाथ मंदिर के कपाट खुलने की तिथि घोषित की जाएगी। तिथि का निर्धारण उखीमठ स्थित ओंकारेश्वर मंदिर में पंचांग गणना के बाद बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति एवं तीर्थ पुरोहितों द्वारा किया जाता है। इधर, आगामी यात्रा को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। विशेष रूप से राष्ट्रीय राजमार्ग से जुड़ी समस्याओं पर तेजी से कार्य कर प्रभावित स्थलों पर सुधार कार्य किए जा रहे हैं। जिलाधिकारी प्रतीक जैन ने बताया कि यात्रा व्यवस्थाओं को लेकर घोड़ा-खच्चर, डंडी-कंडी संचालकों, मंदिर समिति, होटल व्यवसायियों, जनप्रतिनिधियों और व्यापारिक संगठनों से संवाद किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि केदारनाथ यात्रा से पूर्व सभी आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जा रहा है, ताकि श्रद्धालुओं को सुगम और सुरक्षित यात्रा सुविधा मिल सके।

# पार्टी के मंचों से नदारद शशि थरूर राहुल और खड़गे से मिले

नई दिल्ली- शशि थरूर कांग्रेस पार्टी के लिए एक जरूरी नाम हैं, क्योंकि पार्टी केरल में विधानसभा चुनावों की तैयारी कर रही है। अगले कुछ महीनों में जिन राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं, उनमें केरल ही सिर्फ एक ऐसा सूबा है, जहां मुश्किलों से घिरी पार्टी के पास जीतने का असली मौका है। पिछले कुछ महीनों से कांग्रेस के साथ उठापटक बाद सीनियर कांग्रेस नेता और सांसद शशि थरूर ने गुरुवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी से दो घंटे तक मुलाकात की।( यह मुलाकात पिछले हफ्ते कांग्रेस पार्टी और थरूर के बीच हुए ताज़ा विवाद के बाद हुई है, जब तिरुवनंतपुरम के सांसद ने दिल्ली में केरल के पार्टी के टॉप नेताओं के साथ ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी की एक अहम मीटिंग में हिस्सा नहीं लिया था, जिसमें विधानसभा चुनावों के लिए रणनीतियों को अंतिम रूप दिया जाना था। हालांकि राज्य कांग्रेस नेताओं ने उनकी गैरमौजूदगी को ज़्यादा तवज्जो नहीं दी, लेकिन

**कांग्रेस पार्टी में ऑल इज वेल!**



इससे एक बार फिर अटकलों का बाज़ार गर्म हो गया है। पता चला है कि थरूर नाराज़ थे और एक बार फिर उस पार्टी में खुद को अपमानित महसूस कर रहे हैं, जिसकी कमान संभालने की उन्होंने कभी ख्वाहिश की थी। थरूर और कांग्रेस के टॉप नेता, राष्ट्रीय स्तर पर और केरल में, कई मुद्दों पर एक ही पेज पर नहीं रहे हैं, जिससे अक्सर इस पुरानी पार्टी में उनके भविष्य के बारे में अटकलें लगती रही हैं।

गुरुवार को कांग्रेस चीफ मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी से मुलाकात के बाद शशि थरूर ने सोशल मीडिया पर एक तस्वीर शेयर की है। इस पोस्ट में उन्होंने लिखा, 'हमने अपने दो पार्टी नेताओं, LOP और कांग्रेस अध्यक्ष के साथ बातचीत की। हमारी बहुत अच्छी, कंस्ट्रक्टिव बातचीत हुई। सब ठीक है,और हम एक साथ मिलकर आगे बढ़ रहे हैं।' मीडिया ने जब शशि थरूर से सवाल किया कि क्या केरल के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार पर कोई चर्चा हुई, तो थरूर ने न्यूज एजेंसी एएनआई से बातचीत में कहा, 'नहीं। यह कभी मुद्दा नहीं था। सच कहूं तो, मुझे किसी भी चीज़ के लिए उम्मीदवार बनने में कोई दिलचस्पी नहीं है। मैं एक सांसद हूं और मुझे संसद में वोटर्स का भरोसा हासिल है। यही मेरा काम है।' शशि थरूर कांग्रेस पार्टी के लिए एक जरूरी नाम हैं, क्योंकि पार्टी केरल में विधानसभा चुनावों की तैयारी कर रही है।

अगले कुछ महीनों में जिन राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं, उनमें केरल ही सिर्फ एक ऐसा सूबा है, जहां मुश्किलों से घिरी पार्टी के पास जीतने का असली मौका है। तमिलनाडु में कांग्रेस एक छोटी पार्टी है, जबकि पश्चिम बंगाल में यह कई मायनों में एक हाशिये की ताकत है। कांग्रेस नेता मानते हैं कि असम में चुनावी लड़ाई पार्टी के लिए एक मुश्किल काम होने वाली है।

## पहली बार 90 फीट लंबे राष्ट्रीय ध्वज के साथ निकाली 'शान-ए-तिरंगा रैली'



बारामूला (सत्ता संदेश)-नॉर्थ कश्मीर के तंगमर्ग क्षेत्र में पहली बार 90 फीट लंबे राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे के साथ 'शान-ए-तिरंगा रैली' का भव्य आयोजन किया गया। इस ऐतिहासिक रैली का आयोजन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (ए.बी.वी.पी.) कश्मीर द्वारा किया गया। रैली तंगमर्ग गेटवे से होकर गुजरी, जिसमें 90 फीट लंबे तिरंगे ने आम जनता का विशेष ध्यान आकर्षित किया। रैली का उद्देश्य देशभक्ति की भावना को प्रोत्साहित करना, राष्ट्रीय एकता को मजबूत करना तथा तिरंगे के प्रति सम्मान और गर्व की भावना को उजागर करना था। इस अवसर पर स्थानीय छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। लगभग 40 स्थानीय छात्र-छात्राओं की भागीदारी ने रैली को और अधिक प्रभावशाली बना दिया। रैली के दौरान देशभक्ति के नारों और तिरंगे की शान ने पूरे क्षेत्र में देशप्रेम का माहौल पैदा कर दिया। स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे युवाओं में राष्ट्रभक्ति की भावना को सशक्त करने की दिशा में एक सराहनीय कदम बताया है।

# शाह देश के सबसे नाकाम गृह मंत्री: अभिषेक बनर्जी

कोलकाता- तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अभिषेक बनर्जी ने शनिवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को देश का 'सबसे नाकाम गृह मंत्री' करार दिया और उन पर आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने में विफल रहने तथा राजनीतिक विरोधियों पर दोष मढ़ने का आरोप लगाया।

कोलकाता हवाई अड्डे पर संवाददाताओं से मुखातिब बनर्जी ने कहा कि शाह जैसे नेता केवल 'पर्यटक' हैं, जो चुनाव के समय राज्य में आते हैं, बड़े-बड़े वादे करते हैं और फिर सब भूल जाते हैं।

शाह के आनंदपुर में अग्निकांड में हुई मौतों के लिए ममता सरकार को जिम्मेदार ठहराने के बारे में पूछे जाने पर बनर्जी ने कहा, 'शाह जैसे भाजपा नेता लाशों पर राजनीति कर रहे हैं और गिद्धों की तरह व्यवहार कर रहे हैं।'

उन्होंने कहा, 'क्या शाह और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भाजपा शासित गोवा में नाइटक्लब में लगी



आग में हुई मौतों के लिए जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए? मध्यप्रदेश में दूषित पानी की समस्या के लिए किसे दोष देना चाहिए? राज्य में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में 140 से अधिक लोगों की मौत के लिए कौन जिम्मेदार है? नोटबंदी के समय लंबी कतारों में खड़े होने के कारण हुई लोगों की मौत के लिए कौन जिम्मेदार है?'

बनर्जी ने शाह को 'भारत का सबसे विफल और फर्जी गृह मंत्री' बताया। उन्होंने कहा, 'अगर वह घुसपैठ की बात करते हैं, तो उन्हें जिम्मेदारी लेनी चाहिए, क्योंकि सीमा की सुरक्षा करने वाली बीएसएफ गृह मंत्री के अधीन है।'

बनर्जी ने शाह पर 'विभाजन और नफरत की राजनीति' करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि 'किसी भी दुर्भाग्यपूर्ण घटना का राजनीतिकरण नहीं होना चाहिए।'

बनर्जी ने बताया कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी रविवार को दिल्ली जाएंगी और दो फरवरी को निर्वाचन आयोग से मिलने वाले एक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगी।

## कांग्रेस एपस्टीन फाइल में प्रधानमंत्री के संदर्भ को लेकर गलत सूचना फैला रही: भाजपा

नयी दिल्ली- भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शनिवार को कांग्रेस पर जेफरी एपस्टीन से जुड़ी जांच फाइलों में शामिल एक सामान्य ईमेल सामग्री को ''तोड़-मरोड़कर'' पेश करने और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ गलत सूचना फैलाने का आरोप लगाया।

पार्टी ने कहा कि प्रधानमंत्री और एपस्टीन के बीच किसी भी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष संवाद का ''कोई सबूत नहीं'' है। भाजपा की यह प्रतिक्रिया कांग्रेस की ओर से 'एक्स' पर एक पोस्ट में कथित ईमेल और अमेरिकी न्याय विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध इसके लिंक को साझा किए जाने के बाद आई। पोस्ट में आरोप लगाया गया कि एपस्टीन फाइलों में मोदी का संदर्भ शामिल है। इसमें प्रधानमंत्री से घटनाक्रम पर स्पष्टीकरण देने की मांग की गई। भाजपा नेता अमित मालवीय ने कांग्रेस की ओर से 'एक्स' पर किए गए पोस्ट को 'फर्जी खबर' करार दिया। उन्होंने कहा, 'कांग्रेस का यह सनसनीखेज दावा तथ्यों को पूरी तरह से तोड़-मरोड़कर पेश किया जाना है कि जेफरी एपस्टीन ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बारे में लिखा था कि उन्होंने (मोदी) एक अमेरिकी राष्ट्रपति के लाभ के लिए इजराइल में 'नाचने और गाने' को लेकर कथित तौर पर उनकी (एपस्टीन) 'सलाह' ली थी, जो तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर प्रस्तुत करना है।''

मालवीय ने कहा कि अमेरिकी अधिकारियों की ओर से जारी की गई एपस्टीन से जुड़ी किसी भी फाइल से यह संकेत नहीं मिलता है कि मोदी ने कभी भी 'नाचने, गाने या किसी अन्य चीज' के लिए एपस्टीन की व्यक्तिगत सलाह मांगी, ली या उस पर अमल किया, न ही ये फाइल दोनों के बीच किसी भी संवाद को दर्शाती हैं।

भाजपा नेता ने कहा, ''सत्यापित रिकॉर्ड में एपस्टीन की 'सलाह' के बारे में कोई जिक्र नहीं है, नाचने या गाने का कोई उल्लेख नहीं है और न ही ऐसा कोई बयान है, जिसमें दावा किया गया हो कि 'यह कारगर रहा।''

उन्होंने आरोप लगाया कि 'ये सभी विवरण पूरी तरह से मनगढ़ंत हैं' और कांग्रेस 'आक्रोश उत्पन्न करने' के लिए इन्हें फैला रही है।'

भाजपा नेता ने कहा कि मोदी का 2017 में इज़राइल का दौरा रक्षा, प्रौद्योगिकी और व्यापार पर केंद्रित एक ऐतिहासिक कूटनीतिक दौरा था, जिसमें राजकीय यात्राओं के तरह के सामान्य सांस्कृतिक सत्कार शामिल थे, न कि कोई ''कल्पित एपस्टीन-से जुड़ी योजना।''

## जयपुर में ऑक्सीजन सिलेंडर फटने से दो व्यक्तियों की मौत: पुलिस

जयपुर- जयपुर के विश्वकर्मा औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक कारखाने में ऑक्सीजन सिलेंडर फटने से शनिवार रात दो व्यक्तियों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पुलिस के अनुसार करणी विहार कॉलोनी स्थित एक कारखाने में ऑक्सीजन सिलेंडर भरे जाते हैं। पुलिस के अनुसार शनिवार रात सिलेंडर भरे जा रहे थे तभी एक सिलेंडर फट गया।

## श्रीलंका में चार से 11 फरवरी तक भगवान बुद्ध के देवनीमोरी अवशेषों का प्रदर्शन

नयी दिल्ली- भगवान बुद्ध के पवित्र देवनी मोरी अवशेष पहली बार अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी के तहत श्रीलंका में प्रदर्शित किए जाएंगे। अधिकारियों के अनुसार, यह प्रदर्शनी कोलंबो में चार से 11 फरवरी तक आयोजित की जाएगी। ये पवित्र अवशेष गुजरात के देवनीमोरी क्षेत्र से उत्खनन के दौरान प्राप्त हुए थे और वर्तमान में वडोदरा स्थित महाराजा सयाजीराव विश्वविद्यालय के संरक्षण में हैं।

श्रीलंका स्थित भारतीय उच्चायोग ने शनिवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर आगामी प्रदर्शनी की जानकारी साझा की।

पोस्ट में कहा गया, 'प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की घोषणा के अनुरूप, भगवान बुद्ध के पवित्र देवनी मोरी अवशेष पहली बार अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी के लिए श्रीलंका ले आए जा रहे हैं।' अधिकारियों के अनुसार, यह प्रदर्शनी भारत और श्रीलंका के बीच ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और बौद्ध विरासत से जुड़े संबंधों को और मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

## बिहार में साढ़े तीन साल की बच्ची का यौन उत्पीड़न, आरोपी गिरफ्तार

पटना- पटना के बिहटा इलाके में साढ़े तीन साल की एक बच्ची के साथ यौन उत्पीड़न का कथित मामला सामने आया है। पुलिस ने शनिवार को बताया कि घटना के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

दानापुर-2 के अनुमंडल पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) अमरेंद्र कुमार झा ने संवाददाताओं से कहा, 'लड़की की मां द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार, जब उसकी बेटी घर के बाहर खेल रही थी, तब एक पड़ोसी ने उसके साथ यौन उत्पीड़न किया।'

झा ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और फोरेंसिक विशेषज्ञों ने घटनास्थल से सबूत एकत्र किए हैं। उन्होंने बताया कि लड़की को चिकित्सा जांच के लिए पास के सरकारी अस्पताल भेजा गया है और मामले की जांच जारी है।

## टोल प्लाजा गोलीबारी- एक आरोपी को गोली लगी, भागने की कोशिश में दूसरे की हड्डी टूटी

गुरुग्राम- गुरुग्राम के घमरोज टोल प्लाजा समेत चार स्थानों पर गोलीबारी के सिलसिले में गिरफ्तार आरोपियों में से एक को पुलिस जब पुराना बहरामपुर गांव में हथियार बरामद करने के लिए ले जा रही थी तब उसने सहायक उप निरीक्षक (एएसआई) पर कथित तौर पर गोली चलाने के बाद भागने की कोशिश की। इस दौरान पुलिस द्वारा चलायी गई गोली लगने से आरोपी घायल हो गया। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि तीन आरोपी विनय, बॉबी और पवन को शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने बताया कि पूछताछ के दौरान उन्होंने अपनी बंदूक छिपाने की बात कबूल की, जिसके बाद पुलिस उन्हें अपराध में इस्तेमाल किए गए हथियार को बरामद करने के लिए ले गई।

पुलिस ने बताया कि विनय ने शुक्रवार देर रात 'छिपाए गए' एक हथियार से पुलिस टीम पर गोली चलाई, जो एएसआई मनमोहन की बुलेटप्रूफ जैकेट पर लगी। पुलिस ने बताया कि पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक गोली विनय के दाहिने पैर में लगी।

पुलिस ने बताया कि एक अन्य आरोपी बॉबी को भोंडसी ले जाया जा रहा था, जब उसने पुलिस हिरासत से भागने की कोशिश की और इस दौरान उसके पैर की हड्डी टूट गयी। पुलिस ने बताया कि दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस ने बताया कि तीसरे आरोपी को शनिवार को शहर की एक अदालत में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## अपनी जमीनों पर अवैध खनन करवाने वाले 9 परिवारों को नोटिस जारी

कांगड़ा (सत्ता संदेश)-कांगड़ा जिले के फतेहपुर विधानसभा क्षेत्र में अपनी जमीनों पर अवैध खनन करवाने वालों के खिलाफ प्रशासन ने अब कड़ा शिकंजा कस दिया है। बढ़ती शिकायतों के बाद प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए ऐसे 9 परिवारों को नोटिस जारी किए हैं, जिन्होंने अपनी जमीन पर अवैध खनन की अनुमति दी थी। इस बात की पुष्टि स्थानीय विधायक भवानी सिंह पठानिया ने की है। विधायक भवानी सिंह पठानिया ने एक वीडियो संदेश के माध्यम से बताया कि एस.डी.एम. फतेहपुर की ओर से नोटिस जारी किए जाने के बाद अब अगली कार्रवाई शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि जल्द ही लोक निर्माण विभाग और खनन विभाग की संयुक्त टीम मौके पर जाकर सर्वे करेगी। यह टीम जांच करेगी कि संबंधित जमीनों से खनन के जरिए कितना मैटीरियल निकाला गया है। विधायक ने बताया कि कहा कि सर्वे के बाद नुक्सान का आकलन किया जाएगा। इसके आधार पर नैशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल द्वारा निर्धारित कड़े नियमों के तहत जुर्माना लगाया जाएगा। विधायक ने स्पष्ट किया कि यह जुर्माना छोटा-मोटा नहीं होगा।

# ढेंकानाल के किसानों ने किया कमाल

भुवनेश्वर- ओडिशा राज्य के ढेंकानाल जिले के किसानों ने एक बहुत बड़ी उपलब्धि हासिल की है। यहां के किसानों ने पहली बार अपनी उगाई हुई ताज़ी स्ट्रॉबेरी लंदन (इंग्लैंड) भेजी है। यह खबर पूरे राज्य के लिए गर्व की बात है। इससे यह साबित होता है कि अगर किसान सही तरीके से खेती करें, तो उनके फल और सब्ज़ियां विदेशों तक भी पहुंच सकती हैं। ढेंकानाल जिले के किसानों ने कुल 51 किलो ताज़ी स्ट्रॉबेरी लंदन भेजी।

यह स्ट्रॉबेरी 'ससरुज्या एग्रो प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड' नाम की किसान उत्पादक संस्था ने उगाई और इकट्ठा की। इस संस्था में कई किसान मिलकर काम करते हैं। सभी किसानों ने मिलकर मेहनत की, तभी यह मुमकिन हो पाया। इस काम में किसानों को सरकार और कई संस्थाओं का पूरा सहयोग मिला। कृषि और किसान सशक्तिकरण विभाग के अंतर्गत बागवानी निदेशालय ने किसानों की मदद की। यह सहायता PSFPO नाम की योजना के तहत दी गई।

## ओडिशा की स्ट्रॉबेरी पहुंची लंदन

इस योजना को गेट्स फाउंडेशन का समर्थन मिला है। इतना ही नहीं इस योजना को पैलेडियम संस्था ने लागू किया।

इसके अलावा APEDA और वर्ल्ड ट्रेड सेंटर ने भी किसानों की मदद की। ओडिशा आजीविका मिशन ने भी किसानों का साथ दिया। इस मिशन की मदद से किसानों को अच्छे और बड़े बाज़ार मिले। किसानों को यह समझाया गया कि कैसे अपने उत्पाद को सही तरीके से पैक करना है और कैसे अच्छे दाम पर बेचना है। इससे किसानों को सीधा फायदा हुआ। इस स्ट्रॉबेरी निर्यात से किसानों को बहुत फायदा हुआ। स्थानीय बाज़ार की तुलना में किसानों को लगभग 50 प्रतिशत ज्यादा पैसे मिले। इससे किसानों की आमदनी बढ़ी है।



***जब किसानों को मेहनत का सही दाम मिलता है, तो उनका हौसला भी बढ़ता है।***

यह पहली बार है जब ओडिशा की ताज़ी स्ट्रॉबेरी विदेश पहुंची है। इससे यह दिखता है कि अब ओडिशा के किसान भी बड़ी और महंगी फसलों की खेती कर रहे हैं। किसान अब सिर्फ धान ही नहीं, बल्कि स्ट्रॉबेरी जैसे अच्छे फल भी उगा रहे हैं। विदेश भेजने के लिए फलों की गुणवत्ता बहुत अच्छी होनी चाहिए। ओडिशा के किसानों की स्ट्रॉबेरी ने अंतरराष्ट्रीय मानकों को पूरा किया। इससे यह साबित होता है कि हमारे किसान भी अब नई तकनीक और अच्छे तरीकों से खेती कर रहे हैं।

स्ट्रॉबेरी बहुत स्वादिष्ट होती है और सेहत के लिए भी अच्छी मानी जाती है। इसमें कई पोषक तत्व होते हैं। यह शरीर को ताकत देती है और बीमारियों से बचाती है। दुनिया भर में होटल, जूस बनाने वाली कंपनियां और खाने-पीने के उद्योग में स्ट्रॉबेरी की बहुत मांग है। इस सफल निर्यात से ओडिशा के किसानों को नई उम्मीद मिली है। अब किसान समझ रहे हैं कि वे भी विदेशी बाज़ार में अपने उत्पाद बेच सकते हैं। इससे उनकी आय बढ़ेगी और जीवन बेहतर होगा। ओडिशा से स्ट्रॉबेरी का लंदन जाना सिर्फ एक शुरुआत है। आने वाले समय में और भी फल और सब्ज़ियां विदेशों तक पहुंच सकती हैं। यह सफलता दिखाती है कि अगर किसान, सरकार और संस्थाएं मिलकर काम करें, तो बड़ी से बड़ी मंज़िल भी हासिल की जा सकती है।

## गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा यूनिवर्सिटी एन्क्लेव में श्रद्धा व उत्साह से मनाया गया श्री गुरु रविदास महाराज जी का 649वां प्रकाशोत्सव



जालंधर (जतिंदर सिंह)- जालंधर के यूनिवर्सिटी एन्क्लेव, लद्देवाली स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में श्री गुरु रविदास महाराज जी का 649वां प्रकाशोत्सव श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर गुरुद्वारा साहिब में धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में संगत ने भाग लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 9.00 बजे श्री सुखमनी साहिब जी के भोग से हुई। इसके उपरांत गुरुद्वारा साहिब की महिला कीर्तन जत्था द्वारा मधुर कीर्तन प्रस्तुत किया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

इस अवसर पर गुरुद्वारा साहिब के प्रधान सरदार हरजिंदर सिंह पड्डा ने संगत को श्री गुरु रविदास महाराज जी के प्रकाशोत्सव की बधाई दी। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि सतगुरु रविदास महाराज जी की शिक्षाएँ हमें समाज में समानता, प्रेम और भाईचारे का संदेश देती हैं, जिन्हें हमें अपने जीवन में अपनाना चाहिए। कीर्तन समापन के पश्चात गुरु का अटूट लंगर बरताया गया, जिसमें बड़ी संख्या में संगत ने श्रद्धापूर्वक प्रसाद ग्रहण किया।

इस मौके पर गुरुद्वारा साहिब की कमेटी की ओर से पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाएं देने के लिए पत्रकार जतिंदर सिंह एवं दलबीर सिंह को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में प्रधान हरजिंदर सिंह पड्डा, जनरल सेक्रेटरी हरजिंदर सिंह, जॉइंट सेक्रेटरी कुलवंत सिंह, यूनिवर्सिटी एन्क्लेव के प्रधान, खजांची अमरजीत सिंह, मेंबर भूपिंदर सिंह, चरणजीत सिंह (प्रधान, रंधावा कॉलोनी), बख्शीश सिंह, वाइस प्रधान शमशेर सिंह सहित अन्य कमेटी सदस्य तथा भारी संख्या में संगत उपस्थित रही।

# केंद्र सरकार ने पंजाब को 2 प्रोजैक्ट्स की मंजूरी देकर दिया तोहफा

लुधियाना/चंडीगढ़ (सत्ता संदेश)-केंद्र सरकार ने पंजाब के बुनियादी ढांचे के लिए एक बड़ा ऐलान करते हुए दोराहा और धुरी में दो अहम रेलवे ओवर ब्रिज के निर्माण को मंजूरी दी है। केंद्रीय राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने यह ऐलान करते हुए कहा कि इन प्रोजैक्ट्स से न सिर्फ आवाजाही आसान होगी, बल्कि पंजाब की आर्थिक तरक्की की रफ्तार भी तेज होगी। मंत्री बिट्टू ने कहा कि दिल्ली से अमृतसर साहिब से जोड्ने वाली मेन लाइन पर स्थित दोराहा रेलवे ओवर ब्रिज का काम शुरू हो चुका है। इस प्रोजेक्ट की कुल लागत करीब 70 करोड़ रुपये है। वहां ठेकेदार ने मशीनरी सहित अपना काम शुरू कर दिया है। इस पुल के बनने से मालवा के लोगों और चंडीगढ़, रोपड़ या श्री आनंदपुर साहिब जाने वाले यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी। इसके साथ ही रवनीत बिट्टू ने धुरी के लोगों को बधाई दी और कहा कि वहां 54 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले पुल की जी.ए.डी. मंजूर कर दी गई है और कुछ ही दिनों में काम शुरू हो जाएगा। इस दौरान उन्होंने जसविंदर और भाजपा टीम की तारीफ की जो पिछले चार दिनों से धुरी में भूख



हड़ताल पर हैं। बिट्टू ने सीनियर नेताओं को मौके पर जाकर जूस या नारियल पानी पिलाकर इस भूख हड़ताल को खत्म कराने का निर्देश दिया। रवनीत बिट्टू ने इशारा किया कि इन प्रोजैक्ट्स में गहरी राजनीति की वजह से देरी हो रही है, जिसके बारे में वह फिलहाल ज्यादा कुछ नहीं कहना चाहते। उन्होंने कहा कि कभी-कभी समय पर समस्याओं का समाधान हो जाता है और अब वह समय आ गया है। उन्होंने इस कामयाबी के लिए पूरी भाजपा टीम और लोकल संगठनों का शुक्रिया अदा किया, जिन्होंने लगातार तालमेल बनाए रखा। गौरतलब है कि जसविंदर सिंह पिछले चार दिनों से धुरी में ओवरब्रिज की मांग को लेकर भूख हड़ताल पर थे, जिसे लोकल संगठनों और पूरी भाजपा टीम ने सपोर्ट किया। प्रोजेक्ट को मंजूरी मिलने के बाद भाजपा के सीनियर नेता मौके पर पहुंचे और भूख हड़ताल खत्म करवाई।

## किसानों, व्यापारियों और आम लोगों के लिए राहत

सुनाम ऊधम सिंह वाला (सत्ता संदेश)-भाजपा जिला प्रधान दामन बाजवा ने कहा कि केंद्र की मोदी की लीडरशिप वाली भाजपा सरकार ने सुनाम, दिड़बा और लहरा हलके के लोगों को विकास का एक बड़ा तोहफा दिया है। नैशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया जल्द ही 24.50 करोड़ रुपएकी लागत से सुनाम-छाजली-लेहरा-जाखल रोड तैयार कर रहा है। दमन बाजवा ने कहा कि यह रोड प्रोजैक्ट इलाके के लोगों की लंबे समय से चली आ रही मांग थी। रोड की खराब हालत के कारण आम लोगों, किसानों, व्यापारियों, स्टूडैंट्स और मरीजों को अपनी रोजमर्रा की जिंदगी में भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ता था और एक्सीडैंट का भी खतरा रहता था। इस प्रोजैक्ट के बारे में सबसे गर्व की बात यह है कि इसका पूरा खर्च एन.एच.ए.आई. के जरिए केंद्र सरकार उठा रही है, यह पंजाब के इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने के लिए केंद्र सरकार के वायदे को दिखाता है। उन्होंने कहा कि सुनाम-जाखल रोड बनने से इलाके की कनैक्टिविटी मजबूत होगी, किसानों और व्यापारियों को बहुत सुविधा होगी और आम लोगों के लिए सफर सुरक्षित और आसान होगा

# मणिपुर में दो उग्रवादी गिरफ्तार



इंफाल- मणिपुर के कांगपोकपी और इंफाल पश्चिम जिलों से सुरक्षा बलों ने प्रतिबंधित संगठनों से जुड़े दो उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने रविवार को बताया कि प्रतिबंधित 'कुकी रिवोल्यूशनरी आर्मी' के 36 वर्षीय सदस्य को शुक्रवार को कांगपोकपी जिले के साइकुल गांव से गिरफ्तार किया गया।

पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि उसके पास से एक पिस्तौल और गोला-बारूद भी बरामद किए गए हैं।

उन्होंने बताया कि इंफाल पश्चिम जिले में सुरक्षा बलों ने प्रतिबंधित 'प्रीपैक' संगठन के 25 वर्षीय सदस्य को इरेनगबम से उसके घर से गिरफ्तार किया है।

# 'आप' सरकार की मुख्यमंत्री सेहत योजना एक खोखला दावा-चुघ

## कहा, यह स्वास्थ्य सुधार नहीं, पंजाब के साथ केजरीवाल का सियासी छलावा है

चंडीगढ़ (सत्ता संदेश)-भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुघ ने चंडीगढ़ में प्रैस कॉन्फ्रैंस को संबोधित करते हुए आम आदमी पार्टी सरकार की तथाकथित मुख्यमंत्री सेहत बीमा योजना को भ्रामक, अव्यवहारिक और पूरी तरह प्रचार आधारित करार दिया। चुघ ने कहा कि इस योजना की सबसे बड़ी और बुनियादी विफलता इसकी कड़ी पैकेज कैपिंग है, जो 10 लाख रुपये के स्वास्थ्य कवरेज के दावे को शुरू में ही खोखला साबित कर देती है। चुघ ने कहा कि इस केजरीवाल-मान द्वारा लाई गई इस योजना का सबसे बड़ा झूठ इसके 10 लाख की स्वास्थ्य सुरक्षा का दावा है। वास्तविकता है कि इस योजना में सिर्फ 1 लाख का बीमा है और बाकी के 9 लाख कर्ज में डूबी मान सरकार के भरोसे है, ऐसे में सबसे बड़ा यक्ष प्रश्न है कि यह 9 लाख आयेंगे कहा से चुघ ने सवाल उठाया। तरुण चुघ ने आगे कहा कि एक तरफ केजरीवाल और उनकी पार्टी 10 लाख के झूठ का ढिंढोरा



पीट रही है, वहीं गंभीर से गंभीर बीमारियों पर ऐसी कैपिंग लगाई है कि किसी भी मरीज को इलाज मिलना असंभव है, जब किसी योजना में इलाज पर इतनी कम कैपिंग लगा दी जाए कि गंभीर बीमारियों का पूरा उपचार संभव ही न हो, तो ऐसे में 10 लाख रुपये का दावा केवल कागजी प्रचार बनकर रह जाता है। उन्होंने कहा कि यह योजना इस तरह डिजाइन की गई है कि मरीज को या तो आशा अधूरा इलाज मिले या फिर इलाज की भारी रकम अपनी जेब से चुकानी पड़े। उन्होंने आयुष्मान भारत योजना का उदाहरण देते हुए कहा कि केंद्र सरकार की योजना इलाज की वास्तविक लागत के अनुरूप व्यावहारिक दरें तय कर एक राष्ट्रीय मानक स्थापित करती है। इसके विपरीत, मुख्यमंत्री सेहत योजना में हार्ट सर्जरी, ब्रेन सर्जरी और घुटना प्रत्यारोपण जैसी जटिल प्रक्रियाओं पर इतनी कम कैपिंग रखी गई है कि बड़े और भरोसेमंद अस्पताल इस योजना से दूर हैं, जिससे गरीब और मध्यम वर्ग सबसे अधिक प्रभावित होता है।

# 7 फरवरी से मुख्यमंत्री भगवंत मान नीदरलैंड और चेक गणराज्य के दौरे पर

चंडीगढ़ (सत्ता संदेश)-जापान और कोरिया का दौरा करने के बाद अब मुख्यमंत्री भगवंत मान सात फरवरी को नीदरलैंड और चेक गणराज्य जाएंगे।



सात दिवसीय इस दौरे में उनके साथ उद्योग और बिजली विभाग के मंत्री संजीव अरोड़ा और मुख्य सचिव केएपी सिन्हा सहित दो दर्जन के करीब अधिकारियों, मंत्रियों का शिष्टमंडल भी होगा। खास बात यह है कि दो सप्ताह पहले ही विदेश मंत्रालय ने राज्य सरकार के इसी प्रकार के शिष्टमंडल को ब्रिटेन और इजरायल जाने की पालिटिकल क्लीयरेंस देने से मना कर दिया था। इस कारण यह दौरा रद करना पड़ा। सूत्रों ने बताया कि नीदरलैंड और चेक गणराज्य में जाने के लिए विदेश मंत्रालय की ओर से पाजिटिव रिस्पांस मिला है। मुख्यमंत्री वहां 12 मार्च से पंजाब में होने वाली औद्योगिक समिट के लिए निवेशकों को निवेश के लिए आमंत्रित करेंगे।

# पालतू कुत्ते ने की वफादारी की मिसाल कायम

## बर्फीले तूफान में चार दिनों तक करता रहा मालिक के शव की रक्षा

चंबा (सत्ता संदेश)-हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले में बर्फीले तूफान और कड़ाके की ठंड के बीच एक पालतू कुत्ता अपने मालिक के शव की रक्षा करता मिला। अधिकारियों के अनुसार, चंबा के घरेर गांव का निवासी विकसित राणा (19) और मलकोटा गांव का पीयूष कुमार (14) 23 जनवरी को 'ट्रेकिंग' के लिए निकले थे। डिजिटल मंच के लिए वीडियो बनाने वाला (वीलॉगर) विकसित अपने साथ अपने पालतू कुत्ते 'शेरू' को भी ले गया था। वे ऊंचाई वाले इलाके में वीडियो बनाने गए जिसके बाद वे वहां से लापता हो गए। उन्होंने बताया कि विशेष पर्वतारोहण दल, जिला पुलिस और स्थानीय लोगों ने उन्हें ढूंढने के लिए संयुक्त बचाव अभियान चलाया। इसी के



साथ सेना की भी मदद ली गई जिसने घने जंगलों और दुर्गम क्षेत्रों में दोनों लड़कों की तलाश करने के लिए सैन्य हेलीकॉप्टर और ड्रोन का इस्तेमाल किया। अधिकारियों ने बताया कि अभियान के तीन दिन बाद बचाव दल ने बर्फ में दोनों लड़कों के शव देखे। उन्होंने बताया कि बचाव दल जैसे ही शवों के पास पहुंचे तो उन्होंने देखा कि पालतू कुत्ता 'शेरू' विकसित के शव के पास ही था। इसके बाद बचाव दल ने पीयूष का शव भी बरामद कर लिया और शवों को कुत्ते के साथ हवाई मार्ग से बाहर निकाला गया। उन्होंने बताया कि शवों को उनके परिजनों को सौंप दिया गया है।

# भारत की होनहार पर्वतारोही ज्योति शर्मा ने रचा इतिहास



नई दिल्ली (सत्ता संदेश)-भारत की होनहार पर्वतारोही ज्योति शर्मा ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश का गौरव बढ़ाते हुए एक नया इतिहास रच दिया है। 42 वर्षीय ज्योति शर्मा ने 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी 2026 को सुबह 8 बजकर 18 मिनट पर अफ्रीका की सबसे ऊंची चोटी माउंट किलिमंजारो (ऊंचाई 5,895 मीटर) पर सबसे तेज चढ़ाई कर विश्व रिकॉर्ड अपने नाम किया। उन्होंने यह चुनौतीपूर्ण अभियान मात्र 2 दिन 19 घंटे 44 मिनट में पूरा कर एक नई मिसाल कायम की। ज्योति के इस उद्देश्य ने पूरे देश और परिवार और को गर्व महसूस कराया है। यह उपलब्धि न केवल भारतीय पर्वतारोहण और खेल जगत के लिए प्रेरणास्रोत है, बल्कि युवाओं को साहस, समर्पण और देशभक्ति का संदेश भी देती है।



## फिल्म डायरेक्ट करने की है तैयारी!

# अरिजीत सिंह ने क्यों छोड़ी प्लेबैक सिंगिंग?

27 जनवरी की रात अरिजीत सिंह का एक ऐलान इंटरनेट पर हलचल मचा गया। उन्होंने प्लेबैक सिंगिंग से रिटायरमेंट लेने का फैसला किया है। फैन्स और सेलेब्स अरिजीत सिंह के ऐलान से हैरान हैं। हर कोई बस यही सोच रहा है कि आखिर उन्होंने ऐसा क्यों किया। करियर के पीक पर कोई सिंगिंग से रिटायरमेंट कैसे ले सकता है। अब सिंगर के करीबियों ने उनके इस डिसीजन पर चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने बताया कि आखिर अरिजीत प्लेबैक सिंगिंग से पीछे क्यों हटे हैं? अरिजीत सिंह ने हिंदी सिनेमा को अनगिनत सुपरहिट गाने दिए हैं। इसलिए उनका प्लेबैक सिंगिंग से रिटायरमेंट म्यूजिक इंडस्ट्री के लिए बड़ा नुकसान है। अरिजीत के करीबियों ने उनके इस फैसले की वजह बताई है। एक सोर्स ने बताया, अरिजीत एक फिल्म डायरेक्ट कर रहे हैं। वो उसमें व्यस्त होने वाले हैं। वो इसके लिए लंबे समय से तैयारी कर रहे हैं। डायरेक्शन उनका पैशन बन चुका है। बतौर डायरेक्टर उन्हें फिल्म के लिए काफी वक्त चाहिए। वो इसके लिए कड़ी मेहनत भी कर रहे हैं। लेकिन अगर वो प्लेबैक सिंगिंग के ऑफर लेते रहते, तो उनका ये प्रोजक्ट मुमकिन नहीं था। प्लेबैक सिंगिंग छोड़कर वो पहले डायरेक्टर का काम पूरा करेंगे।

ये एक साल के ब्रेक जैसा है। ऐसा कहा जा रहा है कि उनकी डेब्यू फिल्म में नवाजुद्दीन सिद्दीकी की बेटी शोरा मुख्य भूमिका में हैं। अरिजीत सिंह ने इंस्टाग्राम पर शेयर किए गए अपने पोस्ट में लिखा- नमस्ते, आप सभी को नए साल की शुभकामनाएं। इतने सालों से श्रोताओं के रूप में मुझे इतना प्यार देने के लिए मैं आप सभी का शुक्रिया करना चाहता हूं। मुझे ये बताते हुए खुशी हो रही है कि अब मैं आगे से प्लेबैक वोकलिस्ट के तौर पर कोई नया काम नहीं लेने वाला हूं। मैं इसे यहीं खत्म कर रहा हूं। ये सफर बहुत खूबसूरत रहा। उन्होंने ये भी बताया कि कुछ पेंडिंग कमिटमेंट्स अभी बाकी हैं, उन्हें पूरा करूंगा, तो जो इस रिलीज हो सकती हैं।



# कॉमेडी स्टार कैथरीन ओ'हारा का हुआ निधन



हॉलीवुड की मशहूर एक्ट्रेस और बेहतरीन कॉमेडी कलाकार कैथरीन ओ'हारा का निधन हो गया है। उन्होंने 71 साल की उम्र में लॉस एंजेलिस स्थित अपने घर में अंतिम सांस ली। उनकी मौत की खबर सुनकर पूरी फिल्म इंडस्ट्री और उनके फैन्स बहुत दुखी हैं। दुनियाभर में लोग सोशल मीडिया पर उन्हें श्रद्धांजलि दे रहे हैं। कैथरीन ओ'हारा एक बहुत मशहूर अभिनेत्री थीं, जिन्हें खासकर कॉमेडी रोल्स के लिए जाना जाता है। उनकी हंसी, अभिनय और बेहतरीन कॉमिक टाइमिंग के लिए दर्शक हमेशा उन्हें प्यार करते रहे हैं।

# बेटी राहा के आने से बदली आलिया भट्ट की दुनिया



इन दिनों अभिनेत्री आलिया भट्ट अपनी फिल्मों से ज़्यादा अपनी बेटी राहा और माँ बनने के अनुभव को लेकर चर्चा में हैं। हाल ही में एक बातचीत के दौरान आलिया ने बताया कि माँ बनने के बाद उनकी ज़िंदगी और सोच पूरी तरह बदल गई है।

आलिया भट्ट ने कहा कि अक्सर महिलाओं पर एक 'परफेक्ट माँ' बनने का दबाव होता है, लेकिन वे इस सोच से सहमत नहीं हैं। उनके मुताबिक, दुनिया में कोई भी परफेक्ट माता-पिता नहीं होता। हर कोई धीरे-धीरे सीखता है और बेहतर बनने की कोशिश करता है। उन्होंने कहा कि उन्हें बस अपने दिल की सुननी आती है और वे खुद पर ज़रूरत से ज़्यादा दबाव नहीं डालना चाहतीं। बेटी राहा को लेकर आलिया ने कहा कि वे चाहती हैं कि उनकी बेटी एक सुरक्षित माहौल में बड़ी हो। अपने बचपन को याद करते हुए आलिया ने बताया कि उनके माता-पिता—महेश भट्ट और सोनी राजदान—ने उन्हें हमेशा खुलकर जीने की आज़ादी और सुरक्षा दी। आलिया ने कहा कि वे भी अपनी बेटी को वैसा ही सुरक्षित और स्वतंत्र माहौल देना चाहती हैं, ताकि राहा निडर होकर अपनी ज़िंदगी जी सके।

# मैं दुनिया की सबसे उत्साही मांः रानी



बॉलीवुड एक्ट्रेस रानी मुखर्जी ने अपने मदरहुड, आने वाली फिल्म 'मर्दानी 3'और फिल्म इंडस्ट्री में तीन दशकों से ज्यादा के अपने सफर के बारे में खुलकर बात की। इस दौरान रानी ने अपनी बेटी आदिरा के बारे में भी खास जिक्र किया। हाल ही में आदिरा, 10 साल की हो गई है। ऐसे में एक्ट्रेस ने बताया कि बेटी के बड़े होने के साथ उनका रिश्ता कैसे विकसित हो रहा है। आदिरा के डबल डिजिट यानी 10वें साल में पहुंचने पर रानी मुखर्जी ने गर्मजोशी और ह्यूमर से कहा कि समय कितनी तेजी से बीत गया है। उन्होंने एचटी सिटी के स्टार्स इन द सिटी में कहा, 'डबल डिजिट हो गई है (हंसते हुए), जो बहुत खूबसूरत है।'

रानी ने आगे कहा, 'इस बात से मैं खुश नहीं हूं, क्योंकि मैं अभी भी उसकी बेबी फोटोज देखती हूं, इतना कि वो खुद अपनी ही फोटोज से जलने लगी है। वो कहती है, 'मम्मा, आप मुझे ऐसे क्यों देख रही हो? मैं तो अब ऐसी हूं (अपने आप की ओर इशारा करते हुए)।' मैं कहती हूं, 'मुझे पता है तुम अब ऐसी हो, लेकिन मुझे वो चाहिए, मैं तुम्हें अपनी गोद में चाहती हूं।' और अब वो मुझसे बड़ी हो गई है, मैं उसकी गोद में बैठ सकती हूं। तो मैं उन दिनों को बहुत मिस करती हूं जब मैं उसे हर जगह ले जाती थी, जैसे वो मेरी फेवरेट एक्सेसरी हो।

हां, अब वो बदल गया है। बच्चे बहुत तेजी से बड़े हो जाते हैं, खासकर लड़कियां। वो बहुत तेजी से बड़ी हो जाती हैं।'रानी मुखर्जी के ये विचार दिल को छू गए, जो बच्चों के बड़े होने की कड़वी-मीठी हकीकत को बयां करते हैं। जब उनसे पूछा गया कि क्या आदिरा उनके लिए सिर्फ बेटी नहीं बल्कि दोस्त जैसी है, तो रानी ने बिना हिचकिचाहट के जवाब दिया, 'बिल्कुल। वो सच में मेरी बेस्ट फ्रेंड है। और मैं लगातार उसके मन में ये बात डालती रहती हूं कि मैं उसकी बेस्ट फ्रेंड हूं।'

रानी ने ये भी बताया कि प्रोफेशनल कमिटमेंट्स के बीच भी मदरहुड उनकी सबसे बड़ी प्राथमिकता बना हुआ है। जब उनसे पूछा गया कि क्या आदिरा, 'मर्दानी 3' की रिलीज से पहले उनकी नर्वसनेस नोटिस करती है, तो एक्ट्रेस ने बताया कि बेटी के दिमाग में कुछ और ही चल रहा है। उन्होंने कहा, 'नहीं। उसका मुख्य इरादा ये है कि मैं आज रात की फ्लाइट लूं ताकि कल उसके स्पोर्ट्स डे पर पहुंच सकूं। तो उसके दिमाग में बस यही है, 'मम्मा, क्या आप फ्लाइट ले रही हो, क्या आप सब खत्म कर रही हो?' मैं कहती हूं, 'बिल्कुल, बिल्कुल। मैं सब जल्दी खत्म करके तुम्हारे स्पोर्ट्स डे के लिए भाग रही हूं।'

उत्साह जाहिर करते हुए रानी मुखर्जी ने आगे कहा, 'ये बहुत फुलफिलिंग है। मैं स्पोर्ट्स डे पर पहुंचने के लिए बेताब हूं और बच्चों के साथ दौड़ने के लिए। मैं सबसे ज्यादा एंथू (उत्साही) मां हूं। 'रानी मुखर्जी ने डायरेक्टर आदित्य चोपड़ा से अप्रैल 2014 में शादी की थी। दोनों ने इटली में प्राइवेट सेरेमनी में एक दूसरे का हाथ थामा था। इसके बारे में किसी को कानों-कान खबर नहीं थी। कपल के करीबी और परिवारवाले ही इस शादी में शामिल हुए थे। 2015 में उनकी बेटी आदिरा का जन्म हुआ था। फिल्म 'मर्दानी 3' की बात करें तो ये 30 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है।

# मुझे ऑनस्क्रीन उम्र की परवाह नहीं: मोना सिंह

टीवी से फिल्मों में अपनी धाक जमा चुकीं मोना सिंह जल्द सीरीज कोहरा के सेकंड सीजन में नजर आने वाली हैं। हाल ही में वो बॉर्डर 2 में दिखीं। फिल्म में सनी देओल की ऑनस्क्रीन पत्नी के रोल में वो छाईं। इससे पहले सीरीज 'बैड्स ऑफ बॉलीवुड' में मोना ने अपनी शानदार अदाकारी दिखाई। सालों से इंडस्ट्री में काम कर रहीं मोना को लगता है यहां पर डबल स्टैंडर्ड्स हैं।



मोना ने 40 की उम्र में स्क्रीन पर 50-60 साल की उम्र के किरदार निभाने पर बात की। वो कहती हैं- मैंने कभी अपनी ऑनस्क्रीन ऐज की परवाह नहीं की है। ऐसा इसलिए क्योंकि मैं कॉन्फिडेंट हूं। मुझे पता है मैं कौन हूं। मुझे कुछ साबित करने की जरूरत नहीं है। इसलिए मैं रिस्क लेती रहती हूं। लोग अक्सर मुझसे पूछते हैं, 'स्क्रीन पर तुम इतनी उम्रदराज क्यों लगती हो?' मैं उन्हें कहती हूं- मुझे इससे फर्क नहीं पड़ता। ये तो बस किरदार है जिसे मैं निभा रही हूं। उस रोल ने मुझे एक्साइट किया, इसलिए उसे प्ले करना मैंने चुना।

# सोनू सूद ने सरकार से 16 वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर बैन लगाने की मांग की

बॉलीवुड अभिनेता एवं समाजसेवी सोनू सूद ने सरकार से मांग की है कि वह देशभर में 16 वर्ष से कम आयु से बच्चों के सोशल मीडिया के उपयोग पर प्रतिबंध लगाने पर विचार करे। सोनू सूद ने सोशल मीडिया एक्स पर अपने पोस्ट में बच्चों के मोबाइल पर अत्यधिक समय बिताने पर चिंता व्यक्त की, यहां तक कि खाना खाते समय भी, और अनियंत्रित स्क्रीन एक्सपोजर के दीर्घकालिक प्रभाव के बारे में चेतावनी दी।



# दुनिया के सबसे सुरक्षित पीएम को आखिर किससे है डर?

इजराइल - इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की एक तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है, जिसमें वे एक गहरे रंग

## नेतन्याहू के फोन पर ब्लैक टेप का रहस्य

की गाड़ी के पास खड़े होकर मोबाइल पर बात करते दिखाई देते हैं. लेकिन इस तस्वीर में लोगों का ध्यान उनके फोन पर लगे टेप ने खींचा, जो उसके रियर कैमरों को





ढकता हुआ दिख रहा है। सोशल मीडिया यूजर्स ने तुरंत सवाल उठाए कि आखिर दुनिया के सबसे सुरक्षित माने जाने वाले देशों में से एक के प्रधानमंत्री को अपने कैमरे को ढकने की जरूरत क्यों पड़ रही है। इंफ्लुएंसर मारियो नॉफल ने ङ्ग पर लिखा-नेतन्याहू अपने फोन के कैमरे पर टेप क्यों लगाते हैं? उन्हें किससे डर है? और अगर इजराइल के प्रधानमंत्री को ऐसा करना पड़ रहा है, तो आम लोगों के लिए इसका क्या मतलब है? इस सवाल के बाद ऑनलाइन बहस और बढ़ गई। कई लोगों ने यह जानने की कोशिश की कि नेतन्याहू किस फोन का इस्तेमाल कर रहे हैं और कैमरा कवर करना किस तरह की सुरक्षा प्रक्रिया का हिस्सा है।प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से इस तस्वीर पर कोई बयान नहीं आया है। हालांकि कुछ लोगों ने दावा किया कि यह टेप इजराइल में संवेदनशील सरकारी जगहों पर अपनाई जाने वाली सामान्य सुरक्षा प्रक्रिया हो सकती है, जहां कैमरों को गलती से भी सक्रिय होने से रोका जाता है।

वहीं कुछ यूजर्स ने चिंता जताई कि अगर इतने उच्च सुरक्षा घेरे में रहने वाला एक प्रधानमंत्री भी कैमरा ढकने की जरूरत महसूस करता है, तो आम लोग कैसे सुरक्षित रह सकते हैं. एक यूजर ने लिखा कि अगर उन्हें डर है कि कोई उन पर नजर रख सकता है, तो हमें जरूर चिंतित होना चाहिए।

# ईरान का अमेरिका को कड़ा जवाब

## ट्रंप जंग शुरू कर सकते हैं पर खत्म नहीं

तेहरान- ईरान और अमेरिका के बीच तनाव चरम पर पहुंच गया है। एक ओर जहां राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को क्षपरमाणु समझौतेक्कके लिए टेबल पर आने की कड़ी चेतावनी दी है, वहीं ईरानी संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बागेर गालिबाफ ने स्पष्ट किया है कि ईरान बातचीत के लिए तैयार है, लेकिन वह अमेरिका की शर्तों को मानने के लिए मजबूर नहीं होगा।

ईरान की संसद के स्पीकर मोहम्मद बाकर गालिबाफ ने साफ कहा है कि ईरान अमेरिका से बातचीत के लिए तैयार है, लेकिन तभी जब वार्ता ईमानदार हो और उस पर वॉशिंगटन की शर्तें न थोपी जाएं. तेहरान में सीएनएन को दिए इंटरव्यू में गालिबाफ ने अमेरिका की मंशा पर सवाल उठाते हुए कहा, 'हम बातचीत के लिए तैयार हैं, लेकिन हमें लगता है कि अमेरिकी राष्ट्रपति सिर्फ अपनी बात थोपना चाहते हैं।' यह बयान ऐसे समय आया है जब अमेरिका ने मध्य-पूर्व में अपनी सैन्य मौजूदगी बढ़ा दी है और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप लगातार ईरान को सैन्य कार्रवाई की चेतावनी दे रहे हैं।

गालिबाफ ने देश के भीतर हुए हिंसक प्रदर्शनों को लेकर सरकार के कदमों का बचाव किया और कहा कि अशांति में मारे गए करीब 300 सुरक्षाकर्मियों के खून का बदला लिया जाएगा। उन्होंने आर्थिक बदहाली के लिए आंशिक



रूप से सरकारी कुप्रबंधन को स्वीकार किया, लेकिन इसका मुख्य कारण अमेरिका के 'तानाशाही प्रतिबंधों' को बताया। ईरानी संसद के अध्यक्ष ने अमेरिकी सेना को सीधी चेतावनी देते हुए कहा कि अगर ईरान पर हमला हुआ तो जवाबी कार्रवाई तय है और अमेरिकी सैनिक निशाने पर होंगे। उन्होंने कहा, 'शायद मिस्टर ट्रंप जंग शुरू कर सकते हैं, लेकिन वह यह तय नहीं कर सकते कि जंग कैसे खत्म होगी।' इससे पहले राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को चेताया था कि वह परमाणु समझौते पर बातचीत करे, वरना अगला अमेरिकी हमला पहले से कहीं ज्यादा भयावह होगा। सोशल मीडिया पर ट्रंप ने लिखा कि ईरान को बिना परमाणु हथियारों वाला 'न्यायसंगत समझौता' करना होगा और समय तेजी से खत्म हो रहा है। ईरान की तरफ से भी तीखी प्रतिक्रिया आई है। सुप्रीम लीडर के सलाहकार अली शमखानी ने कहा कि अमेरिका की किसी भी सैन्य कार्रवाई की स्थिति में ईरान अमेरिका, इजरायल और उनके समर्थकों को निशाना बनाएगा। विदेश मंत्री अब्बास अराकची ने भी चेताया कि ईरानी सेनाएं 'ट्रिगर पर उंगली रखे' किसी भी हमले का तुरंत और ताकतवर जवाब देने को तैयार हैं। अमेरिका जून 2025 में हुए हमलों के बाद से मध्य-पूर्व में सबसे बड़ा सैन्य जमावड़ा कर रहा है, जिससे क्षेत्र में तनाव चरम पर पहुंच गया है।

# 'सिख्स फॉर जस्टिस' ट्रम्प द्वारा प्रस्तावित बोर्ड ऑफ पीस में शामिल होने के लिए देगा 1 अरब डॉलर

वॉशिंगटन (सत्ता संदेश)- सिख अलगाववादी संगठन सिख्स फॉर जस्टिस (एस.एफ. जे.) ने कहा है कि वह अमरीका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा प्रस्तावित बोर्ड ऑफ पीस में शामिल होने के लिए 1 अरब अमरीकी डॉलर देने को तैयार है। इसके साथ ही एस.एफ. जे. ने अमरीकी प्रशासन से अपील की है कि वह भारत पर दबाव बनाए, ताकि भारतीय प्रशासन के अधीन पंजाब में खालिस्तान के लिए जनमत संग्रह (रैफरैंडम) कराने की अनुमति दी जा सके। एस.एफ. जे. के जनरल काऊंसिल गुरपतवंत



सिंह पन्नू ने यह बयान कराची प्रैस क्लब में आयोजित एक प्रैस कॉन्फ्रैंस के दौरान वॉशिंगटन से वीडियो लिंक के माध्यम से दिया। पन्नू ने कहा कि भारतीय पंजाब में तनाव लगातार बढ़ रहा है और हाल के समय में भारतीय अधिकारियों द्वारा बड़ी संख्या में सिखों की गिरफ्तारियां की गई हैं। उन्होंने दावा किया कि इस स्थिति को और बिगड़ने से रोकने का एकमात्र रास्ता संवाद के माध्यम से कराया गया खालिस्तान जनमत संग्रह है। दूसरी ओर, भारत सरकार खालिस्तान की मांग को खारिज करती रही है और इससे पहले एस.एफ.जे. को एक आतंकवादी संगठन घोषित कर चुकी है।

# एपस्टीन से जुड़ी ताजा फाइलों में कई नामी हस्तियों के नाम

न्यूयॉर्क- अमेरिका के न्याय विभाग ने अरबपति कारोबारी जेफरी एफस्टीन से जुड़ी जिन जांच फाइलों को शुक्रवार को सार्वजनिक किया, उनमें प्रौद्योगिकी जगत के दिग्गज बिल गेट्स और एलन मस्क, फिल्म निर्देशक मीरा नायर और व्हाइट हाउस के कुछ पूर्व सलाहकारों सहित अन्य नामी हस्तियों का जिक्र शामिल है।

विभाग ने कहा कि वह एफस्टीन के खिलाफ दो दशक से अधिक समय तक की गई जांच के दौरान जुटाई गई सामग्री को सार्वजनिक करने के उद्देश्य से 30 लाख से अधिक पन्नों के दस्तावेज, 2,000 से ज्यादा वीडियो और 1,80,000 तस्वीरें जारी करेगा। विभाग की वेबसाइट पर जारी हालिया फाइल में ब्रिटेन के शाही परिवार से जुड़े एंड्रयू माउंटबैटन-विंडसर और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सलाहकार रह चुके स्टीव बैनन के साथ एपस्टीन के ईमेल संवाद से संबंधित दस्तावेज भी शामिल हैं। रिकॉर्ड में ट्रंप से संबंधित कई जगह संदर्भ हैं, जिनमें ऐसे ईमेल भी शामिल हैं जिनमें एपस्टीन और अन्य लोगों ने उनके बारे में समाचार लेख साझा किए, उनकी नीतियों या राजनीति पर टिप्पणी की, या उनके और उनके परिवार के बारे में चर्चा की।

# हलका साहनेवाल के गांव हाड़ियां में विशेष कैंप का आयोजन

### कैबिनेट मंत्री मुंडियां ने मौके पर लाभार्थियों को सौंपे स्वास्थ्य बीमा योजना कार्ड



लुधियाना(सत्ता संदेश)– कैबिनेट मंत्री हरदीप सिंह मुंडियां की अगुवाई में हलका साहनेवाल के गांव हाड़ियां में एक विशेष कैंप का आयोजन किया गया, जहां स्थानीय निवासियों के स्वास्थ्य बीमा योजना कार्ड बनाए गए।

कैबिनेट मंत्री मुंडियां ने बताया कि हाल ही में मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने मोहाली में मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना का शुभारंभ किया, जिसके तहत ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए पंजाब के लगभग 65 लाख परिवारों को 10 लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज की सुविधा प्रदान की गई है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार ने प्रदेश के लोगों को एक बड़ा तोहफा देकर अपना एक और वादा पूरा किया है। इसके साथ ही पंजाब देश का पहला राज्य बन गया है, जिसने प्रत्येक परिवार को 10 लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज की सुविधा उपलब्ध कराई है। उन्होंने आगे कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार ने सत्ता में आने से पहले जनता से जो वादे किए थे, उन्हें एक-एक करके पूरा किया जा रहा है, जिनमें शिक्षा, सड़क बुनियादी ढांचा, अन्य बड़े प्रोजेक्ट और स्वास्थ्य सुविधाएं शामिल हैं।

कैबिनेट मंत्री मुंडियां ने कहा कि पंजाब और चंडीगढ़ के सभी सरकारी तथा सूचीबद्ध निजी अस्पतालों में इस योजना के तहत मरीजों का इलाज पूरी तरह मुफ्त किया जाएगा।

# LPU में खेती में कार्बन क्रेडिट अपनाने पर स्टेकहोल्डर मीटिंग

## बढ़ता कार्बन उत्सर्जन खेती और पर्यावरण के लिए एक चुनौती, LPU में विशेषज्ञों ने समाधान बताए

जालंधर, (सत्ता संदेश)- खेती, पर्यावरण और इंसानी सेहत पर बढ़ते कार्बन उत्सर्जन के गंभीर प्रभावों को ध्यान में रखते हुए, लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी (LPU) में खेती में कार्बन क्रेडिट अपनाने पर एक स्टेकहोल्डर मीटिंग हुई। यह कार्यक्रम मित्तल स्कूल ऑफ बिजनेस और स्कूल ऑफ एग्रीकल्चर ने ICSSR द्वारा स्पॉन्सर्ड एक प्रोजेक्ट के तहत आयोजित किया। कार्यक्रम की शुरुआत LPU के स्कूल ऑफ एग्रीकल्चर के डीन डॉ. प्रदीप कुमार चुणेजा के उद्घाटन भाषण से हुई। उन्होंने कहा कि कार्बन उत्सर्जन को कंट्रोल किए बिना सस्टेनेबल खेती संभव नहीं है। इस मौके पर डॉ. मनदीप भारद्वाज और डॉ. सपना जरियाल ने प्रोजेक्ट के बैकग्राउंड के बारे में जानकारी दी और बताया कि पंजाब और हरियाणा के किसानों की कार्बन क्रेडिट के प्रति तैयारी और इसकी व्यवहार्यता पर एक स्टडी की जा रही है।

### कार्बन प्रदूषण के नुकसान पर चिंताएं

वक्ताओं ने कहा कि पराली जलाने, डीजल से चलने वाली मशीनों, केमिकल फर्टिलाइजर के ज़्यादा इस्तेमाल और खेती के गलत तरीकों से पर्यावरण में कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा बढ़ रही है, जिससे जलवायु परिवर्तन, अनियमित बारिश, गर्मी में बढ़ोतरी और मिट्टी की उर्वरता में कमी आ रही है।

फगवाड़ा के एक प्रगतिशील किसान अवतार सिंह ने कम संसाधनों से खेती करके कार्बन क्रेडिट कमाने के अपने अनुभव साझा किए।

ह्यूमन डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट (NGO) के धनंजय कुमार ने रीजेनरेटिव एग्रीकल्चर पर रोशनी डाली।

ICRISAT और ILRI से जुड़े विशेषज्ञों ने फसल अवशेष मार्केट मॉडल पर अपने अनुभव साझा किए।

### मौसम, मिट्टी और कार्बन के बीच संबंध

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (IMD) के वैज्ञानिक सुरिंदर पाल ने मौसम और कार्बन फुटप्रिंट के बीच आपसी संबंध के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

GIS विशेषज्ञ डॉ. अनिल सूद ने रिमोट सेंसिंग के ज़रिए फसल अवशेष मैनेजमेंट की भूमिका पर चर्चा की।

पंजाब एग्रीकल्चरल यूनिवर्सिटी के पूर्व प्रोफेसर डॉ. राजीव ने कहा कि मिट्टी में ऑर्गेनिक कार्बन बढ़ाने के लिए फसल अवशेषों का सही



मैनेजमेंट बहुत ज़रूरी है।

कार्बन संरक्षण और युवाओं के लिए अवसर। डॉ. हरमीत कौर, डिप्टी डायरेक्टर, मैनेजमेंट डिपार्टमेंट PAMETI ने कम कार्बन वाले भविष्य के लिए ग्रीन जॉब्स और कार्बन फाइनेंस में युवाओं के लिए अवसरों पर चर्चा की।

पंजाब पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के इंजीनियर इंजी. रविंदर भट्टी ने कार्बन उत्सर्जन नियंत्रण पर जानकारी दी।

हरियाणा के डॉ. राजेश कथवाल ने चावल-गेहूं फसल चक्र और कार्बन क्रेडिट के बीच संबंध पर चर्चा की।

हरियाणा के लीड एग्रोनॉमिस्ट डॉ. नवीन कुमार ने कृषि में कार्बन क्रेडिट अपनाने में आने वाली चुनौतियों पर अपने अनुभव साझा किए, जबकि ADO जालंधर डॉ. विशाल ने ज़मीनी स्तर की स्थिति पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम के आखिर में खुली चर्चा के दौरान, सभी स्टेकहोल्डर्स इस बात पर सहमत हुए कि कार्बन प्रदूषण प्रबंधन और कार्बन क्रेडिट सिस्टम कृषि और पर्यावरण दोनों के लिए फायदेमंद साबित हो सकता है, बशर्ते इसे पॉलिसी और फील्ड लेवल पर लागू किया जाए। वक्ताओं ने चेतावनी दी कि अगर समय पर कार्बन उत्सर्जन को कंट्रोल नहीं किया गया, तो भविष्य में किसानों को अनियमित बारिश, सूखे, बाढ़ और फसल के नुकसान का सामना करना पड़ेगा। इसके साथ ही, इंसानी सेहत पर भी बुरा असर पड़ सकता है।

# बेंगलुरु के रियल एस्टेट कारोबारी की 'आत्महत्या' को लेकर कांग्रेस और भाजपा के बीच जुबानी जंग

बेंगलुरु- कर्नाटक के बेंगलुरु में रियल एस्टेट कारोबारी और 'कॉन्फिडेंट ग्रुप' के चेयरमैन सीजे राय की कथित आत्महत्या को लेकर शनिवार को राज्य में सत्तारूढ़ कांग्रेस और विपक्षी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) आमने-सामने आ गईं।

राय ने कथित तौर पर आयकर विभाग की छापेमारी के दौरान अपने कार्यालय में खुद को गोली मार ली थी।

आरोप है कि केरल की आयकर टीम की ओर से शुक्रवार दोपहर छापेमारी के दौरान राय ने आत्महत्या कर ली।

इस घटना के बाद कांग्रेस ने आयकर अधिकारियों पर उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए मामले की गहन जांच की मांग की, जबकि भाजपा ने आरोपों को खारिज करते हुए कर अधिकारियों का बचाव किया।

कांग्रेस प्रवक्ता एम लक्ष्मण ने राय से कथित व्यवहार पर सवाल उठाते हुए कहा, 'उन्हें तीन दिन तक बंद रखने और प्रताड़ित करने की क्या जरूरत थी?'

कर्नाटक के मंत्री प्रियंक खरगे ने केंद्रीय एजेंसियों पर व्यवसायों को निशाना बनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि देश में पिछले 10 वर्षों से यह एक चलन बन गया है।

उन्होंने कहा, 'आयकर विभाग, प्रवर्तन निदेशालय और जीएसटी अधिकारियों के जरिये कारोबारियों को परेशान किया जा रहा है। खासकर सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों से जुड़े उन लोगों को निशाना बनाया जा रहा है, जो केंद्र सरकार के आगे नहीं झुकते। यह हमारे राज्य में दूसरी या तीसरी ऐसी घटना है।'

कर्नाटक के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री एमबी पाटिल ने कहा कि आर्थिक अपराधों से जुड़े मामलों को अलग तरीके से देखा जाना चाहिए।

उन्होंने कहा, 'आर्थिक अपराधों को अन्य अपराधों की तरह नहीं देखा जाना चाहिए। इन्हें दिवानी मामलों की तरह निपटाया जाना चाहिए। सीबीआई और ईडी जैसी एजेंसियों को लाकर डर का माहौल बनाना उचित नहीं है।'

वहीं, कर्नाटक विधान परिषद में विपक्ष के नेता और वरिष्ठ भाजपा नेता चलावाड़ी नारायणस्वामी ने कांग्रेस के आरोपों को खारिज किया।

उन्होंने कहा, 'मैं राय की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करता हूं।'

आयकर विभाग का बचाव करते हुए उन्होंने कहा, 'अगर व्यवसायियों की जांच नहीं होगी, तो क्या आयकर विभाग आम लोगों की जांच करे? विभाग को अपना काम करने देना चाहिए।'

# पंजाब निवासी सीएम की योगशाला का भरपूर लाभ उठा रहे हैं

लुधियाना (सत्ता संदेश) – पंजाब सरकार ने नशों के विरुद्ध एक सशक्त अभियान शुरू किया है, जिसके तहत नशों के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए विभिन्न माध्यम अपनाए जा रहे हैं। कभी नाटकों के माध्यम से, कभी मुख्यमंत्री की टीम द्वारा आयोजित रैलियों के जरिए, तो कभी ÷पंजाबियों, जागो, नशे छोड़ो÷, ÷योग करो, स्वस्थ रहो÷ जैसे नारों के माध्यम से लोगों को प्रेरित किया जा रहा है।

इन्हीं प्रयासों को आगे बढ़ाते हुए पंजाब सरकार द्वारा ÷सीएम की योगशाला÷ के अंतर्गत प्रशिक्षित योग प्रशिक्षकों की सहायता से विभिन्न स्थानों पर योग कक्षाएं संचालित की जा रही हैं, जो समुदाय में स्वास्थ्य सुधार और कार्यक्षमता बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं।

हाल ही में जब जिला कोऑर्डिनेटर चंदन कुमार सत्यार्थी ने निरीक्षण के लिए लुधियाना का दौरा किया, तो उन्होंने देखा कि सीएम की योगशाला द्वारा विभिन्न स्थानों पर लंबे समय से निःशुल्क योग कक्षाएं नियमित रूप से चलाई जा रही हैं। ये कक्षाएं न केवल स्वास्थ्य लाभ प्रदान कर रही हैं, बल्कि लोगों में आपसी सद्भाव और सामुदायिक भावना को भी प्रोत्साहित कर रही हैं।

योग प्रशिक्षक अमनदीप कौर राम नगर, लुधियाना में विभिन्न स्थानों पर योग कक्षाएं करवा रही हैं, जैसे मानकवाल, भगवान नगर और प्रताप नगर आदि। जब कक्षाओं में भाग लेने वाले लोगों से बातचीत की गई, तो



सामने आया कि उन्हें अनेक स्वास्थ्य लाभ प्राप्त हो रहे हैं।

उदाहरण के तौर पर, शिप्रा जी, जिन्हें पहले अत्यधिक थकान और नींद न आने की समस्या थी, अब उच्च रक्तचाप से राहत महसूस कर रही हैं। गुरदीप कौर जी, जो लंबे समय से पूरे शरीर में दर्द और मूत्र संबंधी समस्याओं से पीड़ित थीं, उन्हें इन समस्याओं से राहत मिली है। शालू जी को हाई ब्लड प्रेशर और सर्वाइकल दर्द में आराम मिला है। पूनम जी की पीठ दर्द और जकड़न दूर हो गई है और उनका शरीर पहले से अधिक लचीला हो गया है।

मोनिका को घुटनों के दर्द, उच्च रक्तचाप और तनाव से राहत मिली है। रितु जी की पाचन प्रणाली में काफी सुधार हुआ है और उनका वजन कम हुआ है। जसविंदर कौर जी ने मानसिक क्षमता में वृद्धि महसूस की है। पूजा जी, जो लंबे समय से सर्वाइकल, पीठ दर्द, मासिक धर्म और थायरॉइड की समस्याओं से जूझ रही थीं, उन्हें भी काफी राहत मिली है। इंदरजीत कौर जी की पाचन संबंधी समस्याओं और रक्त संचार में सुधार हुआ है; जो पहले सुखासन में बैठने में असमर्थ थीं, अब आसानी से बैठ पा रही हैं।

भूपिंदर को उच्च रक्तचाप की समस्या थी, जबकि गैस की समस्या में सुधार हुआ है। शिखा महाजन, जिन्हें लगातार घुटनों में दर्द रहता था, उनका वजन कम हुआ है। पूनम को डॉक्टर ने आगे झुकने या अधिक चलने से मना किया था, लेकिन योग से उनकी स्थिति में सुधार हुआ है और अब वे अपने दैनिक कार्य कर पा रही हैं। रेशमा कुमारी को घुटनों, पीठ दर्द और थकान की समस्या थी, जो अब काफी हद तक कम हो गई है।

भावना जी को उच्च रक्तचाप था, वहीं सोनू जी का ब्लड प्रेशर अब सामान्य हो गया है और शुगर भी नियंत्रण में है। नमिता जी का वजन कम हुआ है और मासिक धर्म संबंधी समस्याओं में सुधार हुआ है। सुमन सिंगला को सर्वाइकल की समस्या में राहत मिली है और वजन भी कम हुआ है। ज्योति जी की थायरॉइड और घुटनों की समस्याएं ठीक हो गई हैं। गगन जी को टखने में दर्द था, जिसमें सुधार हुआ है। परमजीत कौर जी अब पहले से बेहतर महसूस कर रही हैं। रजनी जी की जकड़न कम हुई है और गुरदीप कौर को घुटनों के दर्द तथा उच्च रक्तचाप से भी काफी राहत मिली है। सीमा जी पहले अधिक वजन की समस्या से जूझ रही थीं, लेकिन अब उनका वजन नियंत्रण में है।

# यूपी कैबिनेट की बंगलादेश से विस्थापित हिंदू परिवारों के पुनर्वास को मंजूरी

लखनऊ (सत्ता संदेश)-उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल ने गुरुवार को पूर्वी पाकिस्तान (वर्तमान बांग्लादेश) से विस्थापित 99 हिंदू परिवारों के पुनर्वास को मंजूरी दी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई बैठक के बाद वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि ये परिवार मेरठ के मवाना क्षेत्र के नंगला गोसाई गांव में रह रहे थे और पुनर्वास राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के आदेशों के अनुपालन में किया जा रहा है। पुनर्वास योजना के तहत 50 परिवारों को कानपुर देहात की रसूलाबाद तहसील के भैंसाया गांव में 11.1375 हैक्टेयर (27.51 एकड़) भूमि पर बसाया जाएगा, जबकि 49 परिवारों को ताजपुर तरसौली गांव में 10.530 हैक्टेयर (26.01 एकड़) भूमि दी जाएगी। भूमि पुनर्वास विभाग के नाम दर्ज है। प्रत्येक परिवार को 0.50 एकड़ भूमि 30 वर्ष की लीज पर मिलेगी, जिसे 2 बार 30-30 वर्ष के लिए नवीनीकृत किया जा सकेगा। कैबिनेट ने अर्बन रिडेवलपमैंट पॉलिसी-2026 को मंजूरी दी, जिससे भवन मानचित्र स्वीकृति प्रक्रिया सरल होगी और विकास शुल्क संशोधित किए जाएंगे।

# इजराइल, भारत को एक रणनीतिक सांझेदार मानता है-इजराइली मंत्री

## भारत का गणतंत्र दिवस अब इजराइलियों के लिए भी एक विशेष दिन बना

नयी दिल्ली- (सत्ता संदेश)- भारत के 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में इजराइल के संस्कृति एवं खेल मंत्री मिकी जोहार ने कहा कि उनका देश नयी दिल्ली के साथ अपने संबंधों को अत्यधिक महत्व देता है और भारत को एक रणनीतिक सांझेदार मानता है। जोहार ने कार्यक्रम में मौजूद लोगों से कहा कि भारत का गणतंत्र दिवस अब इजराइलियों के लिए भी एक विशेष दिन बन गया है क्योंकि इसी दिन इजराइल ने सात अक्टूबर 2023 के हमास हमले के बाद गाजा से आखिरी बंधक के अवशेष बरामद करने की घोषणा की है। उन्होंने कहा, ''आज हमारे लिए भी एक खास दिन है। हमारे आखिरी बंधक रैन ग्विली के अवशेष स्वदेश वापस आ गए हैं। इस पर पूरे देश ने राहत की सांस ली है और यह आपके इस विशेष दिन के साथ जुड़ा है। मुझे लगता है कि यह हमारे देशों के बीच बेहतरीन संबंधों के लिए बहुत मायने रखता है। आपकी खुशी हमारी खुशी भी है।'' सात अक्टूबर 2023 को हुए एक बर्बर आतंकवादी हमले में हमास ने लगभग 1,200 इजराइलियों की हत्या कर दी थी और 251 लोगों को बंधक बना लिया था। जोहार ने लगभग 300 लोगों की सभा को संबोधित करते हुए कहा, ''भारत स्वतंत्रता, दृढ़ता और आत्मबल की कहानी वाला एक राष्ट्र है, जो बहुत से इजराइलियों को प्रेरित करता है। हमारे लिए इजराइलियों के लिए भारत एक अच्छे दोस्त से बढ़कर बहुत कुछ है। भारत एक ऐसा रणनीतिक साझेदार है जिस पर हम भरोसा कर सकते हैं।'' उन्होंने कहा, ''आज भारत और इजराइल के बीच बहुत कुछ समान है-सांझा हित और भविष्य के लिए समान दृष्टि। पिछले कुछ वर्षों में हमारे दोनों देशों के रिश्ते और व्यापक, गहरे तथा अधिक गतिशील हुए हैं।'' यरुशलम और नयी दिल्ली के बीच ''निरंतर उच्चस्तरीय यात्राओं'' का जिक्र करते हुए इजराइली मंत्री ने कहा कि यह महज कूटनीतिक औपचारिकता नहीं है बल्कि ''हमारे बीच करीबी संबंधों और सर्वोच्च स्तर पर हमारे रिश्तों को दिए जाने वाले महत्व का प्रतिबिंब है।'' इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने ''बहुत जल्द'' प्रधानमंत्री स्तर की यात्रा के संकेत दिए हैं, जो दोनों देशों के बीच बढ़ती भागीदारी को दर्शाता है। द्विपक्षीय संबंधों में प्रमुख घटनाक्रम को दिखाने वाला एक वीडियो प्रदर्शित किए जाने के बाद जोहार ने नेतन्याहू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बीच करीबी तालमेल को भी संबंधों के मजबूत होने का एक अहम कारण बताया। उन्होंने कहा, ''हमने प्रधानमंत्री नेतन्याहू एवं मोदी की तस्वीरें देखीं और हम उनके बीच दोस्ती देख सकते हैं। मुझे पता है कि इस रिश्ते ने हमारे देशों के बीच के संबंधों को मजबूत करने में बहुत मदद की।''

# फिर घुटनों पर आया पाकिस्तान

## टी20 वर्ल्ड कप के बायकॉट की धमकी के बीच कटाया कोलंबो का टिकट

इस्लामाबाद- पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने 2026 टी20 वर्ल्ड कप के बहिष्कार की अटकलों पर लगभग विराम लगा दिया है। बोर्ड ने अपनी टीम के 2 फरवरी की सुबह श्रीलंका के कोलंबो रवाना होने की पूरी तैयारी कर ली है। इससे यह साफ हो गया है कि न तो टूर्नामेंट का बहिष्कार होगा और न ही 15 फरवरी को भारत के खिलाफ होने वाले हाई-वोल्टेज मुकाबले से पाकिस्तान पीछे हटेगा। न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, पीसीबी से जुड़े सूत्रों ने बताया कि वर्ल्ड कप के लिए यात्रा कार्यक्रम पहले ही तय किया जा चुका है। ऐसे में बहिष्कार की बातों में कोई दम नहीं है। सूत्रों के मुताबिक, पीसीबी ने भारत में खेलने को लेकर बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड की सुरक्षा चिंताओं का समर्थन जरूर किया था, लेकिन इसके आगे जाना आईसीसी में अपनी स्थिति को कमजोर करना होता.गौरतलब है कि बीसीसीआई, पीसीबी और आईसीसी के बीच हुए त्रिपक्षीय समझौते के तहत 2027 तक भारत-पाकिस्तान के सभी



आईसीसी मुकाबले न्यूट्रल वेन्यू पर खेले जाएंगे। इस कारण पाकिस्तान के पूरे वर्ल्ड कप मैच, यहां तक कि फाइनल (यदि टीम क्वालिफाई करती है) श्रीलंका में ही होने हैं। एक अधिकारी ने सवाल उठाया, क्जब पूरा शेड्यूल श्रीलंका में है, तो फिर भारत के खिलाफ मैच या टूर्नामेंट के बहिष्कार का कोई आधार ही नहीं बनता। सूत्रों ने यह भी बताया कि पीसीबी चेयरमैन मोहसिन नकवी ने प्रधानमंत्री शहबाज़ शरीफ से मुलाकात में साफ किया था कि किसी भी फैसले से पाकिस्तान क्रिकेट का भविष्य सुरक्षित रहना चाहिए और आईसीसी व अन्य बोर्डों के साथ रिश्ते खराब नहीं होने चाहिए। अंदरूनी सूत्रों ने मीडिया में चल रही बहिष्कार की खबरों को अफवाह बताया और कहा कि भारत सरकार की ओर से पाकिस्तान में खेलने से इनकार का मतलब यह नहीं है कि न्यूट्रल वेन्यू पर भारत-पाकिस्तान मुकाबले नहीं हो सकते।

# ईशान के पहले टी20 शतक, अर्शदीप के पांच विकेट से भारत 46 रन से जीता

तिरूवनंतपुरम- ईशान किशन के पहले टी20 शतक ने स्थानीय सितारे संजू सैमसन की नाकामी की भरपाई कर दी और उनके साथ अर्शदीप सिंह ने पांच विकेट लेकर न्यूजीलैंड के खिलाफ शनिवार को पांचवें और आखिरी मैच में भारत को 46 रन से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई।

भारत ने श्रृंखला 4 . 1 से जीतकर अगले सप्ताह शुरू हो रहे टी20 विश्व कप की तैयारी पुख्ता कर ली ।

भारत के लिये ईशान ने 43 गेंद में 103 रन बनाये जिसमें छह चौके और दस छक्के शामिल थे । वहीं कप्तान सूर्यकुमार यादव ने 30 गेंद में चार चौकों और छह छक्कों की मदद से 63 रन की पारी खेली । दोनों ने करीब दस ओवर में 137 रन की साझेदारी की ।

न्यूजीलैंड की टीम जवाब में 19.4 ओवर में 225 रन पर आउट हो गई । भारत के लिये तेज गेंदबाज अर्शदीप ने 51 रन देकर पांच विकेट लिये ।



उन्होंने पहले दो ओवर में 40 रन दिये और टिम सीफर्ट का विकेट लिया लेकिन इसके बाद अगले दो ओवर में 11 रन देकर चार विकेट चटकाये । न्यूजीलैंड के लिये फिन एलेन ने 38 गेंद में 80 रन बनाये लेकिन लक्ष्य तक नहीं पहुंच सके । एलेन ने अर्शदीप को पहले ही ओवर में दो चौके और एक छक्का लगाया । इसके बाद अर्शदीप के दूसरे ओवर में चार चौके और एक छक्के समेतज 23 रन निकाले ।

वह बायें हाथ के स्पिनर अक्षर पटेल की गेंद पर आउट हुए जिन्होंने 33 रन देकर तीन विकेट लिये।

इससे पहले इस श्रृंखला में लगातार पांचवीं बार नाकाम रहे सैमसन (छह) की टी20 विश्व कप की उम्मीदों को करारा झटका लगा है ।वह लॉकी फर्ग्युसन की गेंद पर आउट हुए । अभिषेक शर्मा ( 16 गेंद में 30 रन ) ने शुरूआत तो अच्छी की लेकिन फर्ग्युसन की तेज रफ्तार गेंद पर विकेट गंवा बैठे ।

भारत का स्कोर पावरप्ले के बाद दो विकेट पर 54 रन था । इसके बाद सूर्यकुमार और ईशान ने मोर्चा संभाला । चोट के कारण चौथे टी20 से बाहर रहे ईशान ने मैदान के चारों ओर स्ट्रोक्स लगाये ।

उन्होंने फर्ग्युसन को एक्स्ट्रा कवर पर छक्का और चौका लगाकर दबाव बना दिया।

ईशान ने ईश सोढी को चौका लगाकर अपना अर्धशतक 28 गेंदों में पूरा किया । वहीं टी20 क्रिकेट में तीन हजार रन पूरे करने वाले सूर्यकुमार ने जैकब डफी को छक्का लगाकर 26 गेंद में पचासा पूरा किया ।

ईशान ने भी टी20 क्रिकेट में एक हजार रन पूरे कर लिये । उन्होंने सोढी को 12वें ओवर में चार चौके और दो छक्के लगाकर 29 रन दिये ।

इस बीच सूर्यकुमार को बायें हाथ के स्पिनर मिचेल सेंटनेर की गेंद पर टिम सीफर्ट ने स्टम्प आउट किया ।

ईशान ने 42 गेंदों में अपना शतक पूरा किया और सेंटनेर को छक्का लगाकर इस आंकड़े को छुआ।



# टी-20 वर्ल्ड कप से पहले पाकिस्तान की करतूत का पर्दाफाश

नई दिल्ली- (सत्ता संदेश)-भारत में 7 फरवरी से शुरू होने वाले टी-20 वर्ल्ड कप से पहले सोशल मीडिया पर निपाह वायरस को लेकर डर फैलाने की कोशिश सामने आई है। जांच में खुलासा हुआ है कि पड़ोसी देश पाकिस्तान से संचालित बॉट नैटवर्क के जरिए भारत के खिलाफ एक संगठित फर्जी नैरेटिव चलाया गया, जिसमें यह झूठा दावा किया गया कि भारत में निपाह वायरस का गंभीर प्रकोप है और इससे टूर्नामैंट खतरे में पड़ सकता है। डिजिटल विश्लेषण के मुताबिक, इस फर्जी अभियान में एक लाख से अधिक सोशल मीडिया अकाउंट्स सक्रिय पाए गए। इनमें-जनरेटेड तस्वीरों और एक जैसे संदेशों के जरिए ऐसा माहौल बनाया गया मानो भारत में स्वास्थ्य आपात स्थिति बन गई हो और टी-20 वर्ल्ड कप रद्द तक किया जा सकता है।

# रायबाकिना ने 2023 का बदला किया चुकता



मेलबर्न - एलेना रायबाकिना ने रविवार को यहां खेले गए ऑस्ट्रेलियन ओपन के फाइनल में विश्व नंबर एक आर्यना सबालेंका को हराकर अपना दूसरा ग्रैंड स्लैम खिताब जीत लिया।

मैच काफी कड़ा रहा और तीन सेट तक चला। रायबाकिना ने सबालेंका को 6-4, 6-4, 6-4 से हराकर सबालेंका के 2023 के खिताब का बदला चुकता किया।

सबालेंका ने कड़े मुकाबले में 12 बार रायबाकिना को ब्रेक करने का मौका दिया, लेकिन वह उनमें से सिर्फ चार बार ही सफल हो सकीं। वहीं रायबाकिना ने अपने मौकों का बेहतर उपयोग किया।

मैच के बाद रायबाकिना ने कहा कि यह जीत उनके लिए बहुत खास है। उन्होंने कहा कि सबालेंका के खिलाफ खेलना हमेशा चुनौतीपूर्ण होता है।

इस जीत के साथ रायबाकिना ने अपने करियर में एक और ग्रैंड स्लैम जोड़ लिया और वह विश्व रैंकिंग में भी ऊपर पहुंचेंगी।

# सिंधू ने बैडमिंटन एशिया टीम चैम्पियनशिप से नाम वापिस लिया



नयी दिल्ली -दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू ने आगामी बैडमिंटन एशिया टीम चैम्पियनशिप से नाम वापिस ले लिया जिससे अगले सप्ताह शुरू हो रहे टूर्नामेंट में भारत की पदक उम्मीदों को करारा झटका लगा है ।

पूर्व विश्व चैम्पियन सिंधू ने पैर की चोट के बाद हाल ही में कोर्ट पर वापसी की थी ।

एक सूत्र ने बताया ,'' सिंधू ने एशिया टीम चैम्पियनशिप से नाम वापिस ले लिया है ।''

सिंधू ने पिछले साल भी हैमस्ट्रिंग चोट के कारण बैडमिंटन एशिया मिश्रित टीम चैम्पियनशिप 2025 से नाम वापिस ले लिया था ।

# पूर्व क्रिकेटर ने सानिया मिर्ज़ा को बताई क्रिकेट छोड़ने की असली वजह

## ना रेस्पेक्ट मिल रही थी ना सपोर्टः युवराज सिंह

नई दिल्ली- युवराज सिंह ने जून 2019 में वनडे वर्ल्ड कप के बीच में संन्यास लेने का ऐलान किया था, अब उन्होंने उन बातों पर से राज का पर्दा उठाया है कि उनके इस फैसले की वजह क्या थी? युवराज ने कहा वो उस समय अलग-थलग महसूस कर रहे थे। उन्हें लग रहा था कि कोई उनके खेल का सम्मान नहीं कर रहा. युवराज सिंह ने 2019 में आईपीएल और इंटरनेशनल क्रिकेट दोनों से संन्यास ले लिया था। वे 2017 चैम्पियंस ट्रॉफी खेले थे लेकिन इसके बाद उन्हें बाहर कर दिया गया था। सानिया मिर्ज़ा संग युवराज ने 'सर्विंग इट अप विद सानिया' यूट्यब पॉडकास्ट में बात कर रहे थे।

सानिया ने उनसे इस दौरान हैदराबाद में डिनर के दौरान हुई मुलाकात का जिक्र किया। सानिया ने युवराज से पूछा उस दौर के बारे में बताइए जब आप पूरी क्षमता से से नहीं खेल पा रहे थे, तब आपके जेहन में क्या चल रहा था। युवराज ने कहा- सच कहूं तो उस समय मैं अपना गेम इंजॉय नहीं कर रहा था। मैंने तब खुद से सवाल किया कि आखिर क्यों खेल रहा हूं। मुझे ना तब सपोर्ट मिल रहा था और ना किसी का रेस्पेक्ट।तब मुझे लगा कि जब मैं आगे नहीं बढ़ पा रहा हूं तो खुद को जबरदस्ती क्यों खींचूं। जबकि इस गेम ने मुझे काफी कुछ दिया है।



जिस काम को करने में आनंद नहीं आ रहा उससे क्यों चिपका हुआ हूं। मुझे खेलने की जरूरत क्यों है। क्या साबित करना है। मैं शारीरिक और मानसिक तौर पर इससे ज्यादा नहीं कर सकता हूं. मुझे इससे तकलीफ हो रही थी। और जिस दिन मैं रुका उसी दिन मैं खुद को महसूस करने लगा। युवराज ने इस दौरान कहा कि जब लगा अब नहीं होगा तो उसी दिन क्रिकेट से रिटायरमेंट लेने का फैसला कर लिया। क्रिकेट के बाद गोल्फ से जुड़े अनुभव साझा करते हुए युवराज ने कहा कि यह खेल उनके लिए आजदी जैसा है। गोल्फ को उन्होंने एक ऐसा खेल बताया, जो वह सिर्फ अपने लिए खेलते हैं, किसी देश या टीम के दबाव के बिना। दोस्तों के साथ खेलने, हल्की-फुल्की प्रतिस्पर्धा और लंबे शॉट मारने का अहसास उन्हें क्रिकेट में लगाए गए छक्कों की याद दिलाता है। युवराज के मुताबिक, गोल्फ ने उन्हें मानसिक सुकून दिया और फिट रहने में भी मदद की।

44 साल के युवराज ने कहा कि उन्हें खेलना अच्छा नहीं लग रहा था। साथ ही सम्मान और साथ भी नहीं मिला। इससे संन्यास का फैसना लेना पड़ा। युवी ने सानिया मिर्जा के साथ बातचीत में कहा- मुझे अपने खेल में मजा नहीं आ रहा था। मुझे ऐसा लग रहा था कि जब अच्छा ही नहीं लग रहा है तो मैं यह खेल क्यों खेल रहा हूं। मुझे किसी का साथ नहीं मिल रहा था। मेरी इज्जत नहीं हो रही थी। और मुझे लगा कि मैं यह क्यों कर रहा हूं। प्रशासन या चयन समिति में जाने के सवाल पर युवराज ने कहा कि फिलहाल उनकी प्राथमिकता अपने बच्चों के साथ समय बिताना है। बच्चे अभी छोटे हैं और वह इस दौर को मिस नहीं करना चाहते। हालांकि उन्होंने माना कि भविष्य में आईपीएल में कोचिंग या मेंटरशिप जैसी भूमिका उन्हें आकर्षित करती है, क्योंकि युवा खिलाड़ियों के साथ बातचीत और मार्गदर्शन उन्हें पसंद है।

# राज्य की आम आदमी पार्टी सरकार एक बार फिर विवादों में घिरी

* सरकारी स्कूल राज्य की संपत्ति हैं, किसी एक राजनीतिक पार्टी की नहीं
* सरकारी स्कूलों को नीले-पीले रंगों में रंगने के फैसले ने नया विवाद पैदा किया

चंडीगढ़, (सत्ता संदेश)-राज्य की आम आदमी पार्टी सरकार एक बार फिर विवादों में घिर गई है। पंजाब सरकार द्वारा 852 सरकारी स्कूलों को नीले और पीले रंग में रंगने के फैसले ने नया विवाद खड़ा कर दिया है, क्योंकि ये रंग सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) के झंडे के रंग जैसे हैं। कुछ विपक्षी दलों ने इस कदम को आम आदमी पार्टी की %राजनीतिक ब्रांडिंग' बताते हुए कड़ी आपत्ति जताई है, जबकि सरकार इसे स्कूलों के सौंदर्यीकरण से जोड़कर देख रही है। डायरैक्टर जनरल ऑफ स्कूल एजुकेशन (डी.जी.एस.ई.) के आदेश के अनुसार, राज्य के 23 ज़िलों में स्थित मिडिल, हाई और सीनियर सैकेंडरी स्कूलों को पहले चरण में रंग-रोगन और कलर कोडिंग के दायरे में लाया जाएगा। इस योजना के लिए कुल 17.44 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं। आदेश के तहत स्कूलों की बाहरी दीवारों, बरामदों और गलियारों को 'एग कस्टर्ड' और 'एनामेल रैप्सडी' रंग में रंगा जाएगा, जबकि कक्षाओं की अंदरूनी दीवारों के लिए अलग रंग तय किए गए हैं। हालांकि, आदेश के साथ जारी तस्वीरों में स्कूलों की बाहरी संरचना नीले और पीले रंग में दिखाई दे रही है, जिसे लेकर सवाल उठाए गए हैं। आंकड़ों पर नजर डालें तो मुख्यमंत्री भगवंत मान के गृह ज़िले संगरूर में सबसे अधिक 102 स्कूल इस योजना में शामिल किए गए हैं, वहीं शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस के गृह ज़िले रूपनगर में 37 स्कूलों का रंग-रोगन किया जाएगा। इसके



अलावा अमृतसर में 84, लुधियाना में 70, पटियाला और फाज़िल्का में 63-63 स्कूल शामिल हैं, वहीं इस आदेश के बाद पंजाब सरकार निशाने पर आ गई है तथा आरोप लग रहे हैं कि 'आम आदमी पार्टी का पंजाब भर के सरकारी स्कूलों को अपनी पार्टी के झंडे के रंगों में रंगने का आदेश न केवल बेहद शर्मनाक है, बल्कि यह शिक्षा प्रणाली के लिए एक गंभीर खतरा भी है।' स्कूल और बच्चे किसी भी राजनीतिक पार्टी के प्रचार के साधन नहीं हैं। सरकारी स्कूल राज्य की संपत्ति हैं, किसी एक राजनीतिक पार्टी की नहीं।

## रंगों के नाम पर बच्चों को न बांटें पंजाब सरकार - परगट सिंह

चंडीगढ़ (सत्ता संदेश)-पूर्व शिक्षा मंत्री और विधायक परगट सिंह ने चेताया कि फ्लॉप एजुकेशन पॉलिसी के तहत सरकारी स्कूलों को पार्टी के झंडे के रंग में रंगकर पंजाब के लोगों मूर्ख बनाने का काम कर रही है। स्कूली बच्चों को बांटने की कोशिश की जा रही है। पंजाब सरकार जात-पात और रंग के भेद से बच्चों को न बांटें। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान को इस मामले में इंसानियत दिखानी चाहिए। परगट सिंह आज मीडिया के साथ जालंधर ईस्ट ब्लॉक के लाडोवाली रोड स्थित सरकारी गर्ल्ज सीनियर सैकेंडरी स्कूल पहुंचे। जहां उन्होंने सरकारी स्कूल की दीवारी पर किया गया आम आदमी पार्टी के झंडे के रंग का सबूत दिखाया। उन्होंने बताया कि इस स्कूल की दीवार को कुछ समय पहले ही बनाया गया था। इनको विभिन्न पेंटिंग्स से रंगा गया था, लेकिन नए फरमान के बाद इस स्कूल की दीवार को फिर से खर्च करके आप के झंडे के नीले-पीले रंग में रंग दिया गया है। परगट सिंह ने पंजाब के शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस को भी आड़े हाथों लेते हुए कहा कि बैंस बताएं कि कौन से एक्सपर्ट ने यह रंग सुझाया है, जबकि सबको पता है कि वो



एक्सपर्ट दिल्ली के हैं, जो पंजाब सरकार को बता रहे हैं कि कौन सा रंग करना है। पार्टी ने दिल्ली के 100 एक्सपर्ट पंजाब में छोड़ तो रखे हैं। उन्होंने कहा कि यह गुरुओं की धरती है, यहां इंसानियत की बात पहले होती है। उसके बाद सारी जातों और धर्मों की बात होती है। इस तरह बच्चों को न बांटा जाए ताकि पंजाब गुलदस्ता बना रहे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान को पंजाब के हितों की बात करनी चाहिए। उन्होंने फिर दोहराया कि मुख्यमंत्री मान साब कूची फेरने से शिक्षा व्यवस्था को मजबूत नहीं किया जा सकता। सरकार को स्कूलों में अच्छे टीचर भर्ती करने और बुनियादी ढांचे को मजबूत करने पर काम करना चाहिए। आज भी ज्यादातर स्कूल टीचर सड़कों पर धरने दे रहे हैं। 1159 सहायक प्रोफेसरों के जीवन को भी पंजाब सरकार ने अंधकार में डाल दिया है। पंजाब पहले ही देश के अन्य राज्यों के मुकाबले शिक्षा में पिछड़ चुका है। वह अन्य राज्यों का मुकाबला ही नहीं कर पा रहा है। शिक्षा क्रांति का उद्हारण देते हुए पूर्व शिक्षा मंत्री परगट सिंह ने कहा कि मनीष सिसोदिया 2020 में पंजाब में मॉडल स्कूल दिखा चुके हैं, लेकिन 2024 में इस स्कूल के 5 हजार बच्चों को दूसरे स्कूलों में शिफ्ट करना पड़ा। क्योंकि उस स्कूल की बिल्डिंग अनसेफ घोषित किया गया। यही आम आदमी पार्टी की शिक्षा क्रांति की सच्चाई है। सच यह भी है कि दिल्ली में भी शिक्षा मॉडल बने स्कूलों को गिराने की नौबत आ चुकी है।

# राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा- भारत ईरान नहीं, वेनेज़ुएला से तेल खरीदेगा



***अमेरिकी*** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को कहा कि भारत ईरान से तेल खरीदने के बजाय वेनेज़ुएला से तेल खरीदेगा। वॉशिंगटन डी.सी. से फ्लोरिडा जाते समय एयर फ़ोर्स वन में पत्रकारों से बातचीत में ट्रंप ने कहा, 'हम यह डील पहले ही कर चुके हैं, डील की रूपरेखा तय हो चुकी है।'

ट्रंप ने यह भी जोड़ा कि चीन का भी अमेरिका के साथ समझौता कर वेनेज़ुएला से तेल खरीदने के लिए स्वागत है।

### एपस्टीन फाइल्स ने फिर मचाया हड़कंप

# बिल गेट्स का रूसी महिलाओं से संबंध का जिक्र

जेफरी एपस्टीन जांच से जुड़े हाल ही में सार्वजनिक किए गए दस्तावेज़ों में माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स से संबंधित कुछ अपुष्ट आरोप सामने आए हैं। ये दस्तावेज अमेरिकी न्याय विभाग द्वारा जारी किए गए हैं।

आरोप 2013 में एपस्टीन द्वारा खुद को भेजे गए ड्राफ्ट ईमेल्स में दर्ज हैं। इन ईमेल्स में एपस्टीन ने दावा किया कि बिल गेट्स के रूसी महिलाओं के साथ यौन संबंध थे, जिससे उन्हें एक यौन संचारित रोग हो गया। एपस्टीन ने यह भी आरोप लगाया कि गेट्स ने एंटीबायोटिक्स हासिल करने की कोशिश की थी, जिन्हें उनकी तत्कालीन पत्नी मेलिंडा गेट्स को गुप्त रूप से दिए जाने की बात कही गई। हालांकि, इन सभी



दावों की कोई पुष्टि नहीं हुई है।

दस्तावेज़ जारी होने के बाद बिल गेट्स ने इन आरोपों को सिरे से खारिज किया है। गेट्स के प्रवक्ता ने बयान में कहा कि ये आरोप 'पूरी तरह बेतुके और बिल्कुल झूठे' हैं। प्रवक्ता के अनुसार, ये ईमेल्स एपस्टीन की उस नाराज़गी को दर्शाते हैं, जो गेट्स द्वारा उनसे संबंध समाप्त करने के बाद पैदा हुई, और इसे बदनाम करने की कोशिश बताया गया। अमेरिकी न्याय विभाग ने बताया कि उसने एपस्टीन मामले से जुड़े 30 लाख से अधिक पन्ने, 2,000 से ज्यादा वीडियो और 1.8 लाख तस्वीरें जारी की हैं। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि दस्तावेज़ों में किसी नाम का होना किसी भी तरह के अपराध या जानकारी की पुष्टि नहीं करता।

# चीन ने दिखाया दुनिया का पहला छठी पीढ़ी का फाइटर जेट

चीन - चीन ने दुनिया के पहले छठी पीढ़ी के फाइटर जेट की तस्वीर सार्वजनिक कर दी है। यह जेट बेहद आधुनिक, बड़ा और ताकतवर माना जा रहा है। इसे चीन की कंपनी चेंगदू एयरक्राफ्ट कॉर्पोरेशन विकसित कर रही है। जारी की गई तस्वीर में यह जेट टेकऑफ से ठीक पहले रनवे पर खड़ा दिख रहा है।



इस विमान की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसमें तीन इंजन लगे हैं। बीच वाला इंजन बाकी दो इंजनों से बड़ा है, जिससे इसे ज्यादा ताकत, स्पीड और लंबी रेंज मिलने की उम्मीद है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह डिजाइन दुनिया के किसी भी मौजूदा फाइटर जेट से अलग और बेहद उन्नत है।

मिलिट्री वॉच मैग्जीन के अनुसार, यूरोप में इस जेट को J-36 या J-XX कहा जा रहा है। माना जा रहा है कि इसका कॉन्फिग्रेशन बेहद एडवांस होगा। इसे दुनिया का सबसे बड़ा और सबसे खतरनाक फाइटर जेट बताया जा रहा है। इसकी अनुमानित रेंज लगभग 8,000 किलोमीटर हो सकती है। यह बिना रीफ्यूलिंग के 4,000 किलोमीटर से ज्यादा दूरी तक टारगेट पर हमला कर सकता है। प्रशांत महासागर के ऊपर लंबी दूरी की मिशन उड़ानों के लिए यह बेहद उपयोगी हो सकता है।

### अमेरिका के लिए बना था ऐसा इंजन – चीन ने अपनाया

यह विमान उन चार प्रोटोटाइप में से एक है, जिनके बारे में माना जाता है कि उन्होंने उड़ान परीक्षण शुरू कर दी है। दिलचस्प बात यह है कि इस तरह का एडवांस्ड एडेप्टिव इंजन पहले अमेरिका अपने F-35 फाइटर जेट को अपग्रेड करने के लिए बना रहा था, जिसे एडेप्टिव इंजन ट्रांजिशन प्रोग्राम कहा जाता था। लेकिन लागत बहुत ज्यादा होने के कारण अमेरिका ने इसे रद्द कर दिया।